संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 29 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी मीडिया से मुखातिब होते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 179 पृष्ठ: 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### वाटर सेस: सरकार ने अपना जवाब दाखिल किया

टीम एक्शन इंडिया/शिमलाजीत राम शर्मा

प्रदेश हाईकोर्ट में वाटर सेस अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं का राज्य सरकार ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को बताया गया कि पानी के उचित प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को नियम बनाने की शक्तियां प्रदान की हैं। प्रदेश के पानी के स्रोतों का सही प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार ने वैधानिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए वाटर सेस अधिनियम बनाया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश अजय मोहन गोयल की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 16 अगस्त को निर्धारित की है।

उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट के समक्ष भारत सरकार के उपक्रमों और निजी विद्युत कंपनियों ने वाटर सेस अधिनियम को चुनौती दी है। एनटीपीसी, बीबीएमबी, एनएचपीसी और एसजेवीएनएल ने दलील दी है कि केंद्र और राज्य सरकार के साथ अनुबंध के आधार पर कंपनियां राज्य को 12 से 15 फीसदी बिजली मुफ्त देती हैं। इस स्थिति में हिमाचल प्रदेश वाटर सेस अधिनियम के तहत कंपनियों से सेस वसूलने का प्रावधान संविधान के अनुरूप नहीं है। 25 अप्रैल 2023 को भारत सरकार ने पाया था कि कुछ राज्य भारत सरकार के उपक्रमों पर सेस वसूल रहे हैं। भारत सरकार ने राज्य के सभी मुख्य सचिवों को हिदायत दी थी कि भारत सरकार के उपक्रमों से वाटर सेस न लिया जाए इसके बावजूद भी राज्य सरकार केंद्र सरकार के निर्देशों की अनुपालना नहीं कर रही है। इससे पहले प्रदेश में निजी जल विद्युत कंपनियों ने भी हिमाचल प्रदेश वाटर सेस अधिनियम को चुनौती दी है। निजी जल विद्युत कंपनियों ने आरोप लगाया है कि पनबिजली परियोजना पर वाटर सेस लगाया जाना संविधान के प्रावधानों के विपरीत है।

### भाजपा आईटी सेल चीफ के खिलाफ एफआईआर

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय के खिलाफ कर्नाटक में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मालवीय पर कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि उन्होंने राहुल गांधी को एनिमेटेड वीडियो शेयर कर उन्हें हिंदू संस्कृति और भारत के खिलाफ दिखाया है।

# कैबिनेट: गन्ना किसानों को मोदी सरकार का तोहफा

## खरीद मूल्य 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया, एफआरपी को 315 रुपये प्रति क्विंटल पर मंजूरी

**सौगात**

**पीएम ने किसानों को हमेशा प्राथमिकता दी है। उसी के तहत आज गन्ने के मूल्य में वृद्धि की गई है**

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 2023-24 सीजन के लिए गन्ने का उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) 10 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर 315 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने चीनी सीजन 2023-24 (अक्टूबर-सितंबर) के लिए 10.25 प्रतिशत की मूल रिकवरी दर के लिए गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य (एफआरपी) को 315 रुपये प्रति क्विंटल पर मंजूरी दी। उन्होंने कहा कि 10.25 प्रतिशत से अधिक वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत वृद्धि के लिए 3.07 रुपये प्रति क्विंटल का प्रीमियम और वसूली में प्रत्येक 0.1 प्रतिशत की कमी के लिए एफआरपी में 3.07 रुपये प्रति क्विंटल की कमी को भी मंजूरी दी गई। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों को हमेशा प्राथमिकता दी है। उसी के तहत आज गन्ने के मूल्य में वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि आज गन्ना किसानों को पूरा भुगतान हो रहा है। ठाकुर ने कहा कि इस फैसले से 5 करोड़ गन्ना किसानों और उनके आश्रितों के साथ-साथ चीनी मिलों और संबंधित सहायक गतिविधियों में कार्यरत 5 लाख श्रमिकों को लाभ होगा।



कैबिनेट: केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी दी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

बुधवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में पीएम प्रणाम योजना को मंजूरी दे दी गई। पीएम प्रणाम योजना का उद्देश्य रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी के बोझ को कम करने के साथ साथ वैकल्पिक उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा देना है। इसके साथ केन्द्र सरकार अगले तीन साल में किसानों के कल्याण के लिए 3 लाख 70 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी।

## कैबिनेट : नेशनल रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना को मंजूरी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश में रिसर्च इको-सिस्टम को मजबूत करने के लिए संसद में नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) बिल 2023 पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज नेशनल रिसर्च फाउंडेशन बिल, 2023 को संसद में पेश करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। स्वीकृत विधेयक एनआरएफ की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करेगा जो अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) को बढ़ावा देगा और देश के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, अनुसंधान संस्थानों और आर एंड डी प्रयोगशालाओं में अनुसंधान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। संसद में मंजूरी के बाद विधेयक पांच वर्षों (2023-28) के दौरान 50,000 करोड़ रुपये की कुल



अनुमानित लागत पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सिफारिशों के अनुसार देश में वैज्ञानिक अनुसंधान की उच्चस्तरीय रणनीतिक दिशा प्रदान करने के लिए एक शीर्ष निकाय एनआरएफ की स्थापना करेगा। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) एनआरएफ का प्रशासनिक विभाग होगा जो एक गवर्निंग बोर्ड द्वारा शासित होगा। इसमें विभिन्न विषयों के प्रख्यात शोधकर्ता और पेशेवर शामिल होंगे। एनआरएफ का दायरा व्यापक है, सभी मंत्रालयों को प्रभावित करता है। प्रधानमंत्री इसके बोर्ड के पदेन अध्यक्ष होंगे और केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पदेन उपाध्यक्ष होंगे।

# यूनिफॉर्म सिविल कोड के समर्थन में आप





**आप की राय**

**सबकी सहमति से कानून बने; लॉ कमीशन के चेयरमैन बोले- लोगों से राय मांगी गई है**

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

यूनिफॉर्म सिविल कोड का आम आदमी पार्टी ने समर्थन किया है। आप के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा- हम यूसीसी का समर्थन करते हैं क्योंकि आर्टिकल 44 भी कहता है कि देश में यूसीसी होना चाहिए। हालांकि, इसके लिए सभी धर्म के लोगों, राजनीतिक पार्टियों और संगठनों से सलाह-मशविरा कर आम सहमति बनाई जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 जून को भोपाल में यूनिफॉर्म सिविल कोड देशभर में लागू करने की वकालत की थी।

इसके बाद कांग्रेस, असदुद्दीन आवैसी समेत विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश बताया था। मुस्लिम पर्सनल लॉ बॉर्ड ने भी मंगलवार को मीटिंग बुलाई और अपना पक्ष लॉ कमीशन के सामने रखने की बात कही। इधर, बुधवार को लॉ कमीशन के चेयरमैन जस्टिस ऋतुराज अवस्थी का भी बयान सामने आया।

**ओवैसी से लेकर थरूर तक ने दिए बयान**

असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, जब प्रधानमंत्री यूसीसी की बात करते हैं तो वह हिंदू नागरिक संहिता का जिक्र करते हैं। प्रधानमंत्री अनुच्छेद 29 को नहीं समझते हैं। यूसीसी के नाम पर देश की विविधता को कैसे छीना जा सकता है।

मुस्लिम मौलवियों की संस्था जेयूएच के सचिव, नियाज अहमद फारूकी ने कहा, यूसीसी पर पीएम के बयान लॉ कमीशन को प्रभावित कर सकते हैं। देश के प्रधानमंत्री होने के नाते, यह उनके कद के अनुरूप नहीं है।

# प्रिडेटर ड्रोन डील राफेल से बड़ा घोटाला: पवन खेड़ा

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले हफ्ते अमेरिका में थे। इस दौरान अमेरिका से 31 प्रिडेटर ड्रोन खरीदने की डील फाइनल हुई। कांग्रेस ने इस डील को राफेल से भी बड़ा घोटाला बताया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हम 31 प्रिडेटर ड्रोन 3.072 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 25 हजार 200 करोड़ रुपए में खरीद रहे हैं। यानी हम एक ड्रोन 812 करोड़ रुपए में खरीद रहे हैं, जबकि डीआरडीओ इसकी 10 से 20 फीसदी कीमत में ही ये ड्रोन बना सकता है।



**खेड़ा का आरोप- दोहरा रहे राफेल घोटाला:** खेड़ा ने कहा कि जो राफेल डील में हुआ था, वही प्रिडेटर ड्रोन की खरीद में दोहराया जा रहा है। जिस प्रिडेटर ड्रोन को दुनिया के बाकी देश चार गुना कम कीमत पर खरीद रहे हैं, उसे भारत अधिक कीमत पर खरीद रहा है। इस ड्रोन खरीद सौदे को 15 जून, 2023 को मंजूरी दी गई है। खेड़ा ने कहा कि मोदी सरकार राष्ट्रीय हितों को खतरे में डालने के लिए जानी जाती है, हमने राफेल सौदे में यह देखा है। सरकार ने 126 के बजाय केवल 36 राफेल जेट खरीदे।

**आरोप**

**एक ड्रोन 812 करोड़ रुपए में खरीद रहे हैं, डीआरडीओ इसकी 10 से 20 फीसदी कीमत में ही ये ड्रोन बना सकता है**

## ताइवान ने कही भारत से मजबूत रिश्तों की बात

टीम एक्शन इंडिया/ताइपे सिटी

चीन से चल रहे विवाद के बीच ताइवान ने भारत से मजबूत रिश्तों की बात कही है। ताइवान के विदेश मंत्री जौशीह जोसेफ वू ने कहा है कि मुक्त व्यापार समझौते से ताइवानी कंपनियों को भारत में विनिर्माण के आधार पर उद्योग स्थापित करने के लिए बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। विदेश मंत्री जोसेफ वू ने कहा कि ताइवान अब अपनी उन कंपनियों को प्रोत्साहित कर रहा है जिनको चीन का बाजार लाभदायक नहीं लगता है। ताइवान ने ऐसी कंपनियों से कहा है कि उन्हें उत्पादन सुविधाओं के लिए अपना कारोबार भारत में स्थानांतरित करना चाहिए।

# 'चीन ने जानबूझ कर तैयार किया कोविड-19 जैसा जैविक हथियार'

टीम एक्शन इंडिया/बीजिंग

पूरी दुनिया में कोरोना की महामारी फैलाने के लेकर चीन पर तमाम आरोप लगते रहे हैं। अब चीन के ही वुहान इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के एक शोधकर्ता ने दावा किया है कि चीन ने जानबूझकर कोविड-19 जैसा घातक जैविक हथियार तैयार किया। वुहान के शोधकर्ता चाओ शाओ ने चीन पर लोगों को संक्रमित करने का आरोप लगाया है। चौंकाने वाले खुलासे करते हुए चाओ शाओ ने कहा कि उनके एक सहयोगी शान चाओ के एक सीनियर ने उसे कोरोना वायरस के चार प्रकार दिए थे और परीक्षण कर पता लगाने के लिए कहा था कि उनमें कौन से ज्यादा प्रभावशाली है। कौन से वायरस में अधिक से अधिक प्रजातियों को संक्रमित करने की क्षमता है और वायरस से मानव सहित अन्य प्रजातियों को संक्रमित करना कितना आसान है। चाओ शाओ ने कोरोना वायरस को जैव हथियार बताया और एक बड़ा दावा करते हुए कहा कि उनके कई सहयोगी वुहान में 2019 सैन्य विश्व खेलों के दौरान गुम हो गए थे। बाद में उनमें से एक ने बताया कि वह विभिन्न देशों से आए एथलीटों की जांच के लिए होटलों में गए थे।



**दावा**

**वुहान के शोधकर्ता चाओ शाओ ने चीन पर लोगों को संक्रमित करने का आरोप लगाया है**

# मुंबई की सोसाइटी में बकरा लाने पर विवाद

टीम एक्शन इंडिया/मुंबई

महाराष्ट्र के मुंबई के मीरा रोड इलाके में विनय नगर सोसाइटी में एक परिवार दो बकरे ले आया। जैसे ही दो लोग बकरे लेकर लिफ्ट से निकले, तो लिफ्ट के पास लगे कैमरे में ये घटना कैद हो गई। वीडियो सामने आते ही सोसाइटी के नाराज लोगों ने प्रदर्शन किया। लोगों ने आरोप लगाया कि ये बकरे कुर्बानी देने के लिए लाए गए थे। पुलिस ने इस मामले में 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सोसाइटी के लोगों का कहना है कि सोसाइटी में नोटिस लगाया गया था कि बकरा लाने और कुर्बानी देने की इजाजत नहीं है।

इसके बावजूद दो लोग बकरे लेकर आए और लिफ्ट से उन्हें अपने घर ले गए।

# भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर पर जानलेवा हमला

टीम एक्शन इंडिया/ सहारनपुर

उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के देवबंद इलाके में भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद पर जानलेवा हमला हुआ है। वह दिल्ली से अपने घर सहारनपुर के छुटमलपुर कस्बे जा रहे थे। हरियाणा नंबर की कार से आए हमलावरों ने चंद्रशेखर पर 4 राउंड फायरिंग की। गोली उनके पेट को छूते हुए निकल गई। फायरिंग में आजाद की कार के शीशे भी टूट गए हैं। सीसीटीवी फुटेज में गाड़ी का नंबर



HR-70D-0278 दिख रहा है। चंद्रशेखर को देवबंद के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। यहां से शुरुआती इलाज के बाद सहारनपुर के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यहां उन्हें एक्स-रे कराने के बाद ICU में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के बाहर समर्थकों की भीड़ लगी हुई है। पुलिस ने इलाके को घेराबंदी कर हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश देना शुरू कर दिया है। वहीं देर शाम चंद्रशेखर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता शांति बनाए रखें और पुलिस प्रशासन का साथ दें। पुलिस जल्द ही हमलावरों को पकड़ लेगी। चंद्रशेखर भीम आर्मी के सह-संस्थापक और अध्यक्ष हैं। वह अंबेडकरवादी कार्यकर्ता और वकील हैं। आजाद, सतीश कुमार और विनय रतन सिंह ने 2014 में भीम आर्मी की स्थापना की थी।

**हमला**

**कार से आए हमलावरों ने की फायरिंग; पेट को छूते हुए निकली गोली, जांच जारी**

# ऑपरेशन थिएटर में हिजाब नहीं, लॉन्ग स्लीव जैकेट पहनने दें



टीम एक्शन इंडिया/तिरुवनंतपुरम

स्टूडेंट्स ने लेटर में लिखा है कि उन्हें अपनी धार्मिक मान्यताओं के तहत हर समय अपना सिर ढंकना पड़ता है और ऑपरेशन थिएटर के अंदर हिजाब पहनना संभव नहीं है। इसलिए उन्हें इसके बदले लॉन्ग स्लीव जैकेट और सर्जिकल हुड पहनने दें। 2020 MBBS बैच के एक स्टूडेंट के लिखे लेटर में 2018 बैच, 2021 और 2022 बैच के 6 स्टूडेंट्स ने भी साइन किए हैं। वहीं कॉलेज के प्रिंसिपल ने कहा- स्टूडेंट्स की मांग पर एक्सपर्ट्स कमेटी विचार करने के बाद फैसला लेगी।

**प्रिंसिपल ने कहा- टीम तय करेगी मांग पूरी करना संभव है या नहीं:** प्रिंसिपल डॉ. लिनेट जे मॉरिस ने कहा कि 26 जून को हमें स्टूडेंट्स का लेटर मिला है। वह इस मुद्दे पर चर्चा के लिए सर्जनों और इंफेक्शन कंट्रोल टीम की एक कमेटी बनाएंगी। टीम तय करेगी कि स्टूडेंट्स की मांग पूरी कर पाना संभव है या नहीं। हालांकि प्रिंसिपल ने छात्राओं को समझाया है कि स्क्रब जैकेट के साथ ओटी में जाना कितना मुश्किल हो सकता है क्योंकि हर बार जब वे ओटी में एंट्री लेते हैं तो उन्हें कोहनी तक अपने हाथों को साफ करना और इंफेक्शन फ्री करना होता है। इसके बाद गाउन पहनना होता है। इसलिए लंबी आस्तीन पहनने में समस्या हो सकती है। मॉरिस ने कहा कि ऑपरेशन थिएटर में हम जर्म्स फ्री वातावरण सुनिश्चित करने के लिए ग्लोबल स्टैंडर्ड फॉलो करते हैं। इसलिए मैं उनकी मांग पर कोई फैसला लेने की स्थिति में नहीं हूं।

**प्रतिबद्धता** मुख्यमंत्री ने स्टेट अलाइड एंड हेल्थकेयर काउंसिल के ऑनलाइन पंजीकरण एवं नवीनीकरण पोर्टल का शुभारम्भ किया

# ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट का मानदेय 10 हजार से बढ़ाकर 20 हजार हुआ

**इन्फ्यूजन**

**प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर कांसेप्ट पेपर तैयार किया जा रहा है**

टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने इन्दिरा गांधी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय आईजीएमसी शिमला में आयोजित अलाइड हेल्थ साइंस स्टूडेंट्स के वार्षिक समारोह इन्फ्यूजन-2023 के अवसर पर स्टेट अलाइड एंड हेल्थकेयर कॉउन्सिल के नवनिर्मित ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं नवीनीकरण पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस कॉउन्सिल का गठन हिमाचल प्रदेश पैरामेडिकल कॉउन्सिल का पुनर्गठन करके किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर कांसेप्ट पेपर तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में आउटसोर्स आधार पर कार्यरत ऑपरेशन थिएटर असिस्टेंट का मानदेय 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये करने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आउटसोर्स आधार पर कार्यरत पैरामेडिक्स के अन्य वर्गों का मानदेय भी बढ़ाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पोर्टल की मदद से हजारों अलाइड हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स को बहुआयामी लाभ मिलेंगे। प्रोफेशनल्स घर बैठे इस पोर्टल के माध्यम से काउंसिल में नए रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन, रजिस्ट्रेशन का नवीनीकरण, अनापत्ति प्रमाण पत्र, आवेदन तथा अन्य सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना अलाइड हैल्थकेयर प्रोफेशनल्स के सुधार के लिए तकनीक का उपयोग करने की प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



**'डिजिटल शक्ति से संपन्न समाज में बदलने में सहायता मिलेगी'**

ई-गवर्नेस की महत्वकांक्षी परियोजनाओं को पूरा करने और राज्य को डिजिटल शक्ति से संपन्न समाज में बदलने में सहायता मिलेगी। यह पोर्टल वैरिटेस इन्फोसोल्यूशन्स एडवांस टेक्नोलॉजी की मदद से बहुत ही सहज और प्रभावशाली ढंग से तैयार किया गया है।

## 2017 में सिद्धारमैया ने विरोध से डरकर प्रोजेक्ट रोका: शिवकुमार

टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु

कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा है, जब सिद्धारमैया पिछली बार कर्नाटक के मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने डर के चलते एक प्रोजेक्ट को रोक दिया था, मैं होता तो उसे पूरा करता। शिवकुमार ने बेंगलुरु के संस्थापक केंपेगौड़ा की जयंती के मौके विधानसभा में यह बयान दिया। उन्होंने कहा, 'मेरे पास टनल और फ्लाई-ओवर का निर्माण कराने की कई रिक्वेस्ट आती हैं। कई प्रोजेक्ट्स में चुनौतियों का सामना भी करना पड़ता है। 2017 में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और तत्कालीन बेंगलुरु डेवलपमेंट मिनिस्टर केजे जॉर्ज शहर में स्टील फ्लाईओवर के खिलाफ प्रदर्शन से डर गए थे।

# बहन बेटियों की तरफ बुरी नजर रखने वालों को किसी भी कीमत पर बशा नहीं जायेगा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने खान कॉलोनी में पहुंचकर एक समुदाय के शरारती युवकों से पीड़ित लड़की के घर पहुंचकर परिजनों से घटना की जानकारी ली और आश्वासन दिया कि बहन बेटियों की तरफ बुरी नजर रखने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा और इनका पक्का इलाज किया जायेगा ताकि भविष्य में किसी की ऐसी घंटना को अंजाम देने की हिम्मत ना हो, उल्लेखनीय है कि एक विशेष समुदाय के एक लड़के एवं उसके अन्य साथियों ने षड्यंत्र के तहत मिलकर एक हिन्दू लड़की की सगाई तुड़वाने के लिए लड़की के मंगेतर को लड़की के बारे में गलत संदेश भेजे थे और जब परिजनों ने इस बारे युवको से बातचीत की तो मस्जिद में चढ़कर पत्थर बरसाने शुरू कर



दिए जिससे राजकुमार सैनी बुरी तरह घायल हो गया जिसका पी० जी० आई० रोहतक में इलाज चल रहा है! राजीव जैन ने घायल का भी सही ढंग से इलाज करवाने का आश्वासन दिया! राजीव जैन ने बताया कि पीड़ित परिवार के साथ साथ कॉलोनी में रह रहे अन्य परिवार भी डर के साये में जी रहे हैं, पहले भी इन युवकों ने छोटी मोटी वारदात की थी तब पीड़ितों ने बात ना बढ़ाने के चक्कर में मामला दबा दिया जिससे अपराधियों के होंसले बढ़ते गए! उन्होंने बताया कि ऐसी शिकायतें मिली हैं कि कॉलोनी के बगल से गर्ल्स कॉलेज में आने जाने वाली लड़कियों पर भी यही युवक अश्लील फब्तियां कस्ते रहते थे! राजीव जैन ने पुलिस अधिकारीयों से आग्रह किया कि पीड़ित परिवारों की सुरक्षा एवं कॉलेज की लड़कियों से किसी भी तरह की छेड़छाड़ ना हो इसके लिए स्थायी तौर पर पी० सी० आर० गाड़ी खड़ी करवाई जाये। राजीव जैन को कॉलोनी वासियों ने बताया कि शरारती तथ्यों का इलाज नहीं हुआ तो हम कॉलोनी से पलायन करने पर विचार करने को विवश होंगे।

**सुरक्षा से खिलवाड़**

8 पीड़ित परिवारों की सुरक्षा एवं कॉलेज की लड़कियों से किसी भी तरह की छेड़छाड़ ना हो: राजीव जैन

## प्रतियोगिता के माध्यम से संस्कारों का प्रचार होगा



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
भारत विकास परिषद माधव शाखा द्वारा बाल शिविर का शुभारंभ शंभू दयाल मॉडर्न स्कूल के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला अधिकारी नरेश सरोहा का सहयोग भी रहा। मंच का संचालन सुनीता ढुल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया आने वाले 3 दिनों तक यह कैंप चलेगा जहां पर बच्चों को संस्कार पेंटिंग प्रतियोगिता गायन प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से संस्कारों का प्रचार प्रसार किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती संतोष राठी ने बच्चों को संस्कार के विषय में बताया उन्होंने कहा मोबाइल का सदुपयोग एवं दुरुपयोग दोनों हो सकते हैं। संतोष राठी ने कहा की हर एक बच्चे को अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। केवल माता-पिता ही हैं जो निस्वार्थ भाव से आपका भला चाहते हैं। केवल माता-पिता ही आपकी उन्नति देखकर खुश होते हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण का रहा

**बैठक**

8 विज ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अम्बाला लोकसभा में जगाधरी अनाज मंडी में आयोजित होने वाली भाजपा की गौरवशाली भारत रैली को लेकर बुधवार अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भाजपा पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान विज ने



पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने के दिशा-निर्देश दिए और बताया कि रैली को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर एवं अन्य संबोधित करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह रैली में अपनी उपस्थिति अधिक से अधिक संख्या में दर्ज करवाए ताकि इसे सफल बनाया जा सके। गौरतलब है कि रैली को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आमजन में जबरदस्त उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण का रहा है।

## जयप्रकाश बने व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** शहर के प्रसिद्ध उद्योगपति व धार्मिक प्रवृत्ति के जयप्रकाश सर्राफ को व्यापार प्रकोष्ठ का जिला संयोजक नियुक्त किया व कमलेश गोयल दोखेरा वाले को नारनौल नगर मंडल व्यापार प्रकोष्ठ नगर संयोजक नियुक्त किया। पार्टी के प्रति उनके समर्पण भाव को देखते हुए पार्टी कार्यालय में जिला प्रधान ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी और नियुक्ति पत्र दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने बताया कि जयप्रकाश अग्रवाल ने विभिन्न पदों पर रहते हुए उपप्रधान द नारनौल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन एवं मेंबर फ्हअ के पद का भी सफल कार्यकाल चल रहा है। नवनियुक्त व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक जयप्रकाश सर्राफ ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, नांगल चौधरी विधायक डॉ अभय सिंह यादव, जिला अध्यक्ष , प्रोफेसर रामविलास शर्मा पूर्व मंत्री, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष यादव व अटेली विधायक सीताराम यादव समेत पार्टी के शीर्ष पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

## सेवानिवृा आईपीएस ने अबाला में ओपन शेल्टर होम का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली से विशेष प्रतिवेदक महेश सिंगला सेवानिवृत्त आईपीएस के द्वारा निरीक्षण गृह अम्बाला एवं ओपन शेल्टर होम अम्बाला में निरीक्षण दौरा किया गया एवं बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का रिव्यू लिया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी कविता रानी द्वारा मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। निरीक्षण के दौरान महेश सिंगला ने बच्चों के रूम चैक किए तथा उन्हें दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उनके खाने-पीने, पढ़ाई-लिखाई, खेल-कूद आदि से सम्बन्धित जानकारी




प्राप्त की। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं नोडल अधिकारी ने उन्हें बताया कि यहां पर 12 जिलों के अंडर ट्रायल बच्चों को रखा गया है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती कविता रानी, डब्ल्यूसीडीपीओ और नोडल ऑब्जर्वेशन होम मीक्षा रंगा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी ममता रानी और सीडब्ल्यूसी अंबाला चेयरपर्सन रंजीता, सीडब्ल्यूसी सदस्य खुशपाल, एम.ओ. विनोद शर्मा, रेखा शर्मा, रजनी देवी, जेजेबी सदस्य टीना मित्तल और अधीक्षक राजेश कुमार / स्टाफ मौजूद रहे।

## 155 वें नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन 2 जुलाई को

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना महेन्द्रगढ़**
**यादव** धर्मशाला महेंद्रगढ़ के मुख्य सभागार में दिनांक 2 जुलाई रविवार को 155 वें निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन राहत ग्रुप महेंद्रगढ़ के तत्वाधान में किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया की निःशुल्क नेत्र जांच शिविर यादव सभा के पूर्व प्रधान एवं राहत ग्रुप के प्रधान डॉक्टर प्रेम राज यादव की अध्यक्षता में लगाया जाएगा। नेत्र रोगी प्रातः 8:00 बजे से अपने आधार कार्ड के साथ यादव धर्मशाला महेंद्रगढ़ के मुख्य सभागार में पंजीकरण हेतु पहुंचे। नेत्र रोगियों की जांच डॉक्टर जितेंद्र यादव, यादव नेत्र चिकित्सालय महावीर चौक नारनौल के चिकित्सको द्वारा की जाएगी।ऑपरेशन हेतु एशिया के प्रसिद्ध आई हॉस्पिटल के एल जालान राजकीय नेत्र चिकित्सालय भिवानी भेजा जाएगा।अब तक हजारों रोगियों ने अपनी नेत्र ज्योति प्राप्त की है। रात ग्रुप एवं यादव सभा डॉक्टर जितेंद्र यादव, यादव नेत्र चिकित्सालय महावीर चौक नारनौल का हार्दिक आभार व्यक्त करती है, इस पुण्य कार्य में सहयोग के लिए धन्यवाद भी करती है।

## ढोसी हिल्स पर बनने वाले रोप वे को लेकर डीसी ने ली बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण ढोसी हिल्स पर बनने वाले रोप वे को लेकर आज उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने लघु सचिवालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। इसका निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड (नेशनल हाईवे लाजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड) के तत्वावधान में निजी कंपनी (एसपीवी) द्वारा किया जाएगा। इस रोप वे की करीब 870 मीटर लंबाई होगी तथा इस पर लगभग 40 करोड़ रुपए खर्च होंगे। डीसी ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे



डिमांड के अनुसार जमीन लेने के लिए पंचायत विभाग को लिखें। जमीन का मालिकाना हक पंचायत विभाग के पास है। जमीन से संबंधित कार्रवाई पूरी होने के बाद वन विभाग सहित विभिन्न विभागों से एनओसी ली जाएगी। इसके बाद बिजली का अलग फीडर के लिए बिजली विभाग के एस्टीमेट अनुसार कार्यवाही करें।

**पर्यटन**

8 दोनों के बीच केबल कार चलेगी जिस पर बैठकर पर्यटक पहाड़ पर पहुंच सकेंगे

ढोसी पहाड़ की तलहटी के पास ही वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। पहाड़ की चोटी पर जाने के लिए रोप-वे बनाया जाएगा।
नीचे वैली स्टेशन बनेगा तथा ऊपर हिल स्टेशन बनेगा। इन दोनों के बीच केबल कार चलेगी जिस पर बैठकर पर्यटक पहाड़ पर पहुंच सकेंगे। इसके अलावा यहां पार्किंग तथा फूड कोर्ट भी बनाए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि ढोसी धाम पर नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड की टीम दौरा कर चुकी है। यह प्रोजेक्ट तैयार होने पर ढोसी हिल इस इलाके में बड़ा तीर्थस्थल के रूप में अपनी जगह बनाएगा।
इस बैठक में एसडीएम मनोज कुमार, राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड से कर्नल अनिल सेन, पर्यटन विभाग से सवित पानू के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे

## जन्मदिन पर जन सहायता केंद्र का किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** बुधवार को शहर के ठाकुरी देवी स्कूल के नजदीक स्टालवार्ट फाउंडेशन समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा लोगों के लिए जन सहायता केंद्र का शुभारंभ किया गया। जन सहायता केंद्र के मालिक रूद्र ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा हल्के की जनता के लिए जनहित में कार्य कर रहे हैं। उसको देखते हुए उन्होंने लाडवा के ठाकु री देवी स्कूल के नजदीक एक जन सहायता सेवा केंद्र खोला है। जिसका शुभारंभ समाजसेवी संदीप गर्ग के 54 में जन्मदिन के अवसर पर उनके द्वारा केंद्र का रिबन काटकर व केक काटकर शुभारंभ किया गया है। वहीं मौके पर पहुंचे समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि आजकल सरकार द्वारा सभी काम ऑनलाइन किया जा रहा है और कुछ लोगों के बीपीएल कार्ड कट गए हैं और पेंशन बुढ़ापा पेंशन आदि भी कट गई है। उन सभी लोगों को यहां इस केंद्र पर आकर अनेक प्रकार की सुविधाएं मिलेंगी और वह हमेशा लाडवा हलके की जनता के लिए सेवा करने पर तत्पर हैं और हमेशा करते भी रहेंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उनकी ओर से अनेक योजनाएं शुरू की जाएंगी। वहीं मौके पर मार्केट के लोगों ने समाजसेवी संदीप गर्ग का जन्मदिन केक काटकर मनाया।
मौके पर रुधर, प्रदीप, घनश्याम काम्बोज, इमना कटारिया, डॉ राज छाबड़ा, वैभव चावला, सौरभ शर्मा, रामकुमार जैनपुर आदि मौजूद थे।

**जन सहायता**

8 रूद्र ने कहा कि समाजसेवी संदीप गर्ग लाडवा हल्के की जनता के लिए जनहित में कार्य कर रहे हैं

## स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम समिति के सदस्य बने डा. नरेश

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय नीरपुर ( रेवाड़ी ) के कुलपति प्रो . जेपी यादव ने आज राजकीय स्नोतकोत्तर महाविद्यालय नारनौल के अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. नरेश यादव को पीजी बोर्ड ऑफ स्टडीज ( विश्वविद्यालय की स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम निर्धारण समिति ) का सदस्य मनोनीत



किया है। इस बोर्ड का मुख्य कार्य विश्वविद्यालय के अंतर्गत महाविद्यालयों के लिए अंग्रेजी विषय के पाठ्यक्रम को निर्धारित व निर्माण करना है। कॉलेज प्राचार्या डा. पूर्णप्रभा तथा समस्त स्टाफ सदस्यों ने डॉ. नरेश यादव को बधाई देते कहा कि नारनौल पीजी कालेज के लिए उनकी यह महत्वपूर्ण नियुक्ति गर्व का विषय मानी जायेगी।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर उपायुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल ।** इसे खबर का असर ही समझा जाएगा कि लगभग तीन महीने से किसान अपनी बर्बाद हो चुकी फसल की बीमा राशि के भुगतान को लेकर दर दर भटक रहे थे कि प्रमुखता से अखबार में बीमा भुगतान से जुड़ी खबर प्रकाशित होते ही ज़िला प्रशासन सक्रिय हो गया और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज लघु सचिवालय में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग तथा बीमा कंपनियों के अधिकारियों की बैठक ली। डीसी ने बीमा कंपनी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 3 जुलाई तक वे सभी बीमित किसानों का मुआवजा वितरित करें। ऐसा न करने की सूरत में कंपनी को भविष्य में ब्लैक लिस्ट करने के लिए मुख्यालय को लिखा जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से सभी कार्रवाई करने के बावजूद भी बीमा कंपनी मुआवजा वितरण का कार्य अभी तक लटकाए हुए है। यह बहुत ही गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि किसान पिछले दिनों ग्रीवेंस मीटिंग में भी अपनी बात रख चुके हैं। किसानों के साथ किसी भी प्रकार की नाइंसाफी नहीं होने दी जाएगी। अगर कंपनी तय समय में मुआवजा वितरित नहीं करती है तो सख्त कदम उठाए जाएंगे। उपायुक्त ने कहा कि जब हरियाणा सरकार की ओर से क्षतिपूर्ति पोर्टल के माध्यम से मुआवजा वितरित किया जा चुका है तो अभी तक कंपनी द्वारा क्यों नहीं दिया गया।

## आप कुरुक्षेत्र जिला इकाई ने बेरोजगारी को लेकर मुयमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिकः**
आम आदमी पार्टी जिला कुरुक्षेत्र ने जिला अध्यक्ष जगबीर सिह के नेतृत्व में हरियाणा में बढ़ रही बेरोजगारी को लेकर डी सी के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के नाम ज्ञापन सौंपा । जगबीर सिंह ने बताया की हरियाणा में एक लाख अस्सी हजार सरकारी नौकरी के पद खाली पड़े हैं जिनको हरियाणा की खट्टर सरकार तुरंत इन पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करें और सी ई टी पास सभी अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में बैठने का मौका दे। इस मोके पर प्रदेश सयुक्त सचिव डॉ. विशाल खुब्बड ने बताया कि पिछले दिनों में तीन लाख 57हजार युवाओं ने सी ई टी की परीक्षा पास की है ,यानी यह सभी सरकारी नौकरी में बैठने के योग्य है। अब सरकार की ओर से सभी अभ्यार्थियों को मौका नहीं दिए जाने और बार-बार परीक्षाओं को स्थगित करने टालने या पेपर लीक किए जाने से प्रदेश के युवाओं में जबरदस्त गुस्सा है। सरकार का सिर्फ 4 गुना



अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए आमंत्रित करना कानूनी व्यवहारिक दृष्टि से बिल्कुल गलत है। हरियाणा प्रदेश में बेरोजगारी पूरे देश में सबसे ज्यादा है जो हरियाणा दूसरे युवाओं को रोजगार देता था आज वही हरियाणा के युवा बेरोजगार घूम रहे हैं इस वक्त करीब पच्चीस लाख युवा बेरोजगार है 19 लाख 22 हजार युवा बेरोजगार 20 वर्ष से 24 वर्ष तक की उम्र के हैं हर तीन ग्रेजुएट युवाओं में से एक बेरोजगार है यह स्थिति किसी भी प्रदेश के लिए बेहद खतरनाक है और आने वाले इन रोजगार आंकड़ों से हरियाणा में त्राहि-त्राहि होने वाली है। खट्टर सरकार हरियाणा में बेरोजगारी की दर 6% बता रही है जबकि यह हरियाणा में 30% के लगभग है। कुरुक्षेत्र लोकसभा अध्यक्ष सुमित हिंदुस्तानी ने बताया कि जिस प्रकार हरियाणा में बीजेपी की खट्टर सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी की दर बढ़ती जा रही है। यह हरियाणा प्रदेश के लिए बहुत खतरनाक साबित होगी। पढ़े-लिखे युवा बेरोजगार होने से गलत काम जैसे नशा चोरी की लत में पड़ जाएगा और फिर उस बेरोजगार युवा को रोकना मुश्किल होगा। सरकार को तुरंत बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार स्थापित करने चाहिए। आम आदमी पार्टी मांग करती है की हरियाणा में जितने भी खाली पद हैं उनको तुरंत भरा जाए और सभी सी ई।टी पास अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा में बैठने का मौका दिया जाए, नहीं तो आने वाले समय में आम आदमी पार्टी हरियाणा के युवाओं के साथ सड़कों पर उतरेगी और खट्टर सरकार को घेरने का काम करेगी। अभी तुरंत युवाओं के रोजगार के लिए एक लाख अस्सी हजार पदों पर नौकरी के लिए तुरंत आवेदन मांगे जाए नहीं तो आम आदमी पार्टी बेरोजगार युवाओं के साथ सड़कों पर उतर कर बीजेपी की खट्टर सरकार का पुरजोर विरोध करेगी। इस मौके पर बीर सिंह, बाबूराम मथाना, रमेश लौटनी, समय सिंह, भारत बराड़, संजय चौधरी, प्रदेश सयुक्त सचिव प्रवीण चौधरी, रघुबीर चट्ठा, राजेश सैनी, रोहताश रंगा, मानसिंह रतनगढ़, जय भगवान चिब्बा, पुष्पा रानी, जोगा सिंह, आशा पठानिया, जरनैल सिंह, गोपाल मेहरा, रविंद्र नलवी, विक्रम मढ़ान, कृष्णा रोड, विकास तोमर आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

**विरोध**

8 सुमित हिंदुस्तानी ने बताया कि जिस प्रकार हरियाणा में बीजेपी की खट्टर सरकार की गलत नीतियों के कारण बेरोजगारी की दर बढ़ती जा रही

# अमृत सरोवर मिशन के तहत 98.60 % लक्ष्य पूरा

मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में तालाब प्राधिकरण तालाबों के जीर्णोद्वार के लिए तेजी से कर रहा कार्य, प्राधिकरण द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों का हो रहा सकारात्मक असर, वर्ष 2022-23 में तालाबों की जल क्षमता में 1594 करोड़ लीटर तथा रिचार्जिंग में 956 करोड़ लीटर की हुई वृद्धि

**जीवित**

▶▶ कुल 19487 तालाबों में से प्राथमिकता पर 11836 प्रदूषित तालाबों को पूर्ण जीवित करने का कार्य कर रहा है

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** सरकार ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए अमृत सरोवर मिशन के तहत 98.60 प्रतिशत लक्ष्य को पूरा कर लिया है। इस योजना के तहत प्रदेश में कुल 1650 अमृत सरोवर बनाए जाने हैं, जिनमें से कुल 1627 अमृत सरोवरों का निमार्ण पूर्ण हो गया है। इनमें 558 मॉडल पोंड तथा 1069 मनरेगा पोंड शामिल हैं। शेष अमृत सरोवरों के लक्ष्य को भी 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के कार्यकारी उपाध्यक्ष प्रभाकर कुमार वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व और उनके मार्गदर्शन में हरियाणा तालाब प्राधिकरण प्रदेश के सभी तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए कार्य कर रहा है। प्राधिकरण पॉन्ड डाटा मैनेजमेंट सिस्टम (पीडीएमएस) में उपलब्ध कुल 19487 तालाबों में से प्राथमिकता पर 11836 प्रदूषित तालाबों को पूर्ण जीवित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने अपने वार्षिक योजना वर्ष 2024-25 तक 6680 तालाबों के जीर्णोद्धार का लक्ष्य रखा है। उन्होंने बताया कि अमृत सरोवर मिशन के तहत प्रदेश के हर जिले में 75 अमृत सरोवर बनाए जाने हैं, जिसे 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अमृत सरोवर के कार्य को एक नई एवं अनूठी दिशा देते हुए इन्हें अमृत, अमृत+ एवं अमृत++ तीन चरणों में विभाजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि अमृत फेस के अंतर्गत अमृत सरोवर मिशन के चार मापदंडों के अनुसार सभी 1650 तालाबों को 30 जून तक पूर्ण किया जाना है।

अमृत+ फेस में पहले चरण में पूर्ण सभी सरोवरों को प्राधिकरण के आदर्श सरोवर के बाकि बचे सात मापदंडों के अनुसार 15 अगस्त 2023 तक पूरा किया जाना है। अमृत++ फेस में दूसरे चरण के अंतर्गत पूर्ण सरोवरों को प्रदेश के लिए आय का स्त्रोत बनाने की योजना है। इसके लिए मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार प्राधिकरण ने मत्स्य पालन विभाग तथा मिकाडा को प्रत्येक जिले में न्यूनतम 5 तालाबों का चयन कर 30 जून तक भेजने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही, पर्यटन विभाग को भी अमृत+ की सूची में से 25 एकड़ या उससे बड़े 15 सरोवरों को पर्यटन गतिविधि बढ़ाने हेतु कार्य करने को कहा गया है।





## तालाबों की जल क्षमताः रिचार्जिंग में 956 करोड़ लीटर की हुई वृद्धि

**प्रभाकर** कुमार वर्मा ने प्राधिकरण की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श तालाबों के कारण ग्रामीणों के जनजीवन में बदलाव आया है। आदर्श तालाबों के चारों ओर वृक्षारोपण के कारण पर्यावरण में भी सुधार हुआ है। मछली पालन, सूक्ष्म सिंचाई एवं पर्यटन योजनाओं के कारण प्रदेश को आय का स्त्रोत भी बनेगा। इतना ही नहीं, वर्ष 2022-23 में तालाबों की जल क्षमता में 1594 करोड़ लीटर तथा रिचार्जिंग में 956 करोड़ लीटर की वृद्धि हुई है। वर्ष 2023-24 और 2024-25 तक इनमें क्रमशः 6191 करोड़ लीटर एवं 3056 करोड़ लीटर वृद्धि का लक्ष्य है।
सिंचाई हेतु कैनाल के जल पर निर्भरता कम हुई है।
**जन भागीदारीता को बढ़ावा:** प्रभाकर कुमार वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण जन भागीदारी बढ़ाने हेतु गांवों में नुक्कड़ नाटक, जल संकल्प तथा जल आरती कार्यक्रमों की योजना के तहत प्रदेश के 11 जिलों के 22 गांवों के लोगों की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रहा है।

इसी क्रम में जन जागरण अभियान की योजना के तहत 2 जून, 2023 को हरियाणा के केन्द्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के विद्यार्थीयों, अध्यापकों के साथ, प्रोफेसर टंकेश्वर कुमार, उपकुलपति तथा डॉ राजेंद्र सिंह जल पुरुष की उपस्थिति में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को जल संरक्षण और तालाबों के रख-रखाव के लिए प्रेरित किया गया।

## चिकित्सा सेवा मानव जीवन में सबसे पावन कार्य : बंडारू दत्तात्रेय

**चंडीगढ़:** हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि स्वच्छ मन और स्वस्थ शरीर में परमात्मा का वास होता है और चिकित्सकों को भगवान का दर्जा दिया गया है, ऐसे में एक अच्छे चिकित्सा संस्थान के रूप में बाढ़सा कैंसर संस्थान देश ही नहीं बल्कि विदेशों में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है। राज्यपाल को बाढसा स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ऑडिटोरियम में डॉक्टर व फैकल्टी मेंबर्स से संवाद कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एम्स के निदेशक के श्रीनिवास,संस्थान निदेशक डा आलोक ठक्कर ने मुख्य मेहमानों का स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों पर बारीकी से प्रकाश डाला। पहले कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए विदेशों में जाना पडता था।

## वैदिक संस्कृति की रक्षा में गुरूकुलों का अहम योगदान :राज्यााल बंडारू



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बुधवार को रेवाड़ी मार्ग पर स्थित झज्जर गुरुकुल महाविद्यालय का दौरा करते हुए पुरातत्व संग्रहालय का अवलोकन किया। इस अवसर पर डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने माननीय राज्यपाल का स्वागत करते हुए गुरुकुल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस बीच राज्यपाल ने गुरूकुल परिसर में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि प्राचीन गुरुकुल की शिक्षा हमें अच्छे संस्कारों की ओर अग्रसर करती है,यही कारण है कि देश में गुरुकुलों का महत्व पहले की अपेक्षा बढ़ा है। हमें समाज सेवा की भावना गुरूकुलों से ही मिलती है। वैदिक संस्कृति की रक्षा के लिए गुरूकुलों का अहम योगदान है। गुरूकुलों ने देश की प्रगति में अपनी अहम भागीदारी की है। भारतीय संस्कृति में गुरूकुलों के माध्यम से आर्य समाज का प्रचार-प्रसार, गौ सेवा और युवाओं में ब्रह्चर्य की भावना को बल देते हुए चरित्रवान बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता रहा है। माननीय राज्यपाल ने कहा कि स्वामी ओमानंद ने अपने जीवन पर्यंत झज्जर गुरुकुल को नई दिशा देने काम किया ,जिनसे युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। साथ ही स्कूल और कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी इस संग्रहालय का लाभ उठाना चाहिए, जिससे उन्हें प्राचीन इतिहास की जानकारी मिलेगी। यह संग्रहालय अपने आप में अनूठा है इसकी जानकारी देश भर में होनी चाएिह। उन्होंने कहा कि स्वामी ओमानंद जी ने प्राचीन ऐतिहासिक कलाकृतियों जैसे दुर्लभ सिक्के, टेराकोटा, प्राचीन मूर्तियों, पांडुलिपियों आदि को एकत्रित करने के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।
इस संग्रहालय से वर्तमान और भावी पीढियों के लिए अपनी विरासत को प्रदर्शित करने का बेहतरीन प्लेटफार्म मिलेगा। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में आर्य समाज के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

## मोदी सरकार का कौशल विकास पर फोकस: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बाढ़सा गांव में ग्रामीणों , किसानों, ग्राम जनप्रतिनिधियों, छात्रों से सीधी संवाद करते हुए कहा कि मैं झज्जर में दो दिन के लिए आपकी बातें सुनने और जानने आया हूं। मेरे साथ हरियाणा भाजपा अध्यक्ष औमप्रकाश धनखड़ भी मौजूद हैं।

# सुविधाओं को प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने का किया जा रहा काम

बबली टोहाना की सब्जी मंडी में नए शैड के निर्माण के लिए भूमि पूजन कर शिलान्यास आमजन व व्यापरियों को संबोधित किया



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह ने कहा है कि सरकार द्वारा नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं को नागरिकों के घर - द्वार तक लाने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ - साथ टोहाना विधानसभा क्षेत्र की काफी समय से चली आ रही पुरानी माँगों को भी पूरा करवाने का काम किया है। विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली टोहाना की सब्जी मंडी में नए शैड के निर्माण के लिए भूमि पूजन कर शिलान्यास उपरांत आमजन व व्यापरियों को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर नागरिकों और व्यापारियों ने समारोह में पहुंचने पर कैबिनेट मंत्री का अभिनंदन किया। बबली ने कहा कि सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन की पुरानी मांग थी कि सब्जी मंडी में नए शेड का निर्माण करवाया जाए। शेड के निर्माण से रेहड़ी व चाय की दुकान लगाने वाले बहुत से लोगों को रोजगार मिलेगा। शेड के निर्माण से सब्जी मंडी में भीड़ से निजात मिलेगी एवं आढ़तियों व किसानों को भी लाभ होगा। पंचायत एवं विकास मंत्री ने कहा कि 60 साल बनाम 60 महीने के विकास कार्यो में साफतौर पर अन्तर देखा जा सकता है। टोहाना विधानसभा क्षेत्र के लंबे समय से बस स्टैंड की मांग को पूरा करवाते हुए अगले एक हफ्ते में टेंडर लगा दिया जाएगा। बहुत जल्द ही संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के नाम से बनने वाले मेडिकल कॉलेज का शिलान्यास भी किया जाएगा। टोहाना के नागरिक अस्पताल में डॉक्टरों की कमी को पूरा कर आधुनिक सुविधाए उपलब्ध करवाई गई ताकि नागरिकों को बेहतर इलाज मिल सके। सुरेवाला चौक से

## प्रधानमंत्री मोदी सबके साथ संतुष्टिकरण करते है ना की तुष्टि करण

**पानीपत:** देश तभी आगे बढ़ेगा जब सभी वर्गो का विकास होगा ऐसी योजनाएं लागू हो जिसमे किसी के साथ भेद भाव ना हो । प्रधान मंत्री मोदी यही कर रहे ह।उनकी योजनाओ में सबको बराबर लाभ मिलता है ।किसी के भी साथ क्षेत्र,जाती ,लिंग अथवा धर्म के आधार पर कोई भेद भाव ना हो। पूर्व की सरकारें ऐसे योजनाएं लाती थी जिनसे कुछ वर्गों का भला होता था और अधिकतर वंचित रह जाते थे।
ये घोर तुष्टिकरण होता है मोदी किसी का भी तुष्टिकरण नही करते अपितु सबका संतुष्टि कारण करते है ताकि समाज के सभी वर्गो को योजनाओ का लाभ मिल सके।



शहर के मॉडल टाउन में स्थित आर्य समाज मंदिर के परिसर में 21 लाख रुपये की लागत से मल्टीपरपज कम्युनिटी सेंटर का निर्माण किया जाएगा । जिसके निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रमोद कुमार विज और पानीपत नगर निगम कमिश्नर राहुल नरवाल ने नारियल तोड़ कर किया जाएगा।

# तीन मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करेगी: संजीव

**दक्षता**

▶▶ साथ-साथ अत्याधुनिक भंडारण और वेयरहाउसिंग समस्याओं का समाधान करेगा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार भारतमाला परियोजना राजमार्ग परियोजना के राष्ट्रीय गलियारा दक्षता सुधार प्रोजेक्ट के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी से तीन मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क स्थापित किए जाएगें। यह राज्य में लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे को विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। राज्य में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने के लिए आयोजित बैठक के दौरान, मुख्य सचिव, संजीव कौशल ने कहा कि राज्य सरकार पलवल जिले में दो और अंबाला जिले में एक उपयुक्त भूमि की पहचान कर रही है। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य की यह पहल आर्थिक विकास और निवेश को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण लॉजिस्टिक्स क्षमताओं को बढ़ावा देगी। लॉजिस्टिक्स उद्योग को बढ़ाने के लिए एक मजबूत बुनियादी ढांचा नेटवर्क स्थापित करने में सरकार के प्रयासों की सराहना करते हैं।
कौशल ने अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए परियोजना को अंतिम रूप देने के लिए कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिये। मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारतमाला परियोजना राजमार्ग परियोजनाओं के राष्ट्रीय गलियारा दक्षता सुधार प्रोजेक्ट के रूप में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के विकास के लिए देश भर में 35 स्थानों की पहचान की गई है। इस पहल के तहत, एनएचएआई के शत प्रतिशत स्वामित्व वाले स्पेशल पर्पज व्हीकल नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड को हरियाणा में तीन स्थानों पर मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित करने का काम सौंपा गया है। इनका प्राथमिक उद्देश्य परिवहन के विभिन्न तरीकों को एकीकृत करके निर्बाध रूप से इंटरमॉडल माल ढुलाई की सुविधा प्रदान करना है। यह सभी पार्क माल ढुलाई एकत्र और वितरण केंद्र के रूप में काम करेंगे, जिससे देश भर में माल की कुशल आवाजाही संभव हो सकेगी। मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क लॉजिस्टिक्स हितधारकों की कई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कस्टम क्लीयरेंस और आईटी जैसी मूल्यवान सेवाओं के साथ-साथ अत्याधुनिक भंडारण और वेयरहाउसिंग समस्याओं का समाधान करेगा।

# विश्वकर्मा कौशल विवि स्थाात करेगा लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**विश्वकर्मा** कौशल विश्वविद्यालय ,पलवल उत्तर भारत की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी स्थापित करेगा। इस एकेडमी में हर साल लगभग 3000 युवाओं को लॉजिस्टिक हब के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस परियोजना में टीवीएस लॉजिस्टिक कंपनी विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की भागीदार होगी। आज टीवीएस लॉजिस्टिक कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने पलवल में विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया और एकेडमी की स्थापना पर कुलपति डॉ. राज नेहरू के साथ बैठक की। इस बैठक में टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के रीजनल चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ऋषि दीवान और जोनल जनरल मैनेजर धीरज शर्मा शामिल थे। लॉजिस्टिक क्षेत्र में कुशल कामगारों की मांग को देखते हुए विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी स्थापित करने का निर्णय लिया है। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि यह रोजगार का बहुत तेजी से उभरता क्षेत्र है। लॉजिस्टिक क्षेत्र में ट्रेंड लोगों की कमी है। इस एकेडमी के माध्यम से लॉजिस्टिक कंपनियों के लिए बड़ी संख्या में युवाओं को ट्रेंड किया जा सकेगा। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस एकेडमी के माध्यम से आठवीं और दसवीं पास उन युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस हैं। उन्हें लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए लॉजिस्टिक सेक्टर की जरूरत के हिसाब से कोर्स डिजाइन किया जाएगा।



**नौकरियां**

▶▶ तीन हजार युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य, ड्राइविंग लाइसेंस धारक आठवीं दसवीं पास युवाओं के लिए खुलेंगे अवसर

# बिजली वितरण कंपनियों की सराहनीय पहल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के स्वप्न को साकार करते हुए हरियाणा के समस्त उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति की प्रतिबद्धता को दशार्ते हुए राज्य सरकार के निदेर्शानुसार बिजली वितरण कंपनियों की पहल पर लाल डोरा क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों को भी निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति की जा रही है। हरियाणा पॉवर यूटिलिटिज के अध्यक्ष पी. के. दास जी ने बताया कि लाल डोरा क्षेत्र के निवासियों के लिए विशेष अवसर प्रदान करते हुए इच्छुक उपभोक्ताओं हेतु आवेदन का अवसर प्रदान किया गया है। इच्छुक उपभोक्ताओं के लिए स्थानीय एस डी ओ कार्यालयों में आवेदन फार्म उपलब्ध करा दिया गया है। लाल डोरा क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ताओं के लिए 24 घंटे बिजली आपूर्ति हेतु विद्युत कंपनियों द्वारा ढांचागत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य हरियाणा के लाल डोरा क्षेत्र में उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराना है। हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में 27 जून, 2023 तक उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम क्षेत्र में बिजली की कुल खपत 411.11 एल.यु. है।

# जी-20-जुलाई माह के दौरान गुरुग्राम में होंगी दो बैठक

मुख्य सचिव संजीव कौशल ने केंद्र और प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ की जी-20 बैठकों की तैयारियों की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**जी-20 ग्रुप के** एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप और कृषि कार्य समूह की बैठकों की सफलतापूर्वक मेजबानी करने के बाद हरियाणा सरकार अब गुरुग्राम में जुलाई माह के दौरान दो ओर बैठकों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। जिनमें पहला कार्यक्रम स्टार्टअप 20 शिखर है जोकि औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) और भारत सरकार द्वारा हरियाणा सरकार के सहयोग से 3 और 4 जुलाई को गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा। जबकि दूसरा कार्यक्रम एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर सम्मेलन है। गृह मंत्रालय द्वारा यह कार्यक्रम 13 और 14 जुलाई को आयोजित किया जाएगा। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने आज राज्य और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में बताया कि 3 और 4 जुलाई को गुरुग्राम में होने वाले स्टार्टअप 20 शिखर के पहले कार्यक्रम में लगभग 800 प्रतिनिधिमंडलों के भाग लेने की संभावना है। जिनमें से अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको सहित रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका से जी-20 देशों के लगभग 250 विदेशी प्रतिनिधि होंगे। इस जी-20 स्टार्ट अप एंगेजमेंट ग्रुप कार्यक्रम में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों के भी भाग लेने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त, नौ देशों बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैंड, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।डीपीआईआईटी के सचिव राजेश कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग लेते हुए कहा कि स्टार्टअप 20 एंगेजमेंट ग्रुप वैश्विक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य को आकार देने के लक्ष्य के साथ भारत जी20 प्रेसीडेंसी के तहत काम करता है। जी 20 देशों और आमंत्रित देशों के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए, स्टार्टअप20 का उद्देश्य आर्थिक समृद्धि और सामाजिक प्रभाव के लिए स्टार्टअप की पूरी क्षमता को अनलॉक करते हुए नवाचार, सहयोग और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। दूसरे जी-20 कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताते हुए हरियाणा के मुख्य सचिव कौशल ने कहा कि एनएफटी, एआई और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा पर जी 20 सम्मेलन भी 13 और 14 जुलाई को गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य अपूरणीय टोकन (एनएफटी), आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मेटावर्स जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न चुनौतियों और अपराध और सुरक्षा पर उनके प्रभाव का समाधान करना है।
यह दुनिया भर के विशेषज्ञों, नीति निमार्ताओं और हितधारकों को सार्थक चर्चा में शामिल होने, अंतर्दृष्टि साझा करने और रणनीति विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।



## न्यूज फ्लैश

### सडकों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन गंभीर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सडकों** पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ओर अधिक गंभीर हो गया है, इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग और स्टेट हाईवे जैसी बड़ी सडकों पर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। सडकों पर स्पीड लिमिट के बोर्ड लगाने के साथ-साथ, वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए सीट बैल्ट और हेल्मेट की अनिवार्यता तथा अवैध कटों को बंद करवाया जाएगा। बुधवार को सडक सुरक्षा समिति की मासिक बैठक में उपायुक्त एवं समिति के अध्यक्ष अनीश यादव ने एजेंडा पर रिपोर्ट लेते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने सडक सुरक्षा से सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यकता अनुसार स्पीड ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप जैसे उपाय करने के निर्देश दिए और कहा कि ट्रैफिक पुलिस सडकों पर जागरूकता अभियान चलाएं। जरूरत से ज्यादा स्पीड पर वाहन चलाने वालों के अधिक से अधिक चालान किए जाएं। इंटाग्रेटिड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस (आई.आर.ए.डी.) की प्रोजेक्ट मैनेजर स्वाति गुप्ता की ओर एजेंडा में शामिल करवाए गए एक बिन्दू पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिए कि एक टीम बनाई जाए, जिसमें 709-ए हाईवे के परियोजना निदेशक, बी एंड आर के निदेशक, आरटीए के प्रतिनिधि, आर.एस.ए. तथा पुलिस विभाग के प्रतिनिधि शामिल हों। यह टीम करनाल-इन्द्री व करनाल-कैथल जैसे स्टेट हाईवे की विजिट करके इन मार्गों पर होने वाली दुर्घटनाओं के कारण क्या हैं और कैसे उनका समाधान किया जा सकता है, इस पर कार्य करें। उपायुक्त के पूछने पर स्वाति गुप्ता ने बताया कि बड़ी सडकों पर वाहन दुर्घटनाओं का मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग है। इसके लिए उपायुक्त ने मीटिंग में मौजूद डीएसपी ट्रैफिक नायब सिंह को निर्देश दिए कि एक विशेष अभियान चलाकर ओवर स्पीडिंग वाहनों के अधिक से अधिक चालान करें। इससे हादसों में कमी आएगी। आई.आर.ए.डी. की प्रोजेक्ट मैनेजर ने उपायुक्त को बताया कि जनवरी 2023 से मई 2023 तक जिला से गुजरते 6 स्टेट हाईवे पर 50 सडक दुर्घटनाए हुई हैं। ड्राईविंग और प्रशिक्षण अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य राकेश वत्स ने मीटिंग में बताया कि मई मास में उक्त सेंटर में ड्राईविंग लाईसेंस प्राप्त करने वाले आवेदकों के 920 ड्राईविंग टैस्ट लिए गए हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# 'अधिकारी सडकों के गड्ढों को तत्काल भरें'

## कष्ट निवारण समिति के सदस्यों को बैठक से पहले प्राप्त हो एजेंडा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल के** सांसद संजय भाटिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडकों के गड्ढों को तत्काल भरा जाना चाहिए। इससे हादसों का खतरा बना रहता है। कई बार इन गड्ढों की वजह से जान तक चली जाती है। उन्होंने कहा कि जिन सडकों के निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया में समय है, उन सडकों के गड्ढों को बिना विलंब भरना चाहिए। गड्ढे भरने का कार्य बारिश के सीजन में भी किया जा सकता है। सांसद भाटिया बुधवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में बोल रहे थे।

बैठक के दौरान सांसद संजय भाटिया ने सुझाव भी दिया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक का एजेंडा समिति के सदस्यों को पहले से दिया जाना चाहिए। ताकि वें अपने क्षेत्र के सवाल पर वहां की समस्या का अध्ययन करके आएं, यदि कोई अधिकारी बैठक के दौरान गुमराह करने की कोशिश करे तो सदस्य समिति को सच्चाई बता सके।



**आमजन की समस्या का हो तत्काल निवारण**: बैठक के दौरान सांसद संजय भाटिया ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन की समस्या का तत्काल निवारण होना चाहिए। अधिकारी यदि समय से अपने कार्यों को पूरा करें तो आम लोगों को कष्ट निवारण समिति की बैठक में आने की जरुरत न पड़े।

**पानी सप्लाई के ट्यूबवेल का निरंतर दौरा करें अधिकारी क्लोरीन का स्टॉक रजिस्टर हो मैंटेन : विधायक हरविन्द्र कल्याण**
जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण भी पहुंचे। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि जहां-जहां से पानी की सप्लाई की जाती है, वहां-वहां संबंधित विभाग के अधिकारी निरन्तर दौरा करें। इसके अतिरिक्त पानी में मिलाए जाने वाले क्लोरीन के स्टॉक का रजिस्टर भी मैंटेन किया जाए।
इसका स्टॉक रजिस्टर लगाया जाए। इसके साथ-साथ विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि सभी विभागों के विभागाध्यक्ष फील्ड विजिट जरुर करें।
उन्होंने भी सडकों के गड्ढे जल्द से जल्द भरने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

# जिला में स्थापित होंगी रियायती दरों की खाद्य कैंटीन: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**अंत्योदय आहार** योजना के तहत श्रमिकों के लिए जिला व उप मंडल स्तर पर रियायती दरों पर खाद्य या खाना उपलब्ध कराने वाली कैंटीन खोली जाएंगी। बीते श्रमिक दिवस पर मुख्यमंत्री हरियाणा की ओर से इस योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलो में उक्त कैंटीन खोलने की घोषणा की गई थी। बुधवार को उपायुक्त अनीश यादव ने अधिकारियों के साथ की गई एक मीटिंग में यह जानकारी दी।

उन्होंने मीटिंग में मौजूद एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम असंध मनदीप कुमार, हरियाणा रोडवेज के जीएम कुलदीप सिंह, कार्यकारी अभियंता प्रियंका सैनी तथा नगर पालिका सचिवों को निर्देश दिए कि वे उक्त कैंटीनो के लिए उपयुक्त जगहों/बिल्डिंगों की तलाश करें। जगह तलाश करने के बाद श्रम विभाग की ओर से ऐसी कैंटीने स्थापित की जाएंगी, जिनके माध्यम से श्रमिकों को 10 व 15 रुपये में भर पेट खाना मिलेगा। कैंटीनो का संचालन सैल्फ हैल्प ग्रुप की महिलाओं को दिया जाएगा। क्या है अंत्योदय आहर योजना- मीटिंग में उपायुक्त ने जानकारी दी कि हरियाणा बिल्डिंग एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड, श्रम विभाग हरियाणा के दायरे में काम कर रहा है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य राज्य में निर्माण श्रमिकों का कल्याण और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

# जोहड़ ओवरफ्लो व निकासी की समस्या का होगा समाधान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**कुंजपुरा** गांव के पूर्व में स्थित प्राचीन जोहड़ के सुधारीकरण की दिशा में जल्द ही राज्य सरकार कदम उठाने जा रही है। जोहड़ ओवरफ्लो होने और निकासी की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बुधवार को हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य तेजिंद्र सिंह तेजी कुंजपुरा पहुंचे और मौका मुआयना किया। ग्रामीणों को समस्या के समाधान का ठोस आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर पंचायत विभाग के कार्यकारी अभियंता परमिंद्र से फोन पर इस संदर्भ में बात कर उचित दिशा-निर्देश दिए। मां यमुना सेवा समिति के संरक्षक संत प्रेमपाल सागर ने समस्या से जुड़े एक-एक बिंदू से उन्हें अवगत कराया। तेजिंद्र सिंह तेजी ने कहा कि कुंजपुरा के इस जोहड़ के सुधारीकरण का पुनः प्रस्ताव प्राधिकरण के पास प्रक्रिया में है। प्रस्ताव रिवाइज होते ही तुरंत कार्य का टेंडर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य में करीब 19488 तालाब हैं। इनमें 18589 ग्रामीण तालाब और 899 तालाब शहरी क्षेत्र में हैं। करनाल जिले में करीब 743 तालाब हैं, जिनमें से करीब 400 का जीर्णोद्धार हो चुका है।

# एलजी इलैक्ट्रोनिक्स इंडिया ने करनाल में लगाया रक्तदान शिविर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**एलजी** इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने आज करनाल शहर में अपने राष्ट्रव्यापी मेगा रक्तदान ड्राइव के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस आयोजन ने एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स की कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया, जिसका उद्देश्य समाज पर सकारात्मक प्रभाव डालना है। विशिष्ट अतिथि अमित शर्मा और मुख्य अतिथि संजीव खुशवाहा के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने इस नेक काम को अपना समर्थन दिया। लाइफ्स गुड व्हेन लाइफ्स शेयर्ड की मुख्य थीम के तहत, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने सार्थक



हस्तक्षेपों को निष्पादित करके भारत में अपने 26 वर्षों के सफल संचालन का जश्न मनाने की योजना बनाई है। राष्ट्रव्यापी मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के माध्यम से एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया का उद्देश्य रक्तदान के महत्वपूर्ण महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को इस नेक पहल में सक्रिय रूप से शामिल होने के लिए प्रेरित करना है।

इस पर टिप्पणी करते हुए अमित शर्मा ने कहा कि यह मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव समाज के कल्याण के लिए हमारे अटूट समर्पण का प्रतीक है।

हमारा दृढ़ विश्वास है कि रक्तदान में एकजुट होकर, हम कई जीवन पर जीवन रक्षक प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। हमारी प्रतिबद्धता वर्तमान से आगे तक फैली हुई है, क्योंकि हमारा लक्ष्य इस पहल को लगातार आगे बढ़ाना है, जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना है।
उन्होंने बताया कि अधिकतम प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने व्यापक जन जागरूकता अभियान तैयार किया है। जनता को रक्तदान के कई लाभों के प्रति संवेदनशील बनाने और जीवन रक्षक प्रयासों में उनके योगदान को प्रोत्साहित करने के लिए रेडियो और डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ उठाया है। करनाल में एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स के कार्यालय ने मेगा ब्लड डोनेशन ड्राइव के तहत कल्पना चावला मैडिकल कालेज मे रक्तदान शिविर लगाकर 43 यूनिट रक्तदान करवाया।

# समस्याओं का समाधान टालने वाली सोच ठीक नहीं : अभिमन्यु सिंह

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री निवास पर बने कार्यालय में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निजी सचिव सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार को मुख्यमंत्री के निर्देश अनुसार जन समस्याओं के निराकरण के लिए खुला दरबार लगाकर आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान करवा रहे हैं।
एक फरियादी की शिकायत पर कार्यवाही न करने से उन्होंने एक लापरवाही बरतने वाले अधिकारी को पऊटकार लगाई।
उन्होंने कहा कि समस्या का



समाधान टालने वाली सोच ठीक नहीं, ये भविष्य को अंधकार की ओर धकेलता है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का हर हाल में निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादी को दिक्कत न हो। इसके साथ-साथ अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े।

# सरकार क्यों बच रही है जातीय जनगणना से : रमेश सैनी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महासचिव रमेश सैनी ने कहा है कि भाजपा की मोदी सरकार देश में जातीय जनगणना करवाए।
उन्होंने कहा कि आखिरकार मोदी सरकार जातीय जनगणना करवाने से क्यों बच रही हैं। उन्होंने बताया कि देश में लगातार पिछड़े वर्ग दलित समुदाय की संख्या बढ़ रही है। जनसंख्या के आाधर पर सत्ता और नौकरियों में भागीदारी होना चाहिए।
उन्होंने कहा कि सरकार को अब तक हुई जातीय जनगणना के आंकड़े उजागर करना चाहिए।

# 'गैर सरकारी सदस्यों की अधिकारी ध्यान से सुनें बात'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** के शहरी एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने स्थानीय पंचायत भवन में आयोजित जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता की और 17 मामलों में से 12 मामलों का मौके पर निपटारा किया तथा शेष 5 मामलों में पुनः जांच के आदेश दिए तथा इन मामलों को अगली बैठक तक के लिए लंबित रखने के निर्देश दिए।

बैठक में मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के गैर सरकारी सदस्यों द्वारा निजी व सार्वजनिक समस्याओं के बारे में अवगत कराया जाता है, उन्हें ध्यानपूर्वक सुनें तथा समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी जनता के सेवक हैं और वे सेवा की भावना से आम लोगों की समस्याओं का नैतिकता के आधार पर समाधान करें। इससे जहां लोगों की समस्याओं का समाधान होगा वहीं उन्हें आत्म संतुष्टि भी मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि आम जनता के साथ शालीनता का व्यवहार बनाए रखें और दफ्तरों में लोगों के बार-बार चक्कर न कटवाएं।

एजेंडे के अनुसार एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस कंपनी के विरूद्ध पाढा निवासी बलबीर सिंह ने प्रार्थना की कि बीमा पॉलिसी की कम से कम उनके द्वारा जमा करवाई गई राशि वापिस की जाए। इस पर जांच अधिकारी ने बताया कि पॉलिसी के नियम व शर्तें के अनुसार प्रीमियम की राशि वापिस करने का कोई प्रावधान नहीं है। इस पर मंत्री ने दरियादिली दिखाते हुए शाखा प्रबंधक को निर्देश दिए कि नियम व शर्तों से दूर हटकर नैतिकता के आधार पर बलबीर सिंह की कम से कम आधी राशि तो अवश्य वापिस करें। मंत्री ने इस मामले को अगली बैठक तक के लिए लंबित रखने के निदेश दिए।

# संस्कार, नैतिकता और धर्म के बिना शिक्षा का कोई अर्थ नहीं :

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
जैन धर्म के प्रमुख संत पंडित रत्न शास्त्री गुरुदेव ऊपेंद्र मुनि महाराज आज करनाल पहुंचे। उनका करनाल के सैक्टर 14 में स्थित जैन स्थानक में मतंगल प्रबेश करवाया गया। बारिश के बीच उन्होंने मंगल प्रवेश किया। उनकी अगवानी जैन समाज ने की। उनको श्री फल देकर सभी प्रबंद्धजनों ने सम्मन किया। जैन मुनि का स्वागत हनुमान गली वालों के साथ सैक्टर 14 सहित विभन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने किया।
इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए जैन मुनि ने कहा कि



आज राजनेता लोकनीति राष्ट्र नीति और राजनीति के साथ मूल्य भूल चुके हैं। उन्होंने कहा कि धर्म राजनीति के अधीन नहीं होना चाहिए। राजनीति और सत्ता धर्म के अधीन होती है तो समाज खुशहाल बना रहता हैं। वयोवृद्ध जैन संत ऊपेंद्र मुनि जी ने कहा कि जैन समाज ने ईश्वर बनने का रास्ता दिखाया हैं। जैन धर्म में कभी किसी ने अपने आपको भगवान नहीं कहा हैं। जैन धर्म में कहा गया है कि आम आदमी भी भगवान बन सकता हैं। इंसान से लेकर भगवान बनने की यात्रा को जैन धर्म ने बताया है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वस्थ्य के साथ धर्म को जोडना जरूरी है। जैन मुनि ने कहा कि आज लोग लोकाचार भूल गए हैं। पहले लोक नीति और लोकलाज को लोकराज से जोड़ते थे। अब ना तो राजनेताओं की नजर में लोकलाज रही न ही लोकनीति रही है। समाज में मयार्दा के साथ लिहाज खत्म होता जा रह है, जिसका असर राजनेताओं के आचरण में दिखई देता हैं। उन्होंने कहा कि आज गुरुओं और संतों को भी अपनी मयार्दा का ध्यान रखना होगा। जब तक संत एकजुट नहीं होंगे, तब तक समाज कैसे एकजुट होगा।

# सूर्य नमस्कार सभी आसनों में सर्वश्रेष्ठ : दिनेश गुलाटी

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**योग गुरु** दिनेश गुलाटी ने मेरा मिशन स्वस्थ भारत के अंतर्गत श्री कृष्णा मंदिर सेक्टर 14 में योग व प्राणायाम का अभ्यास करवाया। उन्होंने मिशन के अंतर्गत चलाए गए ढाई लाख सूर्य नमस्कार अभियान में हिस्सा लेने वाले साधकों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया।
योग शिक्षकों नवीन जिंदल, बरखा जिंदल, बीना सेठ ,वीना गोयल, ईशा धवन, ईशा मुंगिया, सोनिया, सहयोग शिक्षिका रितु और सभी साधकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

प्राणायाम के दौरान उन्होंने कहा कि योग जीवन का आधार है और योग करने से शरीर के सभी अंग स्वस्थ रहते हैं।
उन्होंने योग कक्षा में सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाते हुए बताया कि सूर्य नमस्कार सभी आसनों में सर्वश्रेष्ठ है। इसके अभ्यास से शरीर मन और आत्मा सबल होते हैं और शरीर ऊर्जा से पूर्ण हो जाता है। सूर्य नमस्कार में 12 आसनों का अपना महत्व है। इसके रोजाना अभ्यास से एकाग्रता बढ़ती है और मानसिक शांति का लाभ होता है। इससे कार्डियोवैस्कुलर स्वास्थ्य निखरता है।

# इंजीनियरिंग टीम जल भराव का निरीक्षण करने उतरी शहर में

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा के निर्देश पर बुधवार को निगम की इंजीनियरिंग टीम ने शहर में जाकर जल भराव की स्थिति का निरीक्षण किया और उस पर काबू पाने के प्रबंध किए। टीम का नेतृत्व अधीक्षण अभियंता श्याम सिंह ने किया।

इंजीनियर टीम ने हांसी रोड पर भगवाडि?ा गैस एजेंसी चौक, खेड़ा चौक, मीरा घाटी, मुगल कैनाल, ड्रेन नम्बर-1, हैरीटेज लोन, रेलवे रोड, बस स्टैण्ड रोड, मानव सेवा संघ अम्बेडकर चौक तथा राम नगर नाला जैसी जगहों का दौरा किया। खेड़ा चौक व भगवाडि?ा गैस एजेंसी चौक पर बरसाती पानी की



निकासी के लिए अतिरिक्त डीजल चालित जेनरेटर सेट रखवाए गए। मीरा घाटी स्थित इंटरमीडिएट पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया गया, जिसमें पानी की निकासी का फ्लो मुगल कैनाल की ओर से निर्बाध रूप से हो रहा पाया गया।
अधीक्षण अभियंता श्याम ङ्क्षसह के निर्देश पर राम नगर नाले की महर्षि दयानंद द्वार साईट पर पशु डेयरियों के नजदीक पानी निकासी में बाधा बनी एक स्लैब को तोड़ दिया गया। इस जगह पर 2 डीजल इंजन तथा 15 अश्व शक्ति की दो मोटरें व जेनरेटर सेट लगाकर जल निकासी करवाई गई।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि ड्रेन नम्बर-1 पर वैसे तो बरसाती पानी की निकासी हो रही थी। इस ड्रेन पर एक पीर बाबा की मजार पर जाने वाले कच्चे रास्ते को हटाया गया। इससे पानी का फ्लो तेज हो गया। बाबा की मजार पर जाने के लिए नगर निगम की ओर से लोहे का एक जाल तैयार करवाया गया है, जो कल गुरूवार तक लग जाएगा।

इंजीनियरिंग टीम ने रेलवे रोड का दौरा कर पानी निकासी के प्रबंध देखे। रेलवे रोड पर मधुबन स्टेशनरी के लिए बरसाती पानी जमा होने का कारण स्टेशनरी दुकान के आगे बड़ा रैम्प बाधा बन रहा था। इसे मौके पर ही तोडने की कार्रवाई शुरू की गई, देखते-देखते इकठ्ठा हुआ पानी आगे निकल गया।

## संपादकीय

# समय की प्रबल आवश्यकता है समान नागरिक संहिता

**मृत्युंजय दीक्षित**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार अब भारत देश के हित में लिया गया अपना एक और संकल्प पूरा करने की ओर अग्रसर है और यह संकल्प है समान नागरिक संहिता का। देश लम्बे समय से समान नागरिक संहिता कानून मांग रहा है, देश के न्यायालय भी ऐसा ही चाहते हैं और सबसे बड़ी बात है कि समान नागरिक संहिता संविधान सम्मत है। भोपाल में भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए आयोजित मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बात के संकेत दे दिये हैं कि अब सरकार समान नागरिक संहिता पर तीव्र गति से आगे बढ़ रही है और 2024 लोकसभा चुनाव से पूर्व ही संसद के आगामी सत्रों में सदन से पारित करवाया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एकदम साफ कहा कि कुछ विरोधी दल जो तुष्टिकरण करते हैं तथा मुस्लिम समाज को केवल अपना वोटबैंक समझते हैं वही यूनिफार्म सिविल कोड के नाम पर मुसलमानों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक घर में एक सदस्य के लिए एक कानून हो और दूसरे के लिए दूसरा हो तो घर चल पाएगा क्या? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा ? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार- बार कहा है कि कॉमन सिविल कोड लाओ लेकिन वोटबैंक की राजनीति करने वालों ने हमेशा इसका विरोध किया है। उधर देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पिछले दिनों एक कार्यक्रम में कहा था कि एक बड़ी व विदेशी साजिश के तहत समान नागरिक संहिता का विरोध किया जा रहा है। रक्षा मंत्री ने जो कड़े तेवर दिखाये है उससे भी यह संदेश जा रहा है कि अब समान नागरिक संहिता बहुत ही जल्द भारत का कानून बन जायेगा। सरकार समान नागरिक संहिता पर बहुत ही सतर्कता व तर्कों के साथ आगे बढ़ रही है ताकि उसका विरोध ठंडा हो जाये। यही कारण है कि सबसे पहले केंद्रीय विधि आयोग की ओर से समान नागरिक संहिता पर आम नागरिकों व धार्मिक संस्थाओं से संहिता के सन्दर्भ में उनके सुझाव व विचार मांगे गये हैं ताकि भारत के सभी नागरिकों, समाजों, पंथों और मजहबों, पर समान कानून लागू हो सके। आम जनता अपने मोबाइल, लैपटाप आदि के माध्यम से विधि आयोग की वेब साइट पर जाकर आने विचार साझा कर सकती है। विधि आयोग की यह पहल सार्वजनिक होते ही मुस्लिम तुष्टिकरण करने वाली सभी संस्थाओं नेताओं, सांसदों व विधायकों ने झूठ पर आधारित बयान देने की श्रृंखला प्रारम्भ कर दी है और यह अनवरत जारी है। भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही समान नागरिक संहिता उसके तीन मूल ध्येयों में से एक रहा है। 2014 से 2019 तक केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद अब तक वह दो प्रमुख ध्येय प्राप्त कर चुकी है । पहला अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि मुक्त हो चुकी है और वहां भव्य राम मंदिर का निर्माण प्रगति पर है और दूसरा जम्मू- कश्मीर से धारा -370 हट चुकी है और अब सरकार समान नागरिक संहिता पर आगे बढ़ रही है। वर्तमान में समान नागरिक संहिता कानून भारत के गोवा राज्य में लागू है जबकि गुजरात व उत्तराखंड में प्रक्रिया चल रही है।

# यूसीसी पर इशारों में सार्वजनिक मोहर लगी

**किशन भावनानी**

> साथियों बात अगर हम 27 जून 2023 को एक कार्यकर्तासम्मेलन में माननीय पीएम के संबोधन की करें तो उन्होंने मंगलवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार सामान्य नागरिक संहिता(यूसीसी) लाने के लिए कहा है। यूसीसी के नाम पर समुदाय विशेष को भड़काया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर एक परिवार में एक सदस्य के लिए एक कानून हो और दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या परिवार चल पाएगा? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा? भारत के प्रमुख शहरों को जोड़ने वाली पांच सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद चुनावी राज्य में कार्यकताओं को अपने संबोधन में पीएम ने ये बातें कही। देश को 28 मई, 2023 को एतिहासिक और नया संसद भवन मिला था पीएम ने इसे देशवासियों समर्पित किया था

**वैश्विक** स्तरपर भारत अंतरराष्ट्रीय और घरेलू स्तर पर दशकों से रुके हुए कार्यों को अंजाम दे रहा है जिसे देखकर न केवल घरेलू बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीतिज्ञ भी हैरान हैं।आर्टिकल 370, 35 ए, तीन तलाक कानून से लेकर राम मंदिर और अब यूसीसी पर तेजी से काम शुरू होने से इनकार नहीं किया जा सकता बल्कि नए संसद भवन में प्रथम बिल यूसीसी लाकरइतिहास भी रचा जा सकता है, जिसकी प्रक्रिया भारतीय विधि आयोग ने शुरू कर दी है और रही सहीकसर आज माननीय पीएम ने एक जनसभा में कंफर्म कर संभावनाओं पर विराम लगा दिया जो अब हकीकत होने जा रहा है। चूंकि दिनांक 27 जून 2023 को कार्यकर्ता सम्मेलन में पीएम ने यूसीसी मुद्दे पर इशारों इशारों में कन्फर्म मोहर लगा दी जिससे राजनीतिक क्षेत्रों में खलबली मच गई है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, समान नागरिक संहिता मुद्दे पर उच्च स्तरीय सार्वजनिक तौर पर इशारों में कंफर्म मोहर लगी।

साथियों बात अगर हम 27 जून 2023 को एक कार्यकर्तासम्मेलन में माननीय पीएम के संबोधन की करें तो उन्होंने मंगलवार को कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार सामान्य नागरिक संहिता(यूसीसी) लाने के लिए कहा है। यूसीसी के नाम पर समुदाय विशेष को भड़काया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर एक परिवार में एक सदस्य के लिए एक कानून हो और दूसरे के लिए दूसरा, तो क्या परिवार चल पाएगा? तो ऐसी दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चल पाएगा? भारत के प्रमुख शहरों को जोड़ने वाली पांच सेमी-हाई-स्पीड वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने के बाद चुनावी राज्य में कार्यकताओं को अपने संबोधन में पीएम ने ये बातें कही। देश को 28 मई, 2023 को एतिहासिक और नया संसद भवन मिला था पीएम ने इसे देशवासियों समर्पित किया था उसके बाद से चर्चा होने लगी थी कि इस एतिहासिक भवन से सरकार का कौन सा एतिहासिक बिल पास होगा। आज उसपर बहस पर पीएम ने विराम लगा दिया और इस बात पर एक तरह से इशारों ही इशारों में मुहर लगा दी है कि सामान्य नागरिक संहितापहला बिल होगा,एतिहासिक होगा।



साथियों बात अगर हम 27 जून 2023 को देर रात्रि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की आनन-फानन में बुलाई गई ऑनलाइन बैठा की करें तो, यह बैठक समान नागरिक संहिता पर पीएम के बयान के बाद बुलाई गई है। आर्टिकल लिखने तक यह बैठक जारी थी। इसके जरिए रणनीति बनाई जा रही है कि विधि आयोग के सामने मुस्लिमों के विचारों को मजबूती के साथ रखा जाए। इस ऑनलाइन बैठक में देशभर के सभी मुसलमान नेता हिस्सा ले रहे हैं।गौरतलब है कि पीएम ने मंगलवार को भोपाल में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की पुरजोर वकालत की। साथ ही सवाल किया कि दोहरी व्यवस्था से देश कैसे चलेगा? उन्होंने कहा कि इस संवेदनशील मुद्दे पर समुदाय विशेष को उकसाया जा रहा है। हमें याद रखना है कि भारत के संविधान में भीनागरिकों के समान अधिकार की बात कही गई है। उधर यूसीसी पर पीएम के रुख की सबसे पुरानी पार्टी और अन्य विपक्षी दलों ने आलोचना की। सबसेपुरानी पाटीर्ने मंगलवार को यूसीसी की जोरदार वकालत करने के लिए पीएम पर शाब्दिक हमला बोला और कहा कि उन्हें पहले देश में गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी के बारे में बात करनी चाहिए।पाटीर्के संगठन महासचिव ने कहा कि पीएम कुछ भी कह सकते हैं लेकिन उन्हें बेरोजगारी, महंगाई और मणिपुर जैसे देश के असली सवालों का जवाब देना होगा। एक अन्य पार्टी ने कहा कि पीएम को ऐसे मुद्दों को राजनीति का औजार नहीं बनाना चाहिए। इससे पूर्व एआईएमआईएम प्रमुख ने भी (यूसीसी) की वकालत करने के लिए पीएम पर शाब्दिक हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि वह समुदाय विशेष को निशाना बनाने के साथ यूसीसी लाना चाहते हैं। उन्होंने तीन तलाक और पसमांदासमुदाय पर टिप्पणी को लेकर भी पीएम की आलोचना की। और कहा कि भारत के पीएम अब समान नागरिक संहिता की चर्चा कर रहे हैं। क्या समान नागरिक संहिता के नाम पर बहुलवाद, विविधता को छीन लेंगे?

साथियों बात अगर हम 14 जून 2023 को भारतीय विधि आयोग द्वारा जारी नोटिसी करें तो चूंकि दिनांक 14 जून 2023 को भारत के 22 वें विधि आयोग द्वारा यूसीसी को लागू करने के संबंध में कंसल्टेशन रिपोर्ट बनाने के लिए पंजीकृत धार्मिक संस्थाओं और आम जनता से सुझाव विचार दर्ज.कराने का अनुरोध किया है ताकि इस कानून को लागू करने की ओर कदम बढ़ाए जा सके,सुझाव विचार दर्ज कराने की तारीख 13 जुलाई याने नोटिस के 30 दिनों के अंदर निर्धारित की गई है।

साथियों बात अगर हम यूसीसी को समझने की करें तो यूसीसी का मतलब धर्म और वर्ग आदि से ऊपर उठकर पूरे देश में एक समान कानून लागू करने से होता है। यूसीसी लागू हो जाने से पूरे देश में शादी, तलाक,उत्तराधिकार और अडॉप्शन जैसे सामाजिक मुद्दे सभी एक समान कानून के अंतर्गत आ जाते हैं, इसमें धर्म के आधार पर कोई अलग कोर्ट या अलग व्यवस्था नहीं होती।भारत के संविधान के आर्टिल 44 में ही यूसीसी को लेकर प्रावधान हैं।कहा गया है कि राज्य भारत की सीमा के भीतर नागरिकों के लिए यूसीसी की व्यवस्था सुनिश्चित कर सकता है।इस प्रावधान का मकसद धर्म के आधार पर किसी वर्ग विशेष के साथ होने वाले भेदभाव को खत्म करना बताया गया है।सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा है कि, यह गौर करना दिलचस्प है कि राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों से जुड़े भाग चार में संविधान के अनुच्छेद 44 में निमार्ताओं ने उम्मीद की थी कि राज्य पूरे भारत में समाननागरिक संहिता के लिए प्रयास करेगा। लेकिन आज तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है।अभी तक भारतीय नागरिक संहिता का मसौदा भी तैयार नहीं हो सका है। यही वजह है कि लोगों को इससे होने वाले फायदे के बारे में अब तक पता नहीं चल सका है। इसके लागू नहीं होने से अनेक समस्याएं हैं। उम्मीद है शीघ्र ही सरकार और सभी संबंधित पक्ष मिलकर इस समस्या का हल ही जल्द से जल्द निकालेंगे। अनुच्छेद 44 का उल्लेख कर कहा जाता है कि इसके तहत भारत में समान आचार संहिता लागू करने की ओर कदम बढ़ाया जाए। हालांकि यूसीसी को कई इस्लामिक देशों ने भी अपनाया है जैसे पाकिस्तान, टर्की, जॉर्डन, बांग्लादेश सीरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, इत्यादि देशों ने अपनाया हैं और कई विकसित देशों जैसे अमेरिका, आस्ट्रेलिया, फ्रांस, यूके, सहित अन्य देशों ने भी अपनाया है। हालांकि यूसीसी का विषय विधि आयोग के पास भी गया है।

साथियों भारत में अधिकतर व्यक्तिगत कानून धर्म के आधार पर तय किये गए हैं। हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध धर्मों के व्यक्तिगत कानून हिंदू विधि से संचालित किये आते हैं, वहीं मुस्लिम तथा ईसाई धर्मों के अपने अलग व्यक्तिगत कानून हैं। मुस्लिमों का कानून शरीअत पर आधारित है, जबकि अन्य धार्मिक समुदायों के व्यक्तिगत कानून भारतीय संसद द्वारा बनाए गए कानून पर आधारित हैं। अब तक गोवा एकमात्र ऐसा राज्य है जहाँ पर समान नागरिक संहिता लागू है।

साथियों मेरा यह निजी विचार है कि जब तक हम सभ सर्वधर्म,सर्व सम्मति, सर्वविचारधारा के साथ आपसमें मिलकरएकसकारात्मक सोच रख कर काम आगे बढ़ाएंगे तो हमें इस इन दोनों कानूनों को के रूप में एक अनुकूल रिजल्ट जरूर सामने मिलेगा।

## कविता

### हरियाणवी गीतिका

बैरा ना किस ढाळ कै,हो रये लोग
हर रोज बीज बिघ्न कै,बो रये लोग
हर चीज मिल्ये सै बजार म्ह,देखल्यो
फेर भी कमाळ हो रया,रो रये लोग
सारा का सारा ब्यौन्त बिगड़ लिया पर
फेर भी आंख मींचक्ये,सो रये लोग
ना सुत, ना कपास,जुलाहे लठ्ठमलठ्ठा
बात- बेबात झुठे झक,झो रये लोग
ळा-ळाक्ये क्रीम पौडर,साबण,तेळ,सेंट
अपणी असळी पिछाण,खो रये लोग
करतूत देखक्ये माणस की,न्यू लागै सै
आदम खाळ म्ह भेड़िए,हो रये लोग
इन्ने स्याणे कहवा अक बावलै कहवा
खुया किमैं ना फेर भी,टोह रये लोग
इसै इसै होग्ये सुआरथ माणस भीतर
चढा तवा देखक्ये रोटी,पो रये लोग
बेशक कोये जाओ भाड़ म्ह,मरदा मरो
पर आपणे त्यो धौणे सै,धो रये लोग
जात धर्म कै नाम पै देख तमाशा यार
एक दूजे नै आछी ढाळा,तौ रये लोग
बेशक जा लिए हों चाँद अर मंगल पै
माणसपण की बात म्ह,को रये लोग

कृष्ण कुमार

# कानून व्यवस्था सुदृढ़ होने के दावे

**निर्मल रानी**

**केंद्र व** लगभग सभी राज्य सरकारों के 'कानून व्यवस्था नियंत्रित' होने के तमाम दावों के बावजूद प्रायः ऐसी अनेक घटनायें सामने आती रहती हैं जो इन सरकारी दावों की धज्जियाँ उड़ा कर रख देती हैं। ऐसी ही एक घटना गत 24 जून 2024 को राजधानी दिल्ली के व्यस्ततम इलाके प्रगति मैदान की सुरंग के भीतर उस समय घटित हुई जबकि मोटरसाइकिल सवार चार बदमाशों द्वारा कार रुकवाकर एक डिलीवरी एजेंट और उसके सहयोगी से पिस्टल दिखाकर लगभग 2 लाख रुपये लूट लिये गये। जिस समय लूट की घटना अंजाम दी जा रही थी उस समय इस सुरंग में ट्रैफिक चल रहा था। सुरंग में लगे सी सी टी वी कैमरे में लूट की दुस्साहसिक घटना रिकार्ड हुई। इस घटना ने देश के लोगों को स्तब्ध कर दिया कि जब प्रधानमंत्री,केंद्रीय गृह मंत्री के निवास व कार्यालय तथा सर्वोच्च न्यायालय के बिल्कुल करीब इस तरह की घटना अंजाम दी जा सकती है फिर दूर दराज के या सन्नाटे इलाकों में किसी व्यक्ति की सुरक्षा की भला क्या गारंटी ? गौरतलब है कि राजधानी दिल्ली की पुलिस व्यवस्था दिल्ली में निर्वाचित सरकार होने के बावजूद केंद्र सरकार के पास ही है। और दिल्ली पुलिस देश की आधुनिक व चौकस पुलिस फोर्स के रूप में गिनी जाती है। परन्तु आश्चर्य की बात यह है कि जो पुलिस प्रदर्शनकारी हजारों किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने का साहस रखती हो,जो पुलिस महिला खिलाड़ियों को जंतर मंतर से दिल्ली के नवनिर्मित संसद भवन पर महिला पंचायत करने से रोकने की क्षमता रखती हो आखिर उसी पुलिस से अपराधी इतना बे खौफ कैसे हो गये कि सरे शाम दिल्ली के इतने हाई फाई व संवेदनशील इलाके में कार रुकवा कर पिस्टल की नोक पर इतनी दुस्साहसिक लूट कर डाली। हालांकि दिल्ली पुलिस ने इस सम्बन्ध में पहले दो कथित आरोपियों को गिरफ़्तार करने और बाद में उनकी निशानदेही पर दो और कथित आरोपियों को गिरफ़्तार भी कर लिया है। फिर भी लूट की इस घटना के बाद दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ,अन्य विपक्षी दलों तथा कांग्रेस पार्टी ने भी भाजपा सरकार की कार्यकुशलता पर सवाल खड़ा किया है। सोशल मीडिया पर भी यह लूट चर्चा का विषय बानी हुई है। दिल्ली के मुख्य मंत्री अरविंद केजरीवाल ने तो दिल्ली के उपराज्यपाल से इस्तीफा देने की मांग तक कर डाली। केजरीवाल ने कहा कि- 'अगर उनसे दिल्ली नहीं संभल रही तो हमें सौंप दें। हम उन्हें बताएंगे कि दिल्ली में अपराध को कैसे रोका जा सकता है'। इसी तरह उत्तर प्रदेश की सरकार भी अपराध पर नियंत्रण करने का जोर शोर से दावा करती है। आये दिन राज्य में होने वाली पुलिस मुठभेड़ों के द्वारा भी यही सन्देश देने की कोशिश की जाती है कि राज्य में गुंडों व उनकी गुंडागर्दी को सहन नहीं किया जायेगा।

## विचार

# नये युग के कैरियर विकल्प

**विजय गर्ग**

**दशकों प**हले कैरियर पेशेवर डॉक्टरों, इंजीनियरों, वकीलों और सरकारी नौकरियों तक ही सीमित थे, जिसका विस्तार कई विज्ञान और वाणिज्य विकल्पों तक हो गया है। हालाँकि, इस 'करियर परिवर्तन' का सबसे रोमांचक हिस्सा इसका भविष्य है। अब क्या, आगे क्या? आज सबसे अधिक मांग वाली नौकरियाँ पाँच साल पहले भी अस्तित्व में नहीं थीं, और जो 10 साल बाद अस्तित्व में आ सकती हैं, वह अपने आप में काफी रोमांचकारी है। हालाँकि, जैसा कि हम सपने देखते हैं कि भविष्य में हमारी करियर यात्रा में क्या हो सकता है, आइए उन करियर पर नजर डालें जो परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। नए जमाने के करियर विकल्प 1- एथिकल हैकिंगः कई बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ संगठन की संवेदनशील और गोपनीय जानकारी की सुरक्षा के लिए एथिकल हैकर्स को नियुक्त करती हैं। जबकि व्यवसाय आज डिजिटल हो रहा है, और नुकसान चाहने वाले किसी भी व्यक्ति तक असीमित पहुंच है, अधिक डेटा अभिभावकों को किले, या आप जानते हैं, एक सर्वर की आवश्यकता है। 2- ई-रिटेलः फ्लिपकार्ट और अमेजॅन ने हमारे खरीदारी के तरीके को बदल दिया है। ई-रिटेलरों की बाजार के बारे में अपनी जानकारी का उपयोग करने और खरीदारी के पहले से ही सुखद अनुभव को और अधिक खुश करने की मांग है। 3- ग्राफिक डिजाइनिंगः आजकल कोई भी पाठ पढ़ना पसंद नहीं करता है, हर कोई स्पष्ट, सीधे चेहरे वाली जानकारी पसंद करता है, जो आंखों को भाती है। कोई आश्चर्य नहीं, ग्राफिक डिजाइनर संचार में अगली बड़ी चीज हैं। 4- रचनात्मक लेखनः ग्राफि क डिजाइनिंग के सहयोगी क्षेत्र में, रचनात्मक लेखक ऐसी सामग्री विकसित करते हैं जो पाठक को जोड़ती है, संलग्न करती है और उसका ध्यान खींचती है। 5- ऐप डेवलपमेंटः ऐप डेवलपर ऐसे सॉफ़्टवेयर बनाने के लिए प्रोग्रामिंग का उपयोग करते हैं जो क्लाइंट की आवश्यकताओं से मेल खाते हैं और उनके व्यवसायों के कामकाज को सरल बनाते हैं। 6- शादी की फोटोग्राफीः तस्वीरों के माध्यम से यादें जीवन भर बनी रहती हैं। चूँकि शादियाँ जीवन से भी बड़ी होती जा रही हैं, तो तस्वीरें क्यों नहीं होनी चाहिए? 7- समीक्षा करनाः किसी नए उद्यम के लिए स्थिति बनाने या बिगाड़ने के लिए एक सोशल मीडिया पोस्ट ही काफी है। समीक्षक विभिन्न उद्यमों द्वारा पेश किए गए उत्पादों और सेवाओं की समीक्षा करते हैं, जिनमें भोजन, गैजेट, यात्रा और बहुत कुछ शामिल हो सकते हैं। 8- ब्लॉगिंगः एक ब्लॉगर ऐसे ब्लॉग पोस्ट विकसित करता है जो दर्शकों से जुड़ते हैं। वे आम तौर पर आत्म-अभिव्यक्ति का माध्यम होते हैं, जहां ब्लॉगर अपनी राय, विश्वास और समझ व्यक्त करते हैं, लेकिन कुछ संगठनों के लिए भी लिखते हैं, जहां वे व्यवसाय और उसकी पेशकशों के बारे में विस्तार से बताते हैं। 9- सोशल मीडिया प्रबंधनः मार्केटिंग के बुनियादी सिद्धांतों में से एक है "जो दिखता है, वो बिकता है", सोशल मीडिया मैनेजर इसी पर काम करते हैं, और आपके उत्पादों को वर्चुअल स्पेस में ब्रांड करते हैं, क्योंकि जब दुनिया ऑनलाइन है, तो आपका व्यवसाय क्यों नहीं होना चाहिए? 10- फैशन स्टाइलिंग और पर्सनल शॉपिंगः फैशन स्टाइलिस्ट और व्यक्तिगत खरीदार, दो काम करते हैं - वे ग्राहक की शैली का आकलन करते हैं, और फिर कपड़े और सहायक उपकरण ढूंढने के लिए खरीदारी की होड़ में निकल जाते हैं जो उन पर अच्छे लगेंगे। आइए प्रादा के बारे में बात करें, दोस्तों! 11- छवि परामर्शः यह समझना हमेशा से मानवीय आवश्यकता रही है कि हम अन्य लोगों के सामने कैसे दिखते हैं, और हम खुद को बेहतर इंसान बनने के लिए कैसे परिष्कृत कर सकते हैं। छवि सलाहकार सिर्फ काम करते हैं। वे लोगों के साथ आंतरिक स्तर पर आत्मविश्वास निर्माण, संवारने, शारीरिक भाषा और संचार पर काम करते हैं, ताकि उनका बाहरी आत्म अधिक आश्वस्त हो। 12- डांस थेरेपीः नृत्य एंडोर्फिन जारी करने में मदद करता है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# महिलाओं से आकाश छीनता पितृसत्ता विश्वास

**डॉ प्रियंका सौरभ**

**पितृसत्ता** एक सामाजिक व्यवस्था है, जिसमें प्रभुत्व और विशेषाधिकार के पदों पर मुख्य रूप से पुरुषों का वर्चस्व है। यह अनिवार्य रूप से जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे नैतिक अधिकार, सामाजिक विशेषाधिकार, निर्णय लेने, संपत्ति पर नियंत्रण और राजनीतिक नेतृत्व में पुरुष वर्चस्व की एक प्रणाली है। महिलाओं की अधीनता कई मायनों में स्पष्ट है, निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में, जहां महिलाओं को उन अधिकारों और उन चीजों तक पहुंच से वंचित रखा जाता है, जो पुरुषों के लिए आसानी से उपलब्ध हैं। इसने अतीत की लंबी प्रथाओं और महिलाओं की अधीनता के कारण समकालीन समय में भारत में मध्यवर्गीय कामकाजी महिलाओं की स्थिति में बाधा उत्पन्न की है। भारतीय समाज में पितृसत्तात्मक दृष्टिकोण के अस्तित्व के कारण देखें तो पहले, महिलाओं को एक पुरुष-प्रधान, पितृसत्तात्मक समाज व्यवस्था, पुरानी पारंपरिक मान्यताओं के पालन, और इसी तरह के परिणामस्वरूप कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। महिलाओं की जिम्मेदारियां बच्चे पैदा करने और बच्चों के पालन-पोषण जैसे पारंपरिक कार्यों तक ही सीमित थीं। उदाहरण के लिएः मनु स्मृति के अनुसार, विवाह को कभी भी तोड़ा नहीं जा सकता, तलाक की कल्पना नहीं की जा सकती थी और विधवाओं को पुनर्विवाह की अनुमति नहीं थी। जाति व्यवस्था ने भारत में, पितृसत्ता और जाति व्यवस्था के बीच गठजोड़ को ऐतिहासिक रूप से शोषक और परस्पर एक दूसरे के आहार के रूप में पाया गया है। समाजीकरण की प्रक्रिया में पितृसत्तात्मक मूल्यों और विचारों का एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरण होता है। समाजीकरण, समाज के मानदंडों और विचारधाराओं को आत्मसात करने की प्रक्रिया है। समाजीकरण की यह प्रक्रिया समाज में पितृसत्ता के सामान्यीकरण का आधार बनाती है।

परिवारों और विवाह में, पितृसत्ता सूक्ष्म रूप से परिलक्षित होती है, जैसे कि बहू पहली व्यक्ति होती है, जिससे घर के कामों में मदद की उम्मीद की जाती है। बहू को नौकरी पर रखना चाहिए या नहीं, इस पर नियंत्रण और यदि हां, तो पेशे के चयन अधिकार भी पति और ससुराल वालों के पास होता है।

## कचरा प्रबंधन

**डॉ. सुरेश कुमार**

**कुछ लोग** सपनों में घर बनाते हैं। और कुछ लोग जमीन पर। सपनों में घर बनाने वाले सपने में इसलिए बनाते हैं क्योंकि वे जमीन पर नहीं बना सकते हैं। ऐसे लोग देश के विकास में काम आए न आए लेकिन विकास उनके आड़े कतई नहीं आता है। मुश्किल तो उन लोगों से है जो लोग जमीन पर घर बनाते हैं। जमीन पर घर बनाने वाले प्रायः यही सोचते हैं कि घर तो अपने रहने की जगह है और सड़क कचरा फेंकने के लिए। कुछ लोग सड़क का व्यापक अर्थ निकालते हैं। उनके लिए बाहर शब्द का अर्थ इसी का परिचायक है। इसलिए ऐसे लोगों को के लिए कचरा फेंकने के लिए सारी दुनिया कचराकुंडी लगती है। उन्हें लगता है कि बाहर कचरा फेंकने का उन्हें पूरा अधिकार है। वे आसमान में भी कचरा फेंकना चाहते हैं, दुर्भाग्य से वहाँ ठोस कचरा फेंकने का प्रावधान नहीं है। इसीलिए उसे अपने धुएँ के गुबार से उसका गुब्बारा फुला रहे हैं। उन्हें लगता है कि आसमान आत्ममुग्धता का शिकार हो गया है। आत्ममुग्धता को पैरों तले रौंदने के लिए वे अपनी सभ्यता, साक्षरता को तिलांजली देकर उसे विकास का नाम दे रहे हैं। इन सबके बीच राजनेता स्वच्छता को चकमा देना में सबसे आगे रहते हैं। स्वच्छता अभियान की फोटो दिखाकर, टीवी वाले पैसे लेकर जिन लोगों को झाड़ू पकडे.दिखा रहे हैं उन सबके दिमाग में असली कचरा भरा होता है। भले सफेद झक पाजामा कुर्ता पहनकर कचरा साफ करने का नाटक कर रहे हों पर भीतर का कचरा बाहर के कचरे पर भारी पड़नेनहीं देते हैं। यही कारण है कि जनता बाहर का कचरा देखकर भीतर के कचरे से भी अडजस्ट हो जाती है। झाड़ू पकड़ के कचरे तरफ देखने भर से कई ऐरे-गैरे नत्थू खैरों ने अरबों की कमाई कर डाली। हर मोहल्ले से डोर टू डोर कचरा उठाने का बहाना बनाने वाली कंपनियां कई करोड़ का वारा-न्यारा कर चुकीं हैं। बड़ी बड़ी तोंद निकाले सेठ कचरे से बिजली बनाने के बड़े बड़े संयंत्र लगाकर सरकार को खूब उल्लू बना रहे हैं। लोगों को उल्लू बनाने आनंदम् विभाग के ये हाल है कि लोग घर के अनुपयोगी कपड़े कचरा समझकर नगर परिषदों के पिंजरे में डाल रहे हैं दो चार दिन बाद नगर परिषद् वाले रात को सारे कपड़े ट्रक पोंछने वालों को बेचकर जेब गर्म कर रहे हैं।

# 'पिछले 09 साल में मोदी सरकार ने किए विकास कार्य'



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के नेतृत्व में आज विदेशों में भारत की साख बढ़ी है, भारत का डंका पूरे विश्व में बज रहा है। विधायक असीम गोयल ने यह अभिव्यक्ति भारतीय जनता पार्टी की ओर से एसए जैन कॉलेज अम्बाला शहर के सभागार में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण लाभार्थी सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि अपने सम्बोधन में कही। गोयल ने इस मौके पर उपस्थित प्रतिभागियों एवं लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए केन्द्र सरकार द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है, उस बारे जानकारी दी और पिछले नौ सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो नये कीर्तिमान स्थापित किये गये है, उस बारे भी बताया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को किये जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है, यदि उनमे सुधार की आवश्यकता है तो उस कार्य को किया जा सके और हर कार्यकर्ता का दायित्व बनता है कि वे इन योजनाओं के तहत पात्र व्यक्ति को और अंतिम छोर में खड़े व्यक्ति को इसका लाभ दिलवाए।

विधायक ने बताया कि आज सडकों का जाल बिछाने का काम किया जा रहा है, राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की गति में 208 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पहले 12 किलोमीटर प्रतिदिन सडके बनती थी जोकि अब बढकर 37 किलोमीटर प्रतिदिन हो गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के बाद भारत में बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवाया जा रहा है। सडकों के मामले में भारत की सडकें अमेरिका की सडकों जैसी बनाई जा रही है। रेलवे इन्फ्रास्ट्रक्चर को बेहतर किया जा रहा है। विश्वस्तरीय वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत हो चुकी है और आने वाले समय में इनकी संख्या

**8 पिछले नौ सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जो नये कीर्तिमान स्थापित किये गये है**

400 तक की जाएगी। रेलवे से सम्बन्धित बेहतर सुविधाएं यात्रियों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

इस मौके पर उन्होंने प्रधान आवास योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, नल से जल, जन धन खाते योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के साथ अन्य योजनाओं के बारे में उपस्थित प्रतिभागियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आपकी वोट ने जो फैसला लिया था, वह सही था और इसी का परिणाम है कि भारत निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर हो रहा है। पिछले नौ सालों में हर वर्ग के कल्याण के लिये योजनाओं को क्रियान्वित करते हुए धरातल पर उसे लागू करने का काम किया गया है।

विधायक ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थियों से भी विधायक ने सीधा संवाद किया और सम्बन्धित लाभार्थियों ने बताया कि इस योजना से उन्हें काफी लाभ मिला है तथा उनका इलाज निशुल्क हो सका है। विधायक ने बताया कि केन्द्र सरकार की आयुष्मान योजना की तर्ज पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा चिरायु कार्ड योजना को लागू किया गया है। गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती और विश्व से पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जम्मू कश्मीर से धारा 370 के हटने से आतंकी हमलों में कमी आई है।

# जिला मुख्यालय पर प्रशासन की नाक तले जर्जर भवन में चल रहा प्ले स्कूल



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल**
**केंद्र** एवं राज्य सरकार एक तरफ बाल अधिकारों को लेकर सजग है, वहीं महेंद्रगढ़ जिला के मुख्यालय नारनौल में पिछले एक वर्ष से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्ले स्कूल जर्जर भवन में चल रहा है। इस भवन में छोटे बच्चों के लिए पंखे तो दूर बिजली तक नहीं है। ना ही पीने के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था है। इतना ही नहीं यह भवन बरसात में टपकता है और बच्चों को जीव जंतुओं के काटने का खतरा लगातार बना रहता है। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में आंगनवाड़ी केंद्र खोले गए हैं। इन आंगनवाड़ी केंद्रों में छोटे बच्चों की देखभाल की जाती है व पौष्टिक आहार भी दिया जाता है। नारनौल शहर में भी आंगनवाड़ी केंद्र चल रहे हैं। लेकिन इन आंगनवाड़ी केंद्रों में से कुछ आंगनवाड़ी केंद्रों को सन 2022 में प्ले स्कूल का दर्जा दिया गया था। जिनको एक वर्ष से अधिक समय चलते हुए हो गया है , लेकिन इसके बावजूद इनमें बाल अधिकारों का स्पष्ट रूप से हनन हो रहा है। जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 10 मोहल्ला राव का नारनौल में भी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अप्रेल 2022 में आंगनवाडी केन्द्र को प्ले स्कूल में तब्दील किया गया था। जिसका भवन जर्जर अवस्था में है, छत से चूना गिरता है तथा बरसात में टपकता भी है। इस प्ले स्कूल में केवल एक कमरा है जिसमें पंखा तो दूर बिजली ही नही है। भयंकर गर्मी में बच्चों को

**स्कूल जर्जर भवन**

**8 इतना ही नहीं यह भवन बरसात में टपकता है और बच्चों को जीव जंतुओं के काटने का खतरा लगातार बना रहता है**

रामभरोसे छोड़ा हुआ है। इस बारे में जिला बाल कल्याण समिति ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में अभी आया है। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग पंचकूला से इस प्ले स्कूल के भवन का निरीक्षण करने बारे 22 जून को एक आदेश प्राप्त हुआ है। इन आदेशों के अनुपालना में जिला बाल कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा 24 जून को उक्त प्ले स्कूल में जाकर निरीक्षण किया गया। समिति ने निरीक्षण के दौरान पाया कि यह भवन जर्जर अवस्था में है जो कि बच्चों के लिए असुरक्षित है, यहां पर बच्चों के लिए स्वच्छ जल की व्यवस्था भी नहीं है ना ही पंखे और बिजली है। सवाल यह उठता है कि इस भवन में प्ले स्कूल चलाने की अनुमती किसने दी ? इस समिति में कौन-कौन अधिकारी शामिल थे , जिन्होंने अपनी स्वीकृति प्रदान की ? इससे भी अहम सवाल यह है कि पिछले एक वर्ष से बाल अधिकारों का हनन होता रहा और संबंधित विभाग आंख मुंदे मूक दर्शक क्यों बना रहा ? अब देखना यह है कि उक्त अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई जाती है ?

## न्यूज फ्लैश

### सोलर वाटर पंप के लिए 12 जुलाई तक करें आवेदन

**सोनीपत: प्रधानमंत्री** किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान अर्थात कुसुम योजना के तहत सोलर वाटर पंप के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जुलाई बुधवार तक रहेगी। उपायुक्त ललित सिवाच ने बताया कि तीन हार्स पावर से लेकर दस हार्स पावर तक की क्षमता के सोलर वाटर पंप के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है जिसकी अंतिम तिथि 12 जुलाई तक रहेगी। उन्होंने बताया कि आवेदक किसान सरलहरियाणा.जीओवी.इन वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के समय मोबाइल फोन पर ओटीपी आएगा, जिससे सोलर वाटर पंप के ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। आवेदन करते समय आवेदक के पास परिवार पहचान पत्र एवं फरद की कॉपी अपलोड करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र एवं फरद में आवेदक का नाम होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योजना के संबंध में अन्य जानकारी के लिए एडीसी कार्यालय सोनीपत में किसी भी कार्यदिवस में संपर्क कर सकते है।

### 11 जुलाई को पंचकूला के राज्य प्रशिक्षण और प्रदर्शन केंद्र में किया जाएगा वर्चुअल मीडिया वर्कशाप का आयोजन

**सोनीपत: स्वास्थ्य सेवाएं** हरियाणा के स्टेट टीबी सेल द्वारा महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं हरियाणा की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समाचारों को कवर करने वाले प्रमुख समाचार पत्रों और टीवी चैनलों व मीडिया प्रतिनिधियों की एक वर्चुअल मीडिया वर्कशाप का आयोजन किया जाएगा। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी बिजेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रस्तावित वर्च्यूअल मीडिया वर्कशाप का आयोजन 11 जुलाई 2023 को प्रात:: 11:30 बजे डीजीएचएस कार्यालय सेक्टर-6 पंचकुला के राज्य प्रशिक्षण और प्रदर्शन केंद्र में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्चुअल मीडिया वर्कशाप में स्वास्थ्य समाचारों को कवर करने वाले प्रमुख समाचार पत्रों और टीवी चैनलों व मीडिया प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

### एसीएस आनंद मोहन शरण डीसीआरयूएसटी में स्थापित अटल केंद्र एवं थ्री डी ट्रेनिंग लैब का 30 जून को करेंगे शुभारंभ

**सोनीपत: दीनबंधु छोटूराम** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) मुरथल में अटल केंद्र एवं थ्री डी ट्रेनिंग लैब स्थापित की गई है, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उद्योग एवं वाणिज्य तथा उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) आनंद मोहन शरण 30 जून को दोपहर 02:30 बजे करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त ललित सिवाच ने दी। उन्होंने बताया कि थ्री डी ट्रेनिंग लैब का विशेष फायदा विद्यार्थियों को मिलेगा।

### आधार में ऑनलाइन फ्री डॉक्यूमेंट अपडेट करवाने की सीमा को बढ़ाया 14 सितंबर तक

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**उपायुक्त** शांतनु शर्मा ने जिले के ऐसे सभी निवासियों को अपने आधार में डॉक्यूमेंट अपडेट करवाने की अपील करते हुए कहा कि उनके आधार को बने 10 वर्ष से अधिक का समय हो गया है। विभिन्न प्रकार की सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आधार अनिवार्य है। ऐसे में किसी भी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए जल्द से जल्द अपने आधार में दस्तावेज अपडेट करवाए।

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआईई) ने आधार में आगामी 14 सितंबर 2023 तक निशुल्क ऑनलाइन आधार दस्तावेज अपडेशन की सुविधा मुहैया की है। इस दौरान आधार में पहचान के प्रमाण और पते के प्रमाण के ऑनलाइन अपडेशन के लिए निवासियों का किसी प्रकार का शुल्क नहीं लगेगा। ऐसे में निवासी खुद भी आधार पोर्टल से अपने डॉक्यूमेंट अपडेट करवा सकते हैं। इससे पहले लोगों को आधार पोर्टल पर अपने दस्तावेज को अपडेट करने के लिए 25 रुपए का भुगतान करना पड़ता था। यह सेवा केवल आधार पोर्टल पर निशुल्क है, वहीं आधार केंद्र पर 50 रुपए का शुल्क देना होगा।

उन्होंने कहा कि निवासी अपने आधार नंबर का प्रयोग करते हुए माईआधार.यूआईडीएआई.जीओवी.इन पर लॉगिन कर सकते हैं। उनके अधिकृत मोबाइल नंबर पर एक वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजा जाएगा, निवासी को डॉक्यूमेंट अपडेट पर क्लिक करना होगा जिसके बाद निवासी की मौजूदा जानकारी दिखने लगेगी। यदि विवरण सही है तो आधार नंबर धारक को उसे सत्यापित करना आवश्यक है।

# मिरी-पीरी गुरु साहिब द्वारा बक्शा सिद्धांत हमें सही मार्ग प्रशस्त करने की प्रेरणा देता है: मच्छौंडा

**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** ऐतिहासिक गु. मंजी साहिब (बाउली साहिब) में मीरी पीरी दिवस बड़ी श्रद्धा - विश्वास - भावना से मनाया गया जिसमें भाई दविंद्र सिंह हजूरी रागी गु. मंजी साहिब, भाई लखविंद्र सिंह पारस ढाडी जथों ने कथा कीर्तन व गुरु इतिहास द्वारा संगतों को निहाल किया गया। ज. हरपाल सिंह मच्छौंडा ने बधाई देते हुए कहा कि आज के दिन छटम पातशाह श्री गुरु हरि गोबिंद साहिब जी ने 1606 ई. में 11 साल की अवस्था में बहुत ही सम्मानित



बाबा बुडढा जी द्वारा मीरी - पीरी की दो तलवारें धारण की जो मीरी - पीरी का सिद्धान्त (संकल्प) सिख जगत को बख्शा। मीरी - पीरी का संकल्प धर्म व राजनीति को इकट्ठा करता है। मीरी भाव राज व पीरी भाव आध्यात्मिकता (धर्म)। धर्म की देखरेख में सियासत करने का संकल्प विश्व भर को दिया। आवश्यकता पड़ने पर जुल्म के विरुद्ध तलवार उठाना दोषपूर्ण नहीं है। आज का दिन हमें यही प्रेरणा देता है कि हमें गुरु साहिब के इसी सिद्धांत को मानते हुए अपना जीवन स्तर सदैव ऊंचा रखना चाहिए। ज. रणबीर सिंह फौजी मुख्य महासचिव शि.अ.द. ने मीरी - पीरी दस्तार यंगस्टर पगड़ी सैंटर ने छोटे छोटे बच्चों का कैंप लगाकर दस्तार बांधने को प्रेरित किया व गुरबाणी प्रतियोगिता में भाग लेने वालों को पुरस्कार भी दिए। विशेष रूप से ज. त्रलोचन सिंह बलाना, हाकम सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह सिहढ़, ज. कुलवंत सिंह सी एच, ज. एम एम सिंह, ज्ञानी गुरमेल सिंह मरदों साहिब, ज्ञानी सतविंद्र सिंह मोहडी, प्रदीप सिंह रिंकू आदि उपस्थित रहे।

# 2 को भूख हड़ताल करेंगे भूतपूर्व सैनिक



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**अम्बाला** जिला के पूर्व जेसीओ ओल व जवानों की सरदार बलजीत सिंह रंगा की अध्यक्षता में जंडली में एक मीटींग हुई। मीटिंग में सभी भूतपूर्व जवानों ने हिस्सा लिया और मीटिंग -2 की विसंगतियों को दूर करने के बारे, टरढ वीर नारियों, अंगहीन जवानों के साथ जो सेना के अधिकारियों ने सरकार को गुमराह करके, जो जवानों के साथ व वीर नारियों के साथ अन्याय व भेदभाव किया है। उस भेदभाव व अन्याय की अवाज को सरकार तक पहुंचाने के लिए आज 130 दिन से 20 से सरकार ने देश की सीमाओं पर पहरा देने वाले जवानों की कोई सुध नही ली। इसी लिए देश के पूरे भारत के जवानों ने अपनी आवाज को पूरे देश को बताने के लिए 2 जुलाई को पूरे भारत के जिला अधिकारियों के दफ्तर के सामने भूख हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया हैं। और इस से पहले भी के माध्य से जवानों ने अपनी जायज मांग को माननीय राष्ट्रपति , प्रधान मंत्री, रक्षा मन्त्री को भेजा है।

# एसडी कॉलेज में दाखिला की अवधि बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**सनातन** धर्म कॉलेज, अम्बाला छावनी में नए सत्र 2023-24 के लिए ऑन-लाईन फार्म भरने की प्रक्रिया कॉलेज में 17 जून से शुरु हो चुकी है। कॉलेज में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों का उत्साह देखने योग्य है। कॉलेज जन संपर्क अधिकारी डॉ नवीन गुलाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दाखिला प्रक्रिया के अंतर्गत 17 जून से 28 जून तक सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक कॉलेज में भरे जाने थे। किंतु अब अंतिम तिथि को बढ़ा कर 7 जुलाई कर दिया गया है। कॉलेज प्राध्यापक वहां मौजूद रह कर विद्यार्थियों को ऑन-लाईन फार्म भरने की जानकारी दे रहे हैं जोकि डी एच ई की वैबसाईट पर भरे जाने हैं। दाखिला

**07 जुलाई तक**

**8 कॉलेज प्राध्यापक वहां मौजूद रह कर विद्यार्थियों को ऑन-लाईन फार्म भरने की जानकारी दे रहे हैं**

लेने के इच्छुक विद्यार्थी 7 जुलाई तक कॉलेज में आकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। कॉलेज प्राचार्य डॉ राजेंद्र सिंह ने कॉलेज के यू.जी/पी.जी. एवम अतिरिक्त कोर्सो की जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज में मल्टी डिस्पलीनरी अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में बैचलर ऑफ आर्ट्स (इंग्लिश, हिन्दी, संस्कृत, पंजाबी, इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, गणित, म्यूजिक गायन, म्यूजिक वादय, शारीरिक शिक्षा, ऑफिस मैनेजमेंट), बैचलर ऑफ लाइफ साइंस(बॉटनी, रसायन विज्ञान, जूलॉजी), बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (कम्पयूटर साईस, कम्पयूटर एप्लीकेशन,इलेक्ट्रोनिस, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान) एवम अंडर ग्रेजुएट सिंगल मेजर प्रोग्राम के अंतर्गत बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) इंग्लिश, बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) पॉलिटिकल साइंस, बैचलर ऑफ आर्ट्स (ऑनर्स) संस्कृत, बैचलर ऑफ साइंस (ऑनर्स) इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवम इंटर डिस्पलीनरी प्रोग्राम में अंतर्गत बी सी ए, बी कॉम, बैचलर ऑफ होम साइंस, बी कॉम (वोकेशनल) कंप्यूटर एप्लीकेशन आदि हैं।

# पुलिस रेंज गेम्स में स्वर्ण पदक जितने पर नवीन का स्वागत किया

**गन्नौर। मधुबन** पुलिस अकादमी में हुई दो दिवसीय ऑल हरियाणा पुलिस रेंज गेम्स में गांव लड़सौली के भारत केसरी, भीम अवॉर्डी पहलवान नवीन मोर ने 125 किलो फ्री स्टाइल कुश्ती में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। नवीन मोर ने हिसार पुलिस रेंज से खेलते हुए सेमीफाइनल में बलजीत फरीदाबाद पुलिस रेंज के पहलवान को हराया। फाइनल में विपीन हरियाणा आर्म्ड रेंज के पहलवान को हरा कर स्वर्ण पदक जीता। ज्ञात रहे कि नवीन मोर पहलवान पहले भी लगातार ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में भी 6 स्वर्ण पदक 2 रजत पदक, और वर्ल्ड पुलिस गेम्स में भी 5 स्वर्ण पदक1 कांस्य पदक जीत चुका है। इसके साथ अपने गांव लड़सौली में एक कुश्ती कबड्डी एकेडमी में बच्चो को कुश्ती का प्रशिक्षण देकर देश का भविष्य तैयार कर रहे हैं।

# पब्लिक हेल्थ नारनौल में करोड़ों रुपए का नया घोटाला

## इस बार अकाउंट्स ऑफिसर ने विभाग के उच्च अधिकारियों को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल । अभी** कुछ महीनों पहले सीएम फ्लाइंग द्वारा नारनौल पब्लिक हेल्थ में करोड़ों का घोटाला पाए जाने पर नारनौल पब्लिक हेल्थ के कई अधिकारियों व ठेकेदारों पर मुकदमा दर्ज करवाया था। उस मुकदमे में अधिकारी और ठेकेदार अपनी अग्रिम जमानत कोर्ट से करवा चुके हैं। यह मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि नारनौल पब्लिक हेल्थ में फिर से करोड़ों का नया घोटाला सामने आ गया है। इस घोटाले को इस बार खुद विभाग के लेखा अधिकारी आरके मीणा ने विभाग के पंचकूला व एसीएस को एक पत्र लिखकर किया है

इस बार घोटाला पब्लिक हैल्थ विभाग के डिवीजन नंबर-1 में है। घोटाले के संदेह पर विभाग के डिविजनल अकाउंट्स ऑफिसर द्वितीय आरके मीणा ने विभाग के आला अधिकारियों को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराया है। इस पर संज्ञान लेते हुए विभाग के इंजीनियर इन चीफ ने नारनौल सुपरिटेंडेंट इंजीनियर को जांच के आदेश दिए हैं। एसई ने रिकार्ड मंगवाकर कर जांच शुरू कर दी है। डिवीजनल अकाउंट्स आफिसर ने मेल से दो अलग अलग पत्र लिखे हैं। एक पत्र 15 मई को तथा दूसरा पत्र 16 मई 2023 को लिखा है। इनके साथ उन्होंने बिल आदि की कॉपियां भी लगाई हैं। पहले पत्र में अप्रैल माह के अकाउंट में अनियमित्ताओं की बात कही गई है। इसमें कहा गया है कि विभिन्न कामों व आईटमों के सप्लाई ऑर्डरों में विभागीय कायदे कानूनों का उल्लघन करते हुए अनियमित्ताएं बरती गई हैं।

विभाग की बोलेरो जीप नंबर एचआर 35 एफ 1213 के टायर ट्यूब रिप्लेस व सर्विस के 46 हजार रुपए का बिल अप्रैल 2023 महीने में वाउचर नंबर 445 से दिया गया है। जबकि इसी कार्य की अनुमति नंवबर 2022 में भी दी गई है। गाड़ी नंबर एचआर 35 एफ 3030 व एचआर 35 एफ 1213 की रिपेयरिंग व टायर ट्यूब बदलवाने की पेमेंट 48950 रुपए अप्रैल माह में वाउचर नंबर 220 से की गई है।

जबकि गाड़ी नंबर 1213 के टायर ट्यूब व सर्विस का कार्य नवंबर 2022 में हो चुका है और गाड़ी नंबर एचआर 35 एफ 3030 कंडम होने के बाद इसकी ऑक्शन की जा चुकी थी। ऑक्शन पर बेची जा चुकी इस गाडी में नए टायर ट्यूब दिखाकर बिलों का भुगतान कर दिया गया।

# 90 हजार बिल भेजने वाले को 5 हजार का लगा जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**मीटर** खराब होने की स्थिति में बिजली निगम उपभोक्ता से मनमानी राशि वसूल नहीं कर सकता। डिस्ट्रिक कंज्यूमर फोरम ने अपने एक फैसले में ये निर्णय देते हुए निगम को मुआवजे के साथ केस खर्च का भुगतान के भी आदेश दिए हैं। इस मामले में बिजली निगम के कर्मचारियों की एक बड़ी लापरवाही भी सामने आई है। कर्मचारियों ने उपभोक्ता के मीटर की छह महीने की रीडिंग ही नहीं ली। इसके बाद 12513 यूनिट का बिल भेज दिया। हैरत की बात है कि निगम के उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम ने भी परिवादी को राहत नहीं दी। इसी वजह से उसे मामले को डिस्ट्रिक कंज्यूमर फोरम में चुनौती देनी पड़ी। दरअसल नारायणगढ़ के कालाअंब की शिव कॉलोनी के रहने वाले प्रकाश चंद के नाम पर एक बिजली कनेक्शन है। उसने एडवोकेट निखिल चोपड़ा की ओर से दायर याचिका में बताया कि निगम ने छह महीने तक उसके बिजली मीटर की रीडिंग नहीं ली। इसके बाद उसे 12413 यूनिट का 92000 रुपये का बिल भेज दिया। प्रकाश बिजली का बिल देखकर परेशान हो गया। उसने तुरंत ही मीटर रीडिंग के आंकलन को चुनौती देते हुए इसकी निगम अधिकारियों के पास शिकायत दी। किसी ने उसकी शिकायत पर सुनवाई नहीं की। इसके बाद उसने बिजली उपभोक्ताओं की समस्या के समाधान के लिए बनाए गए

**आदेश**


**8 एक फैसले में ये निर्णय देते हुए निगम को मुआवजे के साथ केस खर्च का भुगतान के भी आदेश दिए है**

उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम में भी शिकायत दी। यहां भी फोरम में उसकी समस्या पर किसी ने गौर नहीं किया। इसके बाद उसने डिस्ट्रिक कंज्यूमर फोरम में निगम की लापरवाही को चुनौती देते हुए मीटर खराब होने की स्थिति में मनमानी से बिल वसूलने का आरोप लगाया। याचिककर्ता ने बिजली निगम पंचकुला हेडक्वार्टर के अधिकारियों के साथ नारायणगढ़ सब डिवीजन को भी मामले में पार्टी बनाया था। एडवोकेट निखिल चोपड़ा की ओर से मामले में दलील दी गई कि बिजली निगम की ओर से रीडिंग लेने में लापरवाही बरती गई। एक नियमित चक्र के तहत मीटर की रीडिंग ली जानी चाहिए थी। मगर यहां ऐसा नहीं हुआ। छह महीने तक मीटर की रीडिंग लिए बिना ही उसे साढ़े 12 हजार से ज्यादा यूनिट्स का बिल भेज दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि अगर उपभोक्ता का मीटर खराब हो जाता है तो निगम नियमानुसार पिछले छह महीनों के बेस पर बिल की वसूली कर सकता है। अगर यह संभव न हो तो निगम को छह बिलों के हिसाब से भुगतान ले सकता है।

# वात्सल्य स्कूल के अंशु ने स्पेशल पैरा ओलंपिक में जीते मेडल

## छात्र अंशु ने रोलर स्केट 200 मीटर रिले रेस मे गोल्ड मेडल प्राप्त किया

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) छावनी** परिषद के वात्सल्य स्कूल का एक छात्र जोकि बर्लिन जर्मनी में स्पेशल पैरा ओलिम्पिक भाग लेने के लिए गया था। उक्त छात्र अंशु ने रोलर स्केट 200 मीटर रिले रेस मे गोल्ड मेडल प्राप्त किया और 100 मीटर रेस में सिल्वर मेडल और 500 मीटर में कांस्य पदक जीता और सारे विश्व मे अंबाला का नाम रोशन किया। वह छात्र आज वात्सल्य स्कूल में जर्मनी से पहुंचा। यहां पहुंचने पर उसका स्वागत ढोल नगाड़ों के साथ किया गया ! इस मौके पर कैंटोनमेंट बोर्ड के सीईओ वीनित बीलोटे,



कंटोनमेंट बोर्ड के मनोनीत सदस्य एवं उपप्रधान अजय बवेजा सदस्य व स्कूल के स्टाफ द्वारा मेडल जीतकर आए अंशु का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। वहीं अंबाला का नाम रोशन करने वाले बच्चे की ये कंटोनमेंट बोर्ड के लिए बड़ी उपलब्धि है ! गृह मंत्री का भी इसमें अहम योगदान बताया जा रहा है क्योंकि आंसू का पासपोर्ट बनने में समय लग रहा था और समय कम था तो गृह मंत्री अनिल विज ने तुरंत अंशु का पासपोर्ट बनवाया जिसकी वजह से अंशु ने ये उपलब्धि हासिल की ।

अंशु की इस उपलब्धि पर पूरा कैंटोनमेंट बोर्ड गर्व कर रहा है ! वहीं कैंटोनमेंट बोर्ड के मनोनित उपाध्यक्ष अजय बवेजा ने मीडिया से बात करते हुए कहा की ये हमारे लिए गर्व की बात है कि अंशु जर्मनी में एक गोल्ड , एक सिल्वर और एक ब्राउन मेडल जीता है! उन्होंने बताया कि पूरे भारतवर्ष में 62 कैंटोनमेंट बोर्ड है और 62 में ही ये वात्सल्य स्कूल है ! उन्होंने कहा कि हमारे वात्सल्य स्कूल का ये बच्चा हमारे ब्० वनीत की लीडरशिप में और हमारे स्कूल के स्टाफ और खासकर कोच चंद्रहास की अथक मेहनत के कारण ये बच्चा आज ये मेडल जीतकर आया है ।

# आम आदमी पार्टी ने भाजपा के खिलाफ जमकर किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** आम आदमी पार्टी के जिलाअध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला इकाई के सभी सदस्य उपायुक्त कार्यालय अम्बाला शहर एकत्रित हुए जहाँ भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम सीटीएम अम्बाला को ज्ञापन देते हुए उन्होने बताया कि आम आदमी पार्टी सीईटी परीक्षा में सभी पास अभ्यर्थियों को शामिल करवाने को लेकर पूरे प्रदेश में कल 29 जून को प्रदर्शन करेगी व पूरे प्रदेश के युवाओं को साथ लेकर उनके कंधे से कंधा मिलाकर प्रदर्शन करेगी।उन्होंने कहा की प्रदर्शन पार्टी के राष्ट्रीय सह सचिव के नेतृत्व में कल सुबह 10 बजे अम्बाला छावनी के फुटबाल चौक पर स्टेडियम के सामने किया जायेगा।

उन्होनें कहा कि खट्टर सरकार में हरियाणा बेरोजगारी और महंगाई में नबंर एक पर कर दी है। प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा कि एक रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 25 लाख युवा आज की तारीख में बेरोजगार हैं। 19 लाख 22 हजार बेरोजगार 20 से 24 साल की उम्र की बीच हैं। हर तीन स्नातक युवाओं में से दो बेरोजगार है।

# यूनिफॉर्म सिविल कोड के समर्थन में आप

## सबकी सहमति से कानून बने; लॉ कमीशन के चेयरमैन बोले- लोगों से राय मांगी गई है





**शर्तों के साथ**

**सैद्धांतिक तरीके से समर्थन करते हैं, मगर केंद्र जिस तरह से इसे लागू करना चाहती है, हम समर्थन नहीं करते**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश में** इन दिनों समान नागरिक संहिता का मुद्दा चर्चा में है। मंगलवार को मध्य प्रदेश के एक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने जिस तरह इसकी वकालत की और विपक्ष को घेरा इसके बाद से इस मुद्दे पर हर पार्टी के विचार सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी ने भी एक बड़ी बात कही है। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि वह सैद्धांतिक रूप से समान नागरिक संहिता के पक्ष में है, लेकिन जिस तरह से मोदी सरकार इसे लागू करना चाहती है, उसके खिलाफ है।
आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने कहा है कि सैद्धांतिक तरीके से हम इसका समर्थन करते हैं, मगर केंद्र सरकार जिस तरह से इसे लागू करना चाहती है, हम उसका समर्थन नहीं करते हैं।
संदीप पाठक ने कहा कि आर्टिकल 44 भी इसका समर्थन करती है कि देश में यूसीसी होना चाहिए। चूंकि, यह मुद्दा देश के सभी धर्म-संप्रदाय से जुड़ा हुआ है, इसे देखते हुए इसे लागू करने से पहले बड़े स्तर पर विचार-विमर्श होना चाहिए। देश के सभी वर्गों का सुझाव, सभी पार्टियों से विचार-विमर्श होना चाहिए। कुछ मुद्दे ऐसे होते हैं, जिन्हें रिवर्स नहीं किया जा सकता है, ऐसे में उस पर प्रॉपर तरीके से बहस और विचार होना चाहिए, यह मुद्दा भी वैसा ही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 जून को भोपाल में यूनिफॉर्म सिविल कोड देशभर में लागू करने की वकालत की थी। इसके बाद कांग्रेस, असदुद्दीन आवैसी समेत विपक्षी पार्टियों ने भाजपा पर मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने की साजिश बताया था। मुस्लिम पर्सनल लॉ बॉर्ड ने भी मंगलवार को मीटिंग बुलाई और अपना पक्ष लॉ कमीशन के सामने रखने की बात कही। इधर, बुधवार को लॉ कमीशन के चेयरमैन जस्टिस ऋतुराज अवस्थी का भी बयान सामने आया। जस्टिस अवस्थी बोले- यूसीसी कोई नया मुद्दा नहीं है। हमने कंसल्टेशन प्रोसेस भी शुरू कर दी है। इसके लिए कमीशन ने आम जनता की राय मांगी है।

### एक से ज्यादा विवाह 1400 साल पहले की थी आवश्यकता: वीएचपी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** हिंदू परिषद ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की वकालत करते हुए जोर दिया है कि 1,400 साल पहले की आवश्यकता कुछ और थी आज नारी को गरिमा और सम्मान देने की आवश्यकता है। इसलिए मुस्लिम समाज अपनी सोच में बदलाव लाएं। विहिप के कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री ने समान नागरिक संहिता बनाने पर बल दिया है।



राजनीतिक दलों और धार्मिक संस्थाओं ने इसका विरोध किया है। विश्व हिंदू परिषद प्रधानमंत्री से सहमत है। उन्होंने कहा कि संविधान की धारा 44 में सब सरकारों को निर्देश दिया है कि जल्दी से जल्दी पूरे देश के लिए एक से नागरिक संहिता बनाने का प्रयास करें। विहिप कार्याध्यक्ष ने कहा, "मुझे आश्चर्य की संविधान के 73 वर्षों में जो सांसद और विधायक संविधान के प्रति श्रद्धा और सच्ची निष्ठा रखने की शपथ लेते हैं। उन्होंने इसका पालन नहीं किया"। सुप्रीम कोर्ट ने सरला मुद्दे वह बाकी मुकदमों में कहा है कि अलग-अलग नागरिक संहिता ठीक नहीं है।



युवा साथियों से मोदी सरकार की लोक-कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए लोकसभा सांसद डॉ. हर्षवर्धन।

## दिल्ली यूनिवर्सिटी के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ का फंड

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में हायर एजुकेशन के लिए दिल्ली सरकार के द्वारा प्राप्त फंड वाले कॉलेज अहम भूमिका निभा रहे हैं। बीते 8 साल में सरकार ने इन कॉलेजों के फंड को बढ़ाया है।
आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि साल 2023-24 में यह 400 करोड़ रुपये है। ये कॉलेज बीते कई सालों से कई तरह की समस्याओं से जुझ रहे हैं। लेकिन दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने फैसला किया है कि शिक्षक और छात्र वित्त कुप्रबंधन की समस्या से नहीं गुजरेंगे।

## जुलाई में रफ्तार भरेगी रैपिडएक्स!



**संभावना**

**17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता खंड पर रैपिडएक्स के जुलाई के पहले हफ्ते में रफ्तार भरने की संभावना**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली-मेरठ** रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कारिडोर के साहिबाबाद से दुहाई के बीच 17 किलोमीटर लंबे प्राथमिकता खंड पर रैपिडएक्स के जुलाई के पहले हफ्ते में रफ्तार भरने की संभावना है। केंद्र सरकार के मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त (सीएमआरएस) ने इसके संचालन को स्वीकृति दे दी है। अब केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इसके उद्घाटन की तारीख घोषित होनी है। बता दें कि रेल मंत्रालय ने पिछले हफ्ते की शुरूआत में आरआरटीएस रोलिंग स्टाक को मंजूरी दे दी थी। इसकी डिजाइन की गति 180 किलोमीटर प्रति घंटे है। परिचालन गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे है। इन मंजूरियों के साथ दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रूट पर आरआरटीएस कारिडोर का प्राथमिक खंड देश की पहली रेलवे प्रणाली होगी, जहां 160 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम परिचालन गति होगी। पिछले एक वर्ष के दौरान एक से अधिक सुरक्षा जांचकर्ताओं ने इस अत्याधुनिक परियोजना को लागू करने के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) की प्रक्रियाओं की सख्त जांच की है। इस प्रकार, सिस्टम की गहन जांच के बाद ही इसे रेल मंत्रालय और मेट्रो रेल सुरक्षा आयुक्त से मंजूरी मिली है। काम इतनी तेज गति से हुआ है कि एनसीआरटीसी जून 2019 में निर्माण कार्य शुरू होने के महज चार वर्ष के भीतर रैपिडएक्स सेवाओं का वाणिज्यिक संचालन शुरू करने के लिए तैयार है। यहां तक कि कोरोना जैसी महामारी भी इस लक्ष्य को प्राप्त करने में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम के संकल्प को प्रभावित नहीं कर सकी।

## साहिल के खिलाफ 640 पेज की चार्जशीट दाखिल

**हत्य केस**

**शाहबाद डेयरी इलाके में साहिल खान ने नाबालिग की कई बार चाकू मारकर हत्या कर दी थी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शाहबाद डेयरी इलाके में साक्षी हत्या केस में पुलिस ने बुधवार को आरोपित साहिल खान के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि 16 साल की नाबालिग लड़की के हत्या के आरोपित के खिलाफ 640 पेज की फाइनल चार्जशीट दाखिल की गई।
बता दें कि 28 मई को दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में साहिल खान ने नाबालिग की कई बार चाकू मारकर हत्या कर दी थी और उसके सिर को एक बड़े पत्थर से कुचल दिया था। आरोपी को दिल्ली पुलिस ने 29 मई को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के पास से गिरफ्तार किया था। आरोपित साहिल खान ने बड़ी ही क्रूरतापूर्ण तरीक से साक्षी पर हमला किया था।

## हौज खास स्थित डियर पार्क की मान्यता रद्द

**स्थानांतरित**

**एएन झा डियर पार्क की मान्यता रद्द कर दी है। डियर पार्क के सारे जानवरों को स्थानांतरित किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने हौज खास स्थित एएन झा डियर पार्क की मान्यता रद्द कर दी है। डियर पार्क के सारे जानवरों को स्थानांतरित किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार डीडीए के अधिकार क्षेत्र में आने वाले इस भूमि का उपयोग हरित संरक्षित वन के रूप में किया जाएगा। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने अपनी बैठक में कई सालों से चले आ रहे डियर पार्क को बंद करने का फैसला लेते हुए इसे हरित संरक्षित क्षेत्र के रूप में विकसित करने का फैसला किया है। डियर पार्क के तकरीबन 600 से अधिक हिरणों को असोला भाटी माइंस, राजस्थान और हरियाणा में शिफ्ट करने का निर्देश दिया है। प्राधिकरण के अनुसार डियर पार्क की मान्यता अगस्त 2021 तक वैध थी, और मान्यता के नवीनीकरण के लिए डीडीए से सितंबर 2021 में एक आवेदन प्राप्त हुआ था। मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्राधिकरण ने अप्रैल 2022 में चिड़ियाघर का मूल्यांकन करने के लिए एक अधिकारी की प्रतिनियुक्ति की थी। पार्क का सभी पहलुओं का मूल्यांकन सितंबर 2022 में किया गया । शिफारिशों के आधार पर प्राधिकरण ने पार्क की मान्यता रद्द करते हुए पार्क के सारे जानवरों को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए।

## दिल्ली मेट्रो बना जंग का मैदान, दो यात्रियों में हुई मारीट

**मेट्रो में बवाल**

**दोनों के बीच खूब मारपीट हुई है। सुनाई दे रहा है कि अन्य यात्री लड़ाई करने वालों को बाहर निकलने को कह रहे**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इन दिनों राजधानी** दिल्ली की लाइफ लाइन माने जाने वाली दिल्ली मेट्रो वायरल वीडियो को लेकर खासी चर्चा में बनी हुई है। आए दिन कोई न कोई ऐसा वीडियो सामने आ रहा है, जो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बंटोर रहा है। इसी क्रम में अब एक ऐसा वीडियो आया है, जिसमें दो यात्री एक दूसरे से लड़ते दिखाई दे रहे हैं। इसमें दो यात्री बीच बचाव भी करते देखे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि ये वीडियो वायलेट लाइन का है, जो कश्मीरी गेट और राजा नाहर सिंह के बीच चलती है। दोनों के बीच खूब मारपीट हुई है। इसमें सुनाई दे रहा है कि अन्य यात्री लड़ाई करने वालों को बाहर निकलने को कह रहे हैं। डीएमआरसी का कहना है कि ऐसी हरकतों के लिए मेट्रो जिम्मेदार नहीं है। इसको लेकर यात्रियों को खुद सतर्क सावधान होने की जरूरत है। अगर कोई यात्री दूसरे यात्री की शिकायत करता है, तो उस पर डीएमआरसी कानूनी प्रक्रिया अपनाती है। वहीं, वीडियो से संबंधित सवाल पर उन्होंने कहा कि डीएमआरसी मेट्रो में बार-बार घोषणा करती है कि वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी करना मना है। इसके बावजूद लोग वीडियो बनाते हैं।

## औरंगजेब लेन नहीं एपीजे अब्दुल कलाम लेन कहिए जनाब

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली के औरंगजेब लेन का नाम बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम लेन कर दिया गया है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अधिकारियों ने बताया की लुटियंस दिल्ली में औरंगजेब लेन का नाम बदलकर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम लेन कर दिया गया है। एनडीएमसी ने अपने सदस्यों की बैठक में सड़क का नाम बदलने की मंजूरी दे दी है। दरअसल एनडीएमसी ने अगस्त 2015 में औरंगजेब रोड का नाम बदलकर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रोड कर दिया था। औरंगजेब लेन अब्दुल कलाम रोड को पृथ्वी राज रोड से जोड़ती है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय ने कहा कि नई दिल्ली की धारा 231 की उप-धारा (1) के खंड (ए) के संदर्भ में एनडीएमसी क्षेत्र के अंतर्गत 'औरंगजेब लेन' का नाम बदलकर 'डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम लेन' करने पर विचार करने के लिए परिषद के समक्ष एक एजेंडा आइटम रखा गया है।

## जहां दिखी लावारिस संपत्ति, वहां मन में फूटे लड्डू...

### आरोपी जाली दस्तावेज बनाकर पूरी संपत्ति को अपने नाम पर ही बेच देते हैं

**शिकंजा**

**शख्स ने धोखाधड़ी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है, यह कहानी हूबहू फिल्म खोसला का घोंसला से मिलती है**




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हमारे देश में** सत्य घटनाओं पर आधारित फिल्म बनाने का चलन पुराना है, लेकिन फिल्म बनने के बाद उसकी पटकथा की तरह ही कोई घटना होना बिल्कुल नायाब है। दिल्ली में फिल्म खोसला का घोंसला जैसी ही कहानी घटी है। दिल्ली के रोहिणी के एक शख्स ने धोखाधड़ी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है, जिसके खुलासा होने के बाद यह कहानी हूबहू फिल्म खोसला का घोंसला से मिलती है। EOW ने जाली दस्तावेज बनाकर संपत्ति हड़पने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड विजय कुमार गुप्ता को गिरफ्तार किया है। ये मास्टरमाइंड खाली फ्लैट या लावारिस संपत्तियों के जाली डॉक्युमेंट्स बनाकर संपत्ति को बेच देता था। साथ ही यह शातिर लालच में आकर इन संपत्तियों को बैंक में गिरवी रख देता था, जिसके बाद उसकी मोटी कमाई होती थी।
**फर्जीवाड़े की हर एक बारीक डिटेल:** इस गिरोह का मास्टरमाइंड हमेशा ऐसी संपत्ति को निशाना बनाने की कोशिश करते हैं, जो लंबे समय से खाली पड़ी होती है। इसके बाद चालाकी से प्रॉपर्टी डीलर से वह संपत्ति खरीदने की चाल चलता है। इसी दौरान बातों में फंसाकर आरोपी संपत्तियों के दस्तावेज जुगाड़ लेते हैं। इतना ही नहीं, इसके बाद आरोपी जाली दस्तावेज बनाकर पूरी संपत्ति को अपने नाम पर ही बेच देते हैं। जब संपत्ति उनके नाम पर हो जाती है तब वह इसे गिरवी रखकर लोन ले लेते हैं।जानकारों के मुताबिक, अगर आपके पास कोई संपत्ति है तो उसे लंबे समय तक लावारिस न छोड़ें। सरकारी कार्यालयों में आपको अपनी संपत्ति के सभी दस्तावेज अपडेटेड रखने होंगे। जिससे आप समय-समय पर वेरिफाई कर सकें। अपनी संपत्ति के जितने भी दस्तावेज हैं, उन्हें किसी के साथ साझा न करें।

### 12वीं तक पढ़ाई, फिर फर्जीवाड़ा

**इस** घोटाले को अंजाम तक पहुंचाने वाले आरोपी ने सिर्फ 12वीं तक पढ़ाई की है। इसके बाद उसने कुछ छोटे व्यवसाय किए, जिसके बाद वह सारा काम बंद कर फर्जीवाड़ा करने लगा था।

**असंभव होगा** निर्माताओं के लिए 30 जून की डेडलाइन हुई तय, पुराने उत्सर्जन मानकों वाले जेनरेटर की होगी निगरानी

## प्रदूषण वाले जेनरेटर को चलाना तो दूर, बेचना भी होगा असंभव

**आदेश जारी**

**नवंबर 2022 से पहले बने जेनरेटरों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए कमर कस ली है**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वायु** और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले पुराने जेनरेटर को अब चलाने की बात तो दूर, उन्हें बेचना भी असंभव होगा। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने नवंबर 2022 से पहले बने जेनरेटरों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने के लिए कमर कस ली है। इस आशय की अधिसूचना जारी कर मंत्रालय द्वारा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) सहित देशभर के सभी राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों और समितियों के नाम लिखित आदेश भी जारी कर दिए हैं।
**नवंबर 2022 को गाइडलाइंस हुई थी तय:** बता दें कि नवंबर 2022 में वायु और ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के मद्देनजर जेनरेटरों के लिए नए सिरे से गाइडलाइंस जारी की थी। इसके तहत औद्योगिक और व्यावसायिक कार्यों के लिए 800 मेगावाट तक के केवल ऐसे डीजल जेनरेटर ही इस्तेमाल किए जा सकेंगे, जिनमें दोहरी ईंधन प्रणाली की सुविधा होगी। जिस डीजी सेट में ऐसी सुविधा नहीं होगी, उन्हें लगवानी होगी। यही नहीं, 298 किलोवाट से अधिक क्षमता वाले डीजी सेट में 30 सितंबर तक रेट्रोफिटेड उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण (आरईसीडी) लगाना भी अनिवार्य कर दिया है। इसके अलावा धुआं एवं ध्वनि प्रदूषण मानक भी तय कर दिए हैं। इसी कड़ी में अब 14 जून को एक अधिसूचना जारी कर 22 जून को मंत्रालय की सीपी डिविजन के निदेशक वेदप्रकाश मिश्रा की ओर से लिखित आदेश भी जारी किया गया है। इसके अनुसार देशभर में 30 जून के बाद पुरानी तकनीक से बने जेनरेटर बेचे भी नहीं जा सकेंगे। इस तारीख तक भी जो जेनरेटर बेचे जाएंगे, उसकी पूरी सूचना खरीदने वालों की लिस्ट सहित 31 जुलाई तक सीपीसीबी के पास जमा करानी होगी। मंत्रालय की ओर से सीपीसीबी को यह सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया गया है कि विभिन्न श्रेणियों में छूट का लाभ केवल नए मानकों का पालन करने वालों को ही मिलना चाहिए।
**पुराने उत्सर्जन मानकों वाले जेनरेटर की होगी निगरानी:** एनसीआर में जेनरेटर से निकलने वाले उत्सर्जन को प्रदूषण के बड़े कारकों में शामिल किया जाता है, इसीलिए इनके इस्तेमाल को सीमित करने या पूरी तरह से पाबंदी लगाने जैसे कदम भी उठाए जाते रहे हैं।

## लाइसेंसी बूचडखानों के बाहर जानवर की बलि पर आदेश देने से हाईकोर्ट का इनकार




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली हाई कोर्ट ने लाइसेंस प्राप्त बूचड़खानों के बाहर किसी भी जानवर की बलि नहीं देने के निर्देश को लागू करने की मांग पर फिलहाल कोई भी आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। जस्टिस सी हरिशंकर की अवकाशकालीन बेंच ने कहा कि हम छुट्टियों के आखिरी सप्ताह में इस तरह की याचिका पर विचार नहीं करेंगे। याचिका अजय गौतम ने दायर की है। अजय गौतम ने ये अर्जी पहले से लंबित अपनी याचिका को लेकर दायर की थी। इस याचिका में कहा गया है कि दिल्ली सरकार ने लाइसेंसी बूचड़खाने के बाहर किसी भी जानवर की बलि न देने का आदेश दिया था। याचिका में दिल्ली सरकार के इस आदेश को लागू करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि 29 जून को बकरीद पर बड़ी संख्या में जानवरों की बलि देने की आशंका है।
ऐसे में लाइसेंसी बूचड़खानों के बाहर किसी भी जानवर की बलि नहीं देने के निर्देश को लागू करने का आदेश दिया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### टाटा एआईए ने व्हाट्सएप्पयूपीआई के जरिए प्रीमियम के भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई

**गुरुग्राम।** 'कंज्यूमर ऑब्सेशन' के अपने मूल्य को सुदृढ़ करने के लिए, टाटा एआईए लाइफ इंश्योरेंस (टाटा एआईए) ने व्हाट्सएप्प और यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस के माध्यम से डिजिटल भुगतान की शुरूआत की है। उद्योग में पहली बार उपलब्ध यह सुविधा व्हाट्सएप और यूपीआई-सक्षम भुगतान विकल्पों के माध्यम से तत्काल प्रीमियम भुगतान की सहूलियत प्रदान करती है। यह नया भुगतान विकल्प बीमा उद्योग में अपनी तरह का पहला विकल्प है। इस कुशल, निर्बाध प्रक्रिया के जरिए उपभोक्ता डिजिटल रूप से प्रीमियम का भुगतान करने और त्वरित प्रीमियम भुगतान की पुष्टि और पावती प्राप्त कर सकते हैं। यह तकनीकी और गैर-तकनीक-प्रेमी दोनों ही उपभोक्ताओं के लिए उपयोग में आसान है। यह परेशानी मुक्त प्रीमियम भुगतान अनुभव भी प्रदान करता है। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के कार्यकारी उपाध्यक्ष और संचालन प्रमुख, संजय अरोड़ा ने कहा, "टाटा एआईए में, हम अपने पॉलिसीधारकों को उनके पसंदीदा तरीकों का उपयोग करके सुविधाजनक, परेशानी मुक्त प्रीमियम भुगतान विकल्प प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा प्रौद्योगिकी से लैस बॉटम-अप दृष्टिकोण, हमें अपने उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझने और अपनी सेवाओं में लगातार सुधार करने की अनुमति देता है। व्हाट्सएप्प और पेयू के सहयोग से निर्मित इन-हाउस इंटेलिजेंट प्लेटफॉर्म के लिए धन्यवाद, हमने उपभोक्ता अनुभव को बेहतर बनाने और उनके लेन-देन को अधिक आसान बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।"टाटा एआईए ने अपने नवीनीकरण प्रीमियम संग्रह में सुधार के लिए एनालिटिक्स-संचालित, डेसील आधारित दृष्टिकोण अपनाया है। कंपनी ने कई डिजिटल मोड के माध्यम से नवीनीकरण प्रीमियम संग्रह को सक्षम किया है और अपनी भाषा क्षमता को 5 भाषाओं - अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, गुजराती और बंगाली तक बढ़ाया है। 'व्हाट्सएप्प' और एसएमएस सेवाओं के माध्यम से संचार अभियान को एडोब आधारित अभियान प्रबंधन प्रणाली का उपयोग करके स्वचालित किया गया है, जिससे कंपनी व्यवहार का अध्ययन करने और संचार चैनलों को उचित रूप से संशोधित करने में सक्षम हो गई है।

### कल्याण ज्वैलर्स ने की हरियाणा में अपने चौथे शोरूम के लॉन्च की घोषणा

**करनाल।** भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वैलर्स ने करनाल में अपना पहला शोरूम लॉन्च करने की घोषणा की। करनाल में दयाल सिंह कॉलोनी - कुंजपुरा रोड पर स्थित इस ब्रांड न्यू शोरूम का उद्घाटन 30 जून (शुक्रवार) को शाम 6 बजे बॉलीवुड स्टार मलैका अरोड़ा करेंगी। हरियाणा राज्य में कंपनी का यह चौथा शोरूम होगा। वर्तमान में हिसार, गुरुग्राम और गुरुग्राम में गोल्ड सूक में कल्याण ज्वैलर्स के शोरूम हैं।
कंपनी इस क्षेत्र में अपने ब्रांड फुटप्रिंट और अपने कामकाज का लगातार विस्तार कर रही है, ताकि विकास की राह पर आगे बढ़ने में मदद मिल सके और हरियाणा में लोगों के लिए ब्रांड तक पहुंचना पहले से अधिक आसान हो सके। करनाल के शोरूम में कल्याण ज्वैलर्स की ज्वैलरी कलैक्शन कीएक विस्तृत रेंज के डिजाइन शोकेस किए जाएंगे। आभूषणों को एक विश्व स्तरीय माहौल में प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि ग्राहकों को खरीदारी का एक शानदार अनुभव हासिल हो सके। नए शोरूम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कल्याण ज्वैलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री रमेश कल्याणरमन ने कहा, ह्यह्यहमें इस बात की खुशी है कि हम अब करनाल में भी अपने कदम रखने जा रहे हैं। करनाल हरियाणा राज्य के प्रमुख बाजारों में से एक है। इस क्षेत्र में नया निवेश हरियाणा राज्य में हमारी उपस्थिति को मजबूत करने के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। हमारा मानना है कि करनाल में जबरदस्त क्षमताएं हैं, जिनका अभी पूरी तरह इस्तेमाल नहीं हुआ है। हमें यकीन है कि करनाल के शोरूम के जरिये हम इस क्षेत्र में विकास की अपनी रफ्तार को और तेजी से आगे बढ़ा सकेंगे।

### फिजिक्स वाला के नीट बैचेज ने रिकॉर्ड तोड़ कामयाबी हासिल की

**पंचकूला** : फिजिक्स वाला, भारत का अग्रणी एड-टेक प्लेटफॉर्म, जो बड़े पैमाने पर शिक्षा को सुलभ बना रहा है, ने नीट यूजी परिणाम 2023 में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है।पीडब्ल्यू नीट बैच के कुल 15 छात्रों ने 700 से अधिक अंक प्राप्त कर मिसाल कायम किया। इसके अलावा, पीडब्ल्यू के नीट बैचों के 20,000 से ज्यादा छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ नीट परीक्षा क्वालीफाई किया। फिजिक्स वाला के टॉप स्कोरर में सैमुअल हर्षित एआईआर-24, निशांत शर्मा एआईआर-28, सुमेघा सिन्हा एआईआर-39, प्रयास राउत एआईआर-67, एमडी रेजाउल्लाह एआईआर-134 और प्रांजल सिंह एआईआर-150 शामिल हैं।परीक्षा के लिए 20 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया और 11,45,976 ने क्वालीफाई किया। इस वर्ष, पीडब्ल्यू के शिक्षकों द्वारा ट्रेन किए गए 20,000 से अधिक छात्रों ने अच्छे अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की और मेडिकल कॉलेजों में सीटें सुरक्षित किया। 9,000 से अधिक पीडब्ल्यू छात्रों ने 600 से ऊपर अंक प्राप्त किए, जबकि 1,500 से अधिक पीडब्ल्यू छात्रों ने 650 से अधिक अंक प्राप्त किए। 125 से ज्यादा पीडब्ल्यू छात्रों ने एआईआर 1000 के तहत रैंक हासिल की।पीडब्ल्यू की श्रेष्ठ मानकों वाली सुलभ और कम लागत में शिक्षा प्रदान करने की प्रतिबद्धता ने नीट की तैयारी करने वाले छात्रों को काफी फायदा पहुंचाया है।

# टोल फ्री करवाने की मांग दोहराई

## भाकियू व ग्रामीणों ने की टोल मैनेजर से मीटिंग, ग्रामीणों को दिया गया एक सप्ताह समय, पंचायतों के प्रस्ताव पारित करवाकर डीसी के माध्यम से एनएएचआई को भिजवाएं

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**पानीपत** से रोहतक हाईवे पर गांव डाहर में बने टोल प्लाजा पर 11 किलोमीटर के एरिया के ग्रामीणों को टोल में छूट देने की मांग को लेकर बुधवार को भाकियू सदस्यों व ग्रामीणों ने डाहर टोल पर पहुंच कर रोष प्रदर्शन किया। लेकिन टोल पर हंगामें की आशंका के चलते इसराना थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बलराज भी पुलिस बल के साथ टोल पर पहुंचे और इंस्पेक्टर ने सूझबूझ का परिचय देते हुए भाकियू सदस्यों व ग्रामीणों की मीटिंग टोल प्रबंधन से करवाकर टकराव की नौबत को टाल दिया गया। वहीं



मीटिंग में टोल प्रबंधन के समक्ष भाकियू सर छोटू राम के जिला अध्यक्ष प्रदीप जागलान व छोटू राम किसान सभा के अध्यक्ष देवेंद्र जागलान सहित ग्रामीणों ने 11 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों के लिए टोल फ्री करवाने की मांग दोहराई। जबकि टोल मैनेजर अभिषेक सिंह ने बताया कि एनएएचआई की गाइडलाइंस में टोल फ्री की सुविधा नही है। यदि ग्रामीण ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव पारित करवाकर डीसी के माध्यम से एनएएचआई को भिजवाएं और एनएएचआई से

**हंगामा**

**ग्रामीण अगर एनएएचआई से स्वीकृति लाकर दे तो उन्हें कोई एतराज नही है**

आदेश आने पर ही इसे लागू किया जा सकता है।

इस मौके पर प्रदीप जागलान व देवेंद्र जागलान ने बताया कि भाकियू व ग्रामीणों को टोल प्रबंधन ने प्रक्रिया पूरी करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है और तब तक इन गांवों के ग्रामीण ड्राइविंग लाइसेंस दिखा कर एक सप्ताह तक मिली छूट का लाभ उठा सकते है। ग्रामीणों द्वारा एक सप्ताह के दौरान डीसी से लिखित स्वीकृति नहीं दिलाने पर फिर से पूरा टोल वसूला जाएगा।

डाहर टोल मैनेजर अभिषेक सिंह ने बताया कि ग्रामीण अगर एनएएचआई से स्वीकृति लाकर दे तो उन्हें कोई एतराज नही है। इसके लिए ग्रामीणों ने एक सप्ताह का समय मागा है। फिलहाल गाइडलाइंस के अनुसार बीस किलोमीटर के दायरे में 330 रुपए का मासिक पास बनता है।

## मंत्री ने किया शहीद की मूर्ति का अनावरण



**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेन्दगढ़**
गांव खातोद में शहीद रोहित राव की मूर्ति का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री ओमप्रकाश यादव थे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता रामबिलाश शर्मा पूर्व मंत्री हरियाणा सरकार ने की। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा कंवर सिंह यादव ने कहा कि महेंद्रगढ़ की धरती शहीदों व सैनिकों की धरती है। उन्होंने कहा कि मैं अपने यहां की मिट्टी को नमन करता हूं। इस मिट्टी ने देश की हिफाजत के लिए अपने बेटों की शहादत दी है। खासतौर से जिला महेंद्रगढ़ के जवान देश की रक्षा के लिए अपनी शहादत देने में सबसे आगे हैं। अहिरवाल की मिट्टी के कण-कण में वीरता झलकती है। यहां के हर गांव में शहीदों की प्रतिमाएं नौजवानों को देश की रक्षा के लिए और देशभक्ति के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर ने शहीद की मां सुदेश देवी और शहीद के पिता अत्तर सिंह और दादा देशराज और दादी का सम्मान किया। इस मौके सभी गांव वालो ने मुख्य अतिथि और सभी गणमान्य लोगों का भव्य स्वागत किया।

## वैष्णो देवी गए रेलवे कर्मी के घर का ताला तोड़ चोरों ने सामान किया चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**गांव दातौली** में एक बंद मकान का ताला तोड़ चोर 2 लाख 10 हजार रुपये की नकदी और आभूषण व अन्य सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक अपने परिवार ले वैष्णो देवी गया हुआ था। रास्ते में लौटते समय घर चोरी होने की सूचना मिली। सूचना के बाद परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे थाना बड़ी पुलिस को चोरी की सूचना दी। सूचना के पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल चोरों का कोई सुराग नहीं लगा है। शिकायत में दातौली गांव के अमित कुमार ने बताया कि वह रेलवे में नौकरी करता है। 22 जून को वह अपने घर का ताला लगा कर अपनी पत्नी व बच्चों के साथ माता वैष्णो देवी के दर्शन करने लिए गया था। 25 जून को उसके पिता हरिसिंह ने उसे फोन पर मकान में चोरी हो जाने की सूचना

**जांच किया**

**ाकान मालिक अपने परिवार ले वैष्णो देवी गया हुआ था। रास्ते में लौटते समय घर चोरी होने की सूचना मिली**

दी। जब वह घर पहुंचे तो मकान का मेन गेट व कमरे पर लगे ताले टूटे हुए मिले। उन्होंने जब कमरे में रखी अलमारियों की जांच की तो पता चला कि चोर अलमारी में रखे 2 लाख 10 हजार रुपए, सोने की दो अंगूठी, चांदी की दो तगड़ी, तीन जोड़ी चांदी की पाजेब, सोने की कानों की बाली, सोने का ओम, नाक का कोका, चार चांदी की चैन चोरी हुई मिली। इसके अलावा चोर घर से एक एलइडी स्मार्ट टीवी, एक मिक्सी, एक इन्वर्टर बैटरी, गैस के दो सिलेंडर, छह लेडीज सूट व तीन पेंट चोरी हुई मिली।

## साधु के वेश में बालियां झपटने वाले तीनों आरोपी जेल भेजे

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला में सीआईए-1 अम्बाला की टीम ने कार्यवाही करते हुए आरोपी सालिन्द्र नाथ उर्फ सुरेन्द्र नाथ निवासी गाँव वजीरपुर टिटाणा थाना सम्भालखा जिला पानीपत, राकेश नाथ निवासी गाँव जलपुरा यूपी व कृष्ण नाथ निवासी गाँव कनोरा रेवाड़ी को गिरफ्तार कर चार दिनं का रिमाण्ड लिया था। आरोपी से रिमांड के दौरान अनेक खुलासे हुए। एस पी जशनदीप सिंह रंधावा ने बताया कि आरोपी अनेक वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान उन्होंने कबूल किया कि उन्होंने करनाल व पानीपत के आसपास के क्षेत्रों में भी इस प्रकार की लगभग 14.15 वारदातों को अंजाम दिया है।

## पदक विजेता 81 वर्षीय बुजुर्ग का एसडीएम व तहसीलदार ने किया स्वागत

### खुबडू गांव के 81 वर्षीय बजुर्ग महासिंह ने 50 मीं प्रोन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**उतरप्रदेश में** हुई हरियाणा स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में 50 मीं प्रोन स्पर्धा में खुबडू गांव के 81 वर्षीय बजुर्ग महासिंह ने स्वर्ण पदक जीता है। विजेता महासिंह का गन्नौर के एसडीएम निर्मल नागर व तहसीलदार मनोज ने स्वागत करते उन्हें बधाई दी। बड़ौत के बिनौली रोड स्थित गायत्री रायफल क्लब व विजेता बुजुर्ग महासिंह के कोच कपिल शर्मा ने बताया कि 16 से 23 जून के बीच दिल्ली की करणी सिंह शूटिंग रैंज में आयोजित हुई 8 वीं हरियाणा स्टेट शूटिंग चैंपियशनशिप में 50 मी प्रोन



स्पर्धा में अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। जिसमें मास्टर सीनीयर मैन में उन्होंने 600 सें मी में 462 अंक लेकर स्वर्ण पदक जीता है। महासिंह दो महीने से क्लब पर निशनेबाजी का अभ्यास कर रहे है। उन्होंने एक महीने पहले करणी सिंह शूटिंग रैल पर हुई प्री स्टेट हरियाणा शूटिंग चैंपियशिप में स्वर्ण पदक जीता था। कपिल शर्मा ने बताया कि वह बुहत ही होनहार है।

## जुलाना में होने वाली जेजेपी पार्टी की रैली होगी ऐतिहासिक: दहिया

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**जननायक जनता पार्टी** के जिला अध्यक्ष राज सिंह दहिया ने कहा कि आगामी दो जुलाई को जुलाना में होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। जिलाध्यक्ष बुधवार को बहालगढ़ रोड स्थित जजपा पार्टी कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। जिलाध्यक्ष का हलकाध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई, रामकिशन तुषीर, पूर्व प्रत्याशी अजीत आंतिल ने स्वागत किया। जिला अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकताओं का आह्वान किया कि वे एकजुट होकर जुलाना में होने वाली रैली को ऐतिहासिक बनाने में आज से



ही जुट जाएं । उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है, क्योंकि चुनावी वर्ष और मिशन-2024 शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि जेजेपी लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है और इसी कड़ी में दो जुलाई को जुलाना में सोनीपत लोकसभा की रैली होगी। ऐसे में सभी पार्टी कार्यकर्ता संगठित होकर इस रैली में अपनी पार्टी की ताकत दिखाएं। हलकाध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई ने कहा कि रैली को लेकर कार्यकताओं में उत्साह है। हलके से करीब 300 गाड़ियों में कार्यकर्ता रैली में शामिल होंगे। जेजेपी ने अपने घोषणा पत्र के अधिकतर वादों को अमलीजामा पहनाया है और बाकी बचे वादों को डेढ़ सालों में पूरा किया जाएगा। ओमप्रकाश ने कहा कि बुढ़ापा पेंशन को लेकर डॉ. अजय सिंह चौटाला व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला काफी गम्भीर है। वरिष्ठ नेता रामकिशन तुषीर ने कहा कि जेजेपी गठबंधन सरकार में हिस्सेदार है। पूर्व प्रत्याशी अजीत आंतिल ने कहा कि जेजेपी निरंतर अपना संगठन मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने विधानसभा चुनाव-2019 बड़ी मजबूती के साथ लड़ा था और बेहद कम समय में 10 विधायक बनाकर हरियाणा सरकार में अहम हिस्सेदारी की। हलकाध्यक्ष ओमप्रकाश रसोई ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर राजपाल सेवली, आजाद आंतिल, अमित आंतिल, आन्नद नांगल, जगजीत कुंडली, आन्नद पहलवान, बिजेन्द्र काला मुरथल, मुकेश जठेड़ी, रमेश पलड़ी, रमेश असावरपुर, राजा सेवली आदि मौजूद थे।

## बंधन बैंक ने अपनी शाखाओं की संख्या तीन गुना तक पहुंचाई

**रोहतक** :देश में सबसे तेजी से बढ़ते बैंकों में से एक बंधन बैंक ने अपना परिचालन शुरू करने के 8 वर्षों से भी कम समय में अपनी शाखाओं की संख्या को तीन गुना तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। बैंक की अब कुल 1,500 से अधिक बैंक शाखाएँ हैं। बैंक के पास पहले से मौजूद अन्य 4,500 बैंकिंग इकाइयों के नेटवर्क के साथ, देश भर में बैंकिंग आउटलेट की कुल संख्या अब 6,000 से अधिक है। बैंक ने 23 अगस्त 2015 को 501 शाखाओं के साथ अपनी यात्रा शुरू की थी।बैंक वर्तमान में भारत के 34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले 6,000 से अधिक बैंकिंग आउटलेटों के एक मजबूत नेटवर्क के माध्यम से 3 करोड़ से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है। बैंक की कोशिश है कि प्रत्येक भारतीय की विविध वित्तीय जरूरतों को पूरा किया जाए, चाहे वे कहीं भी रहते हों, या फिर उन्हें किसी भी वित्तीय उत्पाद की आवश्यकता हो और वे कोई भी बैंकिंग चैनल पसंद करते हों - फिजिकल या डिजिटल।बैंक के एमडी और सीईओ चंद्रशेखर घोष ने कहा, ह्यह्यआज का दिन बंधन बैंक के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जब हमने अपनी शाखाओं की संख्या को तीन गुना तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पिछले आठ वर्षों के दौरान देश के हर कोने से मिले ग्राहकों के विश्वास के कारण ही यह उपलब्धि संभव हो पाई है। आज हमारे देश में बैंकिंग आउटलेट्स की गहरी पैठ की जरूरत है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हर किसी की बैंकिंग तक पहुंच हो। हमारे तेजी से बढ़ते शाखा नेटवर्क और डिजिटल ऑफर्स के साथ, बंधन बैंक हमारे मूल्यवान ग्राहकों के लिए सुविधा, सुरक्षा और पहुंच को और बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## तीसरे दिन भी बिजली कर्मियों का धरना जारी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले सब यूनिट इंडस्ट्री एरिया में तीसरे दिन भी 9:00 से 11:00, 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया। जिसकी अध्यक्षता यूनिट उप प्रधान मुकेश कुमार ने की। अध्यक्ष जी ने अपने भाषण में बताया कि यह हमारी सब डिवीजन में विरोध प्रदर्शन का तीसरा दिन है, लेकिन हमारी समस्या का अभी तक कोई हल नहीं निकला है। जब तक पुलिस के द्वारा की गई एफ आई आर कैंसिल नहीं होती या हमारे द्वारा दी गई शिकायत पर एफ आई आर दर्ज नहीं होती तब तक हमारा यह विरोध प्रदर्शन आगे भी ऐसे ही चलेगा। जब अधिकारियों को अपना कोई काम करवाना होता है तो ये कर्मचारियों पर दबाव डालते हैं इसे जल्द से जल्द करके बताएं पर आप जब कर्मचारियों के ऊपर कोई आंच जाती है तो यह ना तो बात करते हैं उल्टा छिपकर ऑफिस आना बंद कर देते हैं। जिसका यूनियन पुरजोर रूप से विरोध करती है। अगर इस कारण कोई भी औद्योगिक अशांति होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी उच्च अधिकारियों की होगी।

## बलराज दलाल पैनल ने दाखिल किये अपने नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।** **आगामी 10** जुलाई को होने वाले बहादुरगढ़ प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन के चुनाव हेतु बलराज दलाल पैनल ने विभिन्न पदों के लिए अपने नामांकन दाखिल किये हैं। इस पैनल से प्रधान पद के लिए बलराज दलाल, उप प्रधान पद के लिए अजय गुलिया तथा वंश कौशिक, महासचिव पद हेतु कमल अरोड़ा, सह सचिव पद के लिए परविंदर दहिया तथा हरीश कौशिक व कोषाध्यक्ष पद हेतु प्रेम शर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है।



प्रधान पद उम्मीदवार बलराज दलाल ने कहा कि दरअसल तहसील और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, जिला नगर योजनाकार और नगर निकायों में लोगों को जमीनी कार्यों के संबंध में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जिसके कारण प्रॉपर्टी डीलरों को भी काफी दिक्कतें पेश आती हैं। इसके अलावा हर साल राजस्व विभाग अपनी मर्जी से कलेक्टर रेट में बढ़ोतरी कर देता है। जिसके कारण प्रॉपर्टी के व्यवसाय पर भी काफी प्रभाव पड़ता है। इन सबके खिलाफ संगठित होकर बहादुरगढ़ के प्रॉपर्टी डीलर आगामी 10 जुलाई को अपना पदाधिकारी पैनल चुनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी की टुकड़ों में रजिस्ट्री न होने, ब्लड रिलेशन की रजिस्ट्री, इंतकाल व जमाबंदी का ठीक से समायोजन न होने व तहसील व नगर परिषद में भ्रष्टाचार आदि मुद्दों का निराकरण करवाने पर हमारा पैनल फोकस करेगा और सरकार से टुकड़ों की रजिस्ट्री को खोलने की भी पुरजोर मांग की जाएगी ताकि छोटे निवेशकों को राहत मिल सके।

## 71 वर्षीय बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री के समक्ष रखी अजीब मांग

**टीम एक्शन इंडिया / रेवाड़ी**
**जिले के** नया गांव निवासी बेसहारा 71 वर्षीय बुजुर्ग ने सीएम मनोहरलाल को अजीबोगरीब पत्र लिख कर गुहार लगाई है कि *या तो मेरे अकेले का परिवार पहचान पत्र बना दीजिये या फिर मेरा ब्याह करवा दीजिये ताकि हम दोनों का पहचान पत्र बन सके।
दरअसल बुजुर्ग सतबीर का कोई नहीं है वह अकेला रहता है, जिस कारण उसका परिवार पहचान पत्र नहीं बन पाया। इस परिवार पहचान के बिना न तो उसकी बुढ़ापा पेंशन बन रही है न ही उंसके मकान की मरम्मत के लिए कोई अनुदान मिल पा रहा है। सभी सरकारी दफ्तरों में चक्कर लगाने के बाद वह जिला न्यायालय में एडवोकेट कैलाश के पास पहुंचा व अपनी




आप बीती सुनाई। बुजुर्ग की समस्या देख एडवोकेट कैलाश चंद ने सहायता करते हुए हरियाणा सरकार के सचिव, सिटीजन रिसोर्स इन्फॉर्मेशन विभाग चंडीगढ़, डायरेक्टर सोशल वेलफेयर विभाग हरियाणा, जिला उपायुक्त रेवाड़ी, एडीसी रेवाड़ी व समाज कल्याण विभाग रेवाड़ी को पत्र भेजकर मांग करते हुए बताया कि सतबीर 71 वर्षीय वृद्ध है, उसकी पत्नी का स्वर्गवास 6 वर्ष पहले हो गया, अब वह अकेला है, परिवार में ओर कोई भी सदस्य नही है। अकेले होने के कारण हरियाणा सरकार ने आजतक उसका परिवार पहचानपत्र नही बनाकर दिया है। सरकार का कहना है कि अकेले इंसान का परिवार पहचानपत्र नही बनाया जाएगा। बिना परिवार पहचान पत्र के उसकी वधार्पेंशन भी नही बन पा रही है ओर उसका मकान जो कि मकान के नाम पर सिर्फ दीवारे खड़ी है, छत पर लोहे की टिन है जो जंग के कारण बिल्कुल गल चुकी है, न ही उसके पास बिजलीं कनेक्शन है, खाना बनाने के लिये गैस कनेक्शन भी नही है, ओर न ही शौचालय है। पीड़ित ने ईमेल से भेजे पत्र के माध्यम से परिवार पहचान पत्र बनाने, वृद्ध अवस्था पेंशन बनाने ओर अन्य सरकारी स्कीमो को दिलवाने के आग्रह किया है। इसके अलावा पीड़ित बुजुर्ग सतबीर ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल को भी अलग से एक पत्र ईमेल से भेजकर व जिला उपायुक्त रेवाड़ी के मार्फत भेजकर आग्रह किया कि आपने नियम बनाया की अकेले इंसान का परिवार पहचानपत्र नही बनेगा, मै अपने परिवार में अकेला हु, या तो मेरा पुन: विवाह करवाओ ताकि पत्नी के साथ परिवार पहचान पत्र बन सके नही तो फिर मेरे अकेले का ही पहचान पत्र बनाकर दिया जाए।

## कांग्रेस नेता अरुण खत्री ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा से की मुलाकात

**हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के माध्यम से आमजन को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के कार्य की सराहना भी की**

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**कांग्रेस नेता** अरुण खत्री ने राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा से दिल्ली स्थित उनके कार्यालय पर मुलाकात की। अरुण खत्री ने दीपेंद्र हुड्डा को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर अभिवादन किया। मुलाकात के दौरान सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने अरुण



खत्री द्वारा हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के माध्यम से आमजन को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के कार्य की सराहना भी की।
सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस नेता अरुण खत्री से कांग्रेस पार्टी के प्रचार प्रसार को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुलाकात के दौरान दीपेंद्र हुड्डा ने कांग्रेस नेता अरुण खत्री से कहा कि हरियाणा की जनता जनविरोधी भाजपा जजपा गठबंधन सरकार से दुखी है और सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है इसलिए जनता जनार्दन के आशीर्वाद से हरियाणा में अगली सरकार कांग्रेस पार्टी की बनने जा रही है।

# भलस्वा वार्ड में डेंगू और मलेरिया रोधी कार्यक्रम का आयोजन







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली बादली विधानसभा क्षेत्र** के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में दिल्ली नगर निगम स्वास्थ्य विभाग, सिविल लाइन क्षेत्र के वार्ड नंबर-17 के जहांगीरपुरी इलाके में डेंगू और मलेरिया रोधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में निगम पार्षद अजीत यादव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि आज सभी को मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू से बचाव के उपाय बताये गये है। श्री यादव ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि सप्ताह में एक बार अपने कूलर की सफाई अवश्य ही करें और अगर गमलों व टायरों में बरसात का पानी एकत्रित हो तो उसे खाली कर दें, उसमें मच्छर पैदा होते है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक साबित हो सकते है। इसलिए जागरूक रहे और दूसरों को भी जागरूक करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी अपने-अपने विचार रखें।

# नरेला विधानसभा क्षेत्र में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली नरेला के** लामपुर रोड़ स्थित पीएचसी प्रांगण में बुधवार को पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन वार्ड 1 से मलेरिया विभाग व उद्यान विभाग ने संयुक्त रूप से किया।
इसमें विभिन्न प्रकार के 200 छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। साथ ही 600 पौधे लगाने का संकल्प भी लिया गया।
इस अवसर पर मलेरिया विभाग से इंस्पेक्टर मनोज देशवाल ने पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि पेड़ पौधों के कारण आज मनुष्य जीवित है। यदि पेड़-पौधे नहीं होंगे तो मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि





आज जो पौधारोपण किया है, वह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए तोहफा होगा, क्योंकि यह पेड़ पौधे बड़े होकर सदियों तक सभी को जीवन के रूप में ऑक्सीजन देते रहेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि हर व्यक्ति को एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। वही उद्यान विभाग के सुपरवाइजर मुन्ना लाल ने कहा कि पौधारोपण के बाद उनकी देखभाल करना बहुत जरूरी है, क्योंकि देखा गया है कि लोग पौधारोपण तो करते हैं। लेकिन उनकी देखभाल नहीं करते।
इस कारण कुछ दिनों बाद वह पौधे खत्म हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि पौधरोपण करने के बाद उसकी देखभाल करना भी बहुत जरूरी है ताकि वह फल फूलने के बाद वातावरण को शुद्ध कर सके।
इस दौरान सभी ने 600 पौधे लगाने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम में इंस्पेक्टर मनोज देशवाल, सुपरवाइजर मुन्नालाल, राजेश, प्रदीप, दलबीर, सागर, अजय, अश्वनी, विनोद, कृष्णा, चंद्रावती, संजीव सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दतिया हादसे पर जताया दुख

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के दतिया जिले में एक बेकाबू ट्रक के उफनती नदी में गिरने से हुई जनहानि पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने ट्वीट कर कहा, दतिया में हुआ सड़क हादसा हृदय विदारक है।
इस दुर्घटना में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके परिजनों के प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं है।

## ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दीं शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को ईद-उल-जुहा की पूर्व संध्या पर देशवासियों को बधाई दी है।
राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि ईद-उल-जुहा के अवसर पर मैं सभी देशवासियों ओर विदेश में बसे हुए भारतीयों, विशेषकर हमारे मुस्लिम भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।
उन्होंने कहा कि ईद-उल-जुहा प्रेम, त्याग और बलिदान का पवित्र त्योहार है। यह त्योहार हमें त्याग के मार्ग पर चलने और निःस्वार्थ सेवा भाव से मानवता की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है।

# रोहिणी के भगवान परशुराम पार्क में कैरियर विल ने लगाये पौधे







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली दिल्ली के** रोहिणी स्थित सैक्टर-6 के भगवान परशुराम पार्क में कैरियर विल के द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यअतिथि के रूप में कैरियर विल के चेयरमैन राकेश यादव सर मौजूद रहे। इस अवसर पर राकेश यादव सर ने बताया कि सभी को पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की तरह करनी चाहिए। जिससे की पेड़-पौधे सुरक्षित रहे। उन्होंने आगे बताया कि आज रोहिणी के परशुराम पार्क में पौधारोपण किया गया। इस दौरान लगभग 551 पौधे लगाये गये। राकेश यादव ने बताया कि वन पर्यावरण संरक्षण के तहत पूरे भारत में एक करोड़ पौधे 2024 तक लगाने का लक्ष्य रखा गया है।
इस अवसर पर रोहिणी के प्रसिद्ध समाजसेवी विजेन्द्र यादव, समाजसेवी भगत सिंह, समाजसेवी चेतन अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, दीपक गौतम, दीपक प्रजापति, विनोद शर्मा, साहिल यादव, मनीष यादव, रासबिहारी मंडल, जितेन्द्र सैनी, नवीन मुंजाल, किशन लाल मदान, प्रवीन यादव, जेडी यादव, धर्मराज यादव, मनोज कंसल, सुरेन्द्र गोयल, सुखबीर सैनी, अश्वनी गर्ग, राज कुमार मित्तल, राकेश मित्तल, राहुल शर्मा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## त्रिनगर वार्ड में भारतीय जनता पार्टी की हुई टिफिन बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली त्रिनगर** विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले त्रिनगर वार्ड में भाजपा की टिफिन बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद डॉक्टर हर्षवर्धन, निगम पार्षद मीनू गोयल के अलावा त्रिनगर मंडल के अध्यक्ष मुकेश गांधी, मंडल के महामंत्री शशि शर्मा, तरुण मेहरा, संजीव शर्मा व मंडल के सभी सदस्य और पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। इस दौरान डॉ. हर्षवर्धन ने पत्रक बाटें और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया और सभी कार्यकर्ताओं ने एक साथ भोजन ग्रहण किया।



नीमड़ी कॉलोनी में सड़क बनाने के कार्य का उद्घाटन करने जाते हुए वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश गुप्ता, वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी व अन्य।



# बल्लभगढ़-पलवल की मेट्रो कनेक्टिविटी के लिए धरातल पर काम हुआ शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की घोषणा के दो दिन बाद ही बल्लभगढ़ से पलवल की मेट्रो कनेक्टिविटी के लिए धरातल पर काम शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत के बाद मेट्रो प्रोजेक्ट की टैक्नो फिजिबिलिटी स्टडी के लिए 26 जून को आदेश जारी हुए और आज से इस पर काम भी शुरू हो गया। एक टीम जिसमें एचएमआरटीसी के प्रधान सलाहकार श्री एस.डी. शर्मा, राइट्स के एसडीजीएम श्री राज किशोर, राइट्स की प्रबंधक सुश्री नेहा गंभीर और डीआईपीआरओ



फरीदाबाद कार्यालय से श्री सन्नी दत्ता शामिल हैं, ने बल्लभगढ़ से पलवल तक प्रस्तावित एमआरटी कॉरिडोर का आज मंगलवार को दौरा किया। इस कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 24 किलोमीटर है। बल्लभगढ़ से पलवल तक कॉरिडोर पर स्टेशनों की संभावित संख्या 10 प्रस्तावित है। कॉरिडोर सेक्टर 58-59, सीकरी, सोफ्ता, पृथला, बघौला, आल्हापुर और पलवल के औद्योगिक क्षेत्र को कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। प्रस्तावित कॉरिडोर के लिए एमआरटी प्रणाली के विकल्पों का अध्ययन किया जाएगा। एनएचएआई और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा के बाद संरेखण तय किया जाएगा। बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन, बल्लभगढ़ बस स्टैंड, राजा नाहर सिंह मेट्रो स्टेशन और पलवल बस स्टैंड के साथ एकीकरण की योजना बनाई जाएगी। परिवहन परामर्श और इंजीनियरिंग क्षेत्र में अग्रणी कंपनी राइट्स लिमिटेड द्वारा आगामी कुछ दिनों में इस रूट की टैक्नो फिजिबिलिटी स्टडी पूरी कर ली जाएगी। इसके अलावा पलवल के लिए कंप्रेहेंसिव मोबिलिटी प्लान भी तैयार किया जा रहा है। यह एलिवेटेड मेट्रो रूट होगा और इस पर 180 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर की अनुमानित लागत आएगी। पूरे प्रोजेक्ट पर 4320 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। तकनीकी व्यवहार्यता अध्ययन पूरा होने के बाद प्रोजेक्ट को अप्रूवल के लिए हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (एचएमआरटीसी) के पास भेजा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस संबंध में जल्द ही बोर्ड की बैठक बुलाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने रविवार को पलवल जिला के गांव गदपुरी में फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की गौरवशाली भारत रैली के दौरान इस मेट्रो प्रोजेक्ट की घोषणा की थी।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय स्थापित करेगा लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय उत्तर भारत की सबसे बड़ी लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी स्थापित करेगा। इस एकेडमी में हर साल लगभग 3000 युवाओं को लॉजिस्टिक हब के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इस परियोजना में टीवीएस लॉजिस्टिक कंपनी श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय की भागीदार होगी। बुधवार को टीवीएस लॉजिस्टिक कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया और एकेडमी की स्थापना पर कुलपति डॉ. राज नेहरू के साथ बैठक की। इस बैठक में टीवीएस सप्लाई चेन सॉल्यूशंस के रीजनल चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर ऋषि दीवान और जोनल जनरल मैनेजर धीरज



शर्मा शामिल थे।

लॉजिस्टिक क्षेत्र में कुशल कामगारों की मांग को देखते हुए श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय ने लॉजिस्टिक स्किल एकेडमी स्थापित करने का निर्णय लिया है।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि यह रोजगार का बहुत तेजी से उभरता क्षेत्र है। लॉजिस्टिक क्षेत्र में ट्रेंड लोगों की कमी है। इस एकेडमी के माध्यम से लॉजिस्टिक कंपनियों के लिए बड़ी संख्या में युवाओं को ट्रेंड किया जा सकेगा। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस एकेडमी के माध्यम से आठवीं और दसवीं पास उन युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डीसी विक्रम सिंह ने गांव जाजरू में हरियाणा उदय अभियान के तहत किया जन संवाद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जाजरू गांव के मिडिल स्कूल में हरियाणा उदय अभियान के तहत जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं क्रियान्वयन से सम्बंधित लोगों से सीधी बातचीत की। गांव के सरपंच अजय डागर ने जिला प्रशासन का गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं गांव के मौजिज लोगों ने पगड़ी बांधकर डीसी विक्रम सिंह को सम्मानित किया। जनसंवाद कार्यक्रम के बाद डीसी विक्रम सिंह सीटीएम अमित मान, एसडीएम त्रिलोकचंद में पौध त्रिवेणी के पौधे भी लगाए। डीसी विक्रम सिंह ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों से जनसंवाद किया। उन्होंने लोगों से पूछा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं धरातल पर कितनी क्रियान्वित है। क्या वास्तव में लोगों तक इन योजनाओं का लाभ पहुंच रहा है या नहीं । उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही मातृत्व योजना, निरोगी आयुष, प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना, बीपीएल परिवार योजना, परिवार पहचान पत्र योजना, कन्या विवाह विवाह शगुन योजना आदि के बारे में जानकारी ली। वहीं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत लोगों को 5 लाख तक का स्वास्थ्य लाभ दिया जाता है। जिसके लिए परिवार पहचान पत्र में वार्षिक आय 1.20 लाख रुपए से नीचे होनी चाहिए। हरियाणा राज्य पहला राज्य है, जहां पर 1.80 लाख तक आयु के लोगों को बीपीएल परिवारों की सूची में शामिल किया गया है।वहीं केंद्र की मातृत्व सुरक्षा योजना के तहत बच्चे के जन्म से पूर्व पोषक आहार के लिए 5000 रुपए। वही, हरियाणा सरकार दूसरी संतान के जन्म से पूर्व 6000 रुपए की सहायता पोषण आहार के लिए उपलब्ध कराती है। डीसी ने कहा कि ऐसी अनेक योजनाएं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा संचालित की जा रही हैं, जो आम जनमानस को लाभान्वित करने का काम कर रही हैं।
प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चलाई जा रही जन धन योजना के तहत खोले गए बैंक खातों से 12 रुपए सालाना भुगतान करने पर 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा दिया जाता है। इसके अलावा कन्या विवाह शगुन योजना के तहत गरीब व आरक्षित परिवारों को कन्या के विवाह के लिए 31, 51 व 71 हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की जा रही है।
डीसी विक्रम ने अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि गांव से सभी अवैध कब्जे हटाए जाएं। राजस्व व जिला विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारी आपसी तालमेल करके भूमि की पैमाइश करके इस कार्य को यथाशीघ्र पूरा करें। उन्होंने लोगों की परिवार पहचान पत्र वेरिफिकेशन करवाने और पेंशन के संबंध में कहा कि लोगों को कहीं चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार परिवार पहचान पत्र के जरिए ही वृद्धावस्था पेंशन व बीपीएल कार्ड बनाए जा रहे हैं। सरकार की ऑनलाइन पर प्रणाली प्लेटफार्म प्रणाली की व्यवस्था में कुछ बाधाएं हैं। उसे दूर जरूर जाकर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ठीक करवाएं। इसके लिए सीएससी सेंटर या एडीसी व एसडीएम कार्यालय में जाकर अपने परिवार पहचान पत्र की आय को दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विभागों के गाँव जाजरू में जो भी कार्यालय, स्कूल, अस्पताल हैं। उनकी छतों को की साफ-सफाई बारिश के मौसम में जरूर करवाएं। ताकि उनकी छतों पर पानी न ठहरे। वहीं जिन विभागों के जो भी विकास कार्य चल रहे हैं वह गांव में उनका निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। गांव में लिंगानुपात 1000 के मुकाबले 880 है। जो कि एक चिंतनीय विषय है। इसके लिए सरकार द्वारा जारी ही हिदायतों के अनुसार गांव में क्या कमी है। किस वजह से यह सिस्टम में ढील है। इसे दूर करने के लिए गांव के प्रबुद्ध वर्ग आए आगे आएं। प्रशासन इस लिंगानुपात को बढ़ाने में प्रशासन का पूरा सहयोग प्रदान करें। डीसी विक्रम ने गांव में पशु अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केन्द्र और स्कूल तथा अन्य सरकार की विभिन्न पेयजल संबंधी, बिजली संबंधी शिकायतों को सुना और संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लोगों से शिक्षा, चिकित्सा पेयजल सप्लाई, बिजली सप्लाई, पानी की निकासी सहित तमाम जानकारियां भी ग्रामीणों से ली। वहीं ग्रामीणों ने गांव से हड्डा रोड़ी हटवाने, अवैध कब्जे हटवाने, शमशान भूमि पर सबमर्सिबल लगवाने, शेड बनवाने, चारदीवारी बनवाने सहित जो भी मांगे रखी। उसके बारे में अधिकारियों को डीसी विक्रम ने दूर करने के तुरंत दिशा निर्देश दिए।

## धोखाधड़ी से पिता की संपत्ति अपने नाम करवाई, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
फतेहाबाद में एक व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी के साथ मिलकर धोखाधड़ी से अपने पिता का मकान अपने नाम ट्रांसफर करवाने का समाचार है। इस बारे आरोपी की मां ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने बुधवार को आरोपी दम्पति के खिलाफ केस दर्ज किया है।
पुलिस को दी शिकायत में शक्ति नगर फतेहाबाद निवासी मनजीत कौर ने कहा है कि उसका पति जगजीत सिंह अपने दो बेटों व बेटी के साथ कनाडा में रहता था और उसकी वर्ष 2006 में कनाडा में हो मृत्यु हो गई थी।

# केंद्रीय राज्य मंत्री ने करवाया दो महीने से चल रहा रिवाजपुर आंदोलन समाप्त

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास को लेकर कार्य कर रही है। केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज बुधवार को गांव रिवाजपुर पहुँच कर आंदोलनरत ग्रामीणों को कूड़ाघर हटवाने का आश्वासन देकर धरने को समाप्त करा दिया। बता दें कि सर्व प्रथम 16 गांव की सरदारी और रिवाजपुर के ग्रामवासियों ने पुष्प वर्षा कर और पगड़ी बांध कर केंद्रीय राज्य मंत्री का स्वागत किया। उन्होंने वहां उपस्थित ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि



भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास नीति पर कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। इसी भाव के साथ हम आगे भी जनता की सेवा करेंगे। क्षेत्र की जनता लगातार दो महीने से भूख प्यास सहन करके गर्मी में बैठी हुई हैं। वह शुरू से अपने लोकसभा क्षेत्र की जनता के साथ थे और समय समय पर रिवाजपुर संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी करते रहे हैं। फिर चाहे मुख्य सचिव से मिलवाना हो, कमिश्नर नगर निगम से बैठक करवानी हों, या पुलिस प्रशासन से कोई सख्ताई न बरतने की बात करनी हो, हर समय परोक्ष रूप से वह आंदोलनकारी समिति के साथ मिल कर उचित समाधान निकालने के पक्ष में रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल ने घोषणा करते हुए कहा कि यहाँ कूड़ाघर बनाना रोक दिया गया है और वैकल्पिक स्थान ढूंढा जा रहा है। वहीं ग्रामवासियों की अपील पर उन्होंने गांव टिकावली कॉलोनी में नाले के ऊपर जल्द से जल्द पुलिया बनाने का भी आश्वासन दिया। ग्राम वासियों ने आज के दिन को ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि उनका विश्वास अपने जनप्रतिनिधियों पर पुनः लौट आया है।
उन्हें खुशी है कि सरकार और प्रशासन ने उनकी बात को माना। इस दौरान नाहर सिंह चौहान, रवि चौहान, कुलदीप त्यागी, रोहताश चौधरी, ललित चौहान, विजयपाल, माला चौहान, लाडो ठाकुर, मधु चौहान, राजवीर, कँवर सिंह, कहर सिंह व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# खेत में काम कर रहे किसान को गोली मारी

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
रंजिश के चलते गांव ललौदा में कुछ लोगों द्वारा खेत में काम कर रहे एक किसान पर हमला कर उस पर गोली चलाने और उनके मोटरसाइकिल व ट्रैक्टर को आग लगाने का समाचार है। गोली लगने से घायल युवक व उसके चाचा को उपचार के लिए टोहाना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से इन्हें अग्रोहा रेफर कर दिया गया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।
पुलिस को दी शिकायत में हिसार जिले के गांव बुडाखेड़ा निवासी वकील ने कहा है कि उसकी बुआ नारायणी व चाचा मनोहर की टोहाना के गांव ललौदा में जमीन



है जबकि उसने भी यहां जमीन खरीदी हुईहै। गत दिवस उन्होंने खेतों में धान लगाने के लिए पानी छोड़ा हुआ था जबकि उसका चाचा ट्रैक्टर से खेतों में काम कर रहा था। वहां उनका मोटरसाइकिल भी खड़ा था। शाम करीब छह बजे चरणजीत कौर, प्रकाश कौर, अजय, दीपा, घोड़ा, रामधारी उर्फ बिल्लु, सोनू व चरणजीत का पति कुलदीप, कुलवंत बॉक्सर व 10-15 अन्य लोग वहां आए। इनके पास हथियार, लाठी-डंडे, गंडासे, तलवार व किरपाण भी थी। इन लोगों ने आते ही उस पर हमला कर दिया। जब वह बचाव के लिए भागने लगा तो आरोपियों में से एक ने उस पर फायर कर दिया।

## पशुओं में सीपपॉक्स, ईटीवी व पीपीआर का टीकाकरण शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**
पशुओं को मुंहखुर व गलघोटू जैसी महामारी से बचाने के लिए लिए पशपुलन एवं डेयरिंग विभाग द्वारा सभी बड़े पशुओं को मुहंखुर व गलघोटू की संयुक्त वैक्सीन लगाने का टीकाकरण अभियान चलाया गया।
जिसके तहत विभाग द्वारा भिवानी जिला में 2 लाख 76 हजार पशुओं को संयुक्त वैक्सीन का टीकाकरण किए जाने का लक्ष्य दिया गया था, जिस लक्ष्य को लगभग पूरा किया जा चुका है। जिसके बाद अब भेड़-बकरियों का सीपपॉक्स, ईटीवी व पीपीआर का टीकाकरण किया जा रहा है।

# किसानों को 3 से 10 हॉर्स पावर तक के सौर ऊर्जा पम्प मिलेगा 75 प्रतिशत अनुदान : एडीसी अपराजिता


**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** एडीसी अपराजिता ने कहा कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग हरियाणा द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना के तहत किसानों को 3 से 10 हॉर्स पावर (एचपी) तक के सौर ऊर्जा पम्प 75 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराये जायेंगे। यह जानकारी देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती अपराजिता (आई.ए.एस) ने आगे बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा 3 एचपी, 7.5 एचपी व 10 एचपी के पूरे हरियाणा में सौर ऊर्जा पंप 75 प्रतिशत अनुदान पर दिए जाएंगे। सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम केवल उन्हीं किसानों को दिए जाएंगे जो किसान सूक्ष्म सिंचाई जैसे टपका सिंचाई या फव्वारा सिंचाई योजना के तहत सिंचाई करते हो और अपने खेत में जमीनी पाईप लाइन दबाकर सिंचाई करते हो। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन हरियाणा सरकार के सरल पोर्टलsaral-haryana.gov.in पर ही किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के समय परिवार पहचान पत्र के साथ मोबाईल लिंक होना चाहिए, कृषि भूमि की जमाबंदी या फर्द तथा घोषणा पत्र प्रार्थी के पास अवश्य होना चाहिए। सोलर पम्प की सम्पूर्ण तकनीकी विशिष्टताओं की जानकारी के लिए विभाग की



वेबसाईट ((http://hare-da.gov.in) ) या MNRE की वेबसाईट mnre.gov.in पर जाये। उन्होंने आ इस योजना के तहत जो किसान सोलर वाटर पंपिंग सिस्टम लगवाना चाहते हैं, वह सरल हरियाणा ((https://saral-haryana.gov.in)) पर आज 28 जून 2023 को प्रातः 9 बजे से 12 जुलाई 2023 तक सायं 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। एडीसी अपराजिता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार आजादी के अमृत महोत्सव की श्रंखला में इस वर्ष के लक्षित लाभार्थियों का चयन परिवार की वार्षिक आय व भूमि धारण के आधार पर किया जायेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से 2021 तक के डिस्कॉम के विद्युत ट्यूबवेल कनेक्शन आवेदकों को सबसे पहले प्राथमिकता दी जाएगी।
दूसरी प्राथमिकता मिकाडा/टक्ऊअऊ़अ के सोलर पंप के आवेदकों को दी जाएगी।

# एडीसी अपराजिता ने बैठक कर सड़क सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करनवाने के लिए विद्यार्थियों और ड्राइविंग करने वाले लोगों को जागरूक करें। एनसीसी कैडेट को सड़क सुरक्षा से सम्बंधित ट्रैनिंग देकर जागरूकता अभियान चलाए।
सड़क सुरक्षा नियमों की पालना करने के लिए जिस विभाग के अधिकारी और कर्मचारी को जो भी दायित्व मिला है। उस विभाग के अधिकारी उसे पूरी निष्ठा के साथ सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार निर्धारित समय पर पूरा करें।
अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता



आज बुधवार को आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में जिला फरीदाबाद में सड़क सुरक्षा के नियमों सही पालना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर उपस्थित अधिकारियों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े गणमान्य लोगों को सम्बोधित कर रही थी। सड़क सुरक्षा के नियमों की पालना करने के लिए पुलिस प्रशासन और हाईवे के तकनीकी अधिकारी आपसी तालमेल करके कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करें। सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार सड़क सुरक्षा के नियमों अनुसार हैं सड़क पर लगाई जाने वाली पटिया, जेबरा क्रॉसिंग प्वाइंट और ग्रील लगाने, टूटने पर ठीक करवाने सहित बरसाती पानी या गंदा पानी इक्कठा होता है वहां उन स्थानों को चिन्हित करके वहां पर सभी समस्याओं को दूर करें। समीक्षा बैठक में प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी, हरियाणा रोडवेज, ट्रांसपोर्ट, पुलिस एवं रोड सेफ्टी ओमनी फाउंडेशन (रजि.) के प्रतिनिधियों सहित बैठक से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।
एडीसी अपराजिता ने कहा कि अगर कही कोई सड़क दुर्घटना होती है तो उस दुर्घटना के कारणों की सही तरीके से जांच हो और दुर्घटना में जिसकी लापरवाही हो उस पर कानूनी कार्यवाही की जाएं।
सभी एजेंसिया अपने अंडर बनी रोड की पूर्ण जानकारी दे और सड़क बनाने में अगर ठेकेदार कोई कमी छोड़े तो उस पर भी कार्यवाही की जाए।

# मानव रचना ने स्मार्ट सिटी में शहरी जलभराव और भूजल की कमी के सह समाधान के लिए परियोजना का लोकार्पण किया

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** स्मार्ट सिटी में जलभराव और भूजल की कमी की समस्या दूर करने के लिए मानव रचना सेंटर फॉर एडवांस वॉटर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट , मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) की ओर से को पीडब्ल्यूडी बीएंडआर कॉलोनी सेक्टर-16 ए में संचालित शोध परियोजना का लोकार्पण किया गया। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) की ओर से वित्त पोषित इस परियोजना को 70.12 लाख रुपये की लागत से पीडब्ल्यूडी की जमीन पर तैयार किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त श्री विक्रम सिंह और विशिष्ट अतिथि के तौर पर केंद्रीय भूजल बोर्ड के चेयरमैन श्री सुनील कुमार शामिल हुए। इस दौरान मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (एमआरईआई) के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत भल्ला, एमआरईआई के डीजी डॉ. एनसी वाधवा, जल प्रौद्योगिकी सेल (डीएसटी) प्रमुख डॉ. प्रवीण अरोड़ा, सीएडबल्यूटीएम के चेयर प्रोफेसर डॉ. दीपांकर साहा, परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. ए मुखर्जी और सह प्रधान अन्वेषक डॉ. निधि डिडवानिया भी शामिल रहीं। सबसे पहले कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए डॉ. ए मुखर्जी ने परियोजना के बारे में तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि ये अनुसंधान परियोजना है जिसे सामान्य तौर पर उपयोग की जाने वाली छत पर वर्षा जल संचयन



और कृत्रिम भूजल पुनर्भरण प्रणाली को संशोधित करके तैयार किया है। शहरी क्षेत्रों में आ रही जलभराव की समस्या एवं भूजल स्तर के गिरते स्तर की समस्या को देखते हुए अधिक प्रभावी और कुशल जलभृत भंडारण के लिए काम करेगा। जिला उपायुक्त ने इस परि?ोजना के लिए संस्थान को बधाई देते हुए कहा कि इसके सफल क्रियान्वन पर पूरे शहर के लिए योजना बनाई जाएगी। स्मार्टसिटी में कई कारणों से जलभराव बड़ी परेशानी बनी हुई है। इसके लिए सभी की भागीदारी से उपाय तलाशे जा रहे हैं।
डॉ. प्रशांत भल्ला ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य लोगों के शिक्षित करने के साथ ही बेहतर समाज का निर्माण करना है, ये परियोजना इसी मकसद को सार्थक करती है। इसकी मॉनिटरिंग कर सरकार और प्रशासन के साथ परिणाम साझा कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। श्री सुनील कुमार ने कहा कि देशभर में कई शहरों में जलभराव और पानी की किल्लत विकराल रूप ले चुकी है। इससे निजात पाने के लिए डीएसटी ने मानव रचना के सहयोग से पहल की है जिससे भूजल स्तर बढ़ेगा। डॉ. दीपांकर साहा ने कहा कि इस परियोजना की संरचना साइंटिफिक तरीके से तैयार की गई है, जोकि पानी में से गंदगी को अलग कर इसे पूरी तरह शोधित करके जलभृत भंडारण को बढ़ाएगा। डीएसटी से आए डॉ. प्रवीण अरोड़ा ने कहा कि इस परियोजना से काफी उम्मीदें हैं। ये परियोजना सफलतापूर्वक लागू होगी और देशभर के शहरों को जलभराव और भूजल कमी की समस्या दूर करने के लिए एक मिसाल पेश करेगी। कार्यक्रम संचालिका डॉ. निधि ने बताया कि ये परियोजना फरीदाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड और पीडब्ल्यूडी के सहयोग से तैयार की गई है।

इससे पहले सफल रहीं दो परियोजनाएं

सेक्टर 16 ए (पीडब्ल्यूडी बी एंड आर कॉलोनी) और 15ए (ऑफिसर्स कॉलोनी) में स्मार्ट सिटी क्षेत्र के तहत दो स्थानों की पहचान की गई थी, जहां भूजल स्तर घटता जा रहा है और जलभराव की परेशानी है। इलाके में हर साल मानसून में भारी बारिश के दौरान लोग परेशान रहते हैं। इन दोनों जगहों पर मई 2021 में लगाई गई परियोजनाओं के तहत पिछले मानसून में परीक्षण किया गया और पाया कि ये दोनों पूरी तरह ठीक काम कर रहे हैं। इसके बाद तीसरी परियोजना को शुरू किया गया है

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 29 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

# सीएम हेल्पलाइन की दो बार समीक्षा करें: धामी

### शिकायतों पर त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस पर कुछ शिकायतकर्ताओं से जिलाधिकारी बात करें

**समीक्षा के निर्देश**

**▸▸ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने निर्देश दिये कि सतर्कता अधिष्ठान को तेजी से सक्रिय किया जाए**





**विभिन्न विभागों में किसी क्षेत्र में अधिक शिकायतें आ रही हैं, तो इनका भी अलग से डाटा रखा जाए**

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**सीएम** हेल्पलाइन-1905 की सभी जिलाधिकारी माह में दो बार समीक्षा करें। सचिव एवं विभागीय एचओडी भी इसकी नियमित समीक्षा करें। सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों पर त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस पर कुछ शिकायतकर्ताओं से जिलाधिकारी बात करें। यह निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिये। मुख्यमंत्री हर माह के अन्तिम गुरुवार को सीएम हेल्पलाइन 1905 की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री धामी ने निर्देश दिये कि सतर्कता अधिष्ठान को तेजी से सक्रिय किया जाए। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के लिए 1064 नम्बर के प्रति लोगों को और जागरूक किया जाए। शिकायतें मिलने पर जनपदों में जिलाधिकारी एवं एस.एस.पी कार्यालयों का औचक निरीक्षण करें। विजिलेंस को भी सख्ती से कार्य करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिये। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन विभागों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के निदान का प्रतिशत कम है, वे सभी विभाग इसमें जल्द सुधार कर लें। जन शिकायतों का समयबद्धता के साथ निदान हो, सभी विभाग इसको पूरी गंभीरता से लें। कार्य के प्रति लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए जो विभाग अच्छा कार्य कर रहे हैं, उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर एवं विभाग के स्तर पर लोग जो अपनी समस्याएं लेकर आ रहे हैं, यह सुनिश्चित किया जाए कि उनका शीघ्रता से समाधान हो। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि यह सुनिश्चित करें कि सीएम हेल्पलाइन पर शिकायतों का आंकलन अच्छी तरह से हो, शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि आगामी बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों पर प्रत्येक जनपद में कितने प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण हुआ है, इसका भी पूरा डाटा प्रस्तुत किया जाए।

विभिन्न विभागों में किसी क्षेत्र में अधिक शिकायतें आ रही हैं, तो इनका भी अलग से डाटा रखा जाए, ताकि इनके समाधान के लिए आगे नीति निर्धारण किया जा सके। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम हेल्पलाइन पर विभिन्न समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज करने वाले 07 शिकायतकताओं से बात भी की। अल्मोड़ा के गिरीश चन्द्र तिवारी ने शिकायत दर्ज की थी कि उनके विद्युत कनेक्शन पर किसी और का बिल दिखाई दे रहा है। इसकी जानकारी विभागीय कार्यालय को देने के बाद जल्द समाधान नहीं हुआ। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद मात्र चार दिन बाद समाधान हो गया था।

इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया। पौड़ी के महेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि उन्होंने जाति प्रमाण पत्र के लिए दो बार अप्लाई किया था, दोनों बार फार्म रिजेक्ट किया गया। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत करने के बाद समस्या का समाधान जल्द हो गया था।

**फास्ट न्यूज**

## सिवनी: डुंगरिया बांध में रिसाव, खाली हुए दो गांव

**सिवनी:** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के लखनादौन विकासखंड अंतर्गत डुंगरिया बांध की दीवार में सीपेज की स्थिति को देखते हुए 27 जून की रात आसपास के दो गांव डुंगारिया व बदनौर खाली हो गए। यहां के निवासी सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं। जल संसाधन विभाग सिवनी के कार्यपालन यंत्री नंदकिशोर बेलवंशी ने बताया कि लखनादौन के अंतर्गत आने वाले ग्राम गनेशगंज के समीप डुंगरिया बांध में बारिश के कारण जलभराव ज्यादा हो गया था तथा ओवरफ्लो के कारण रिसाव हो रहा था। रात में दो घंटे के लिए स्थिति खराब रही। हमने मशीनरी व स्टाफ लगाकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। अब स्थिति सामान्य है। नगर निरीक्षक थाना लखनादौन मनोज गुप्ता ने बताया कि बांध के रिसाव को देखते हुए ग्रामीण स्वविवेक से सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित स्थानों पर चले गए हैं।

## बकरीद के मद्देनजर रांची में फ्लैग मार्च

**रांची।** राजधानी रांची में बकरीद को लेकर एसएसपी किशोर कौशल के नेतृत्व में शहर के अलग-अलग जगहों पर फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान डोरंडा इलाके में फ्लैग मार्च किया गया।

एसएसपी ने कहा कि फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को संदेश देने का प्रयास किया गया कि सभी शांति से त्योहार मनाएं। उपद्रव फैलाने वालों को बक्सा नहीं जायेगा। साथ ही फ्लैग मार्च के जरिए लोगों से गुरुवार को बकरीद के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई। सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाने का आग्रह किया गया।

राजधानी रांची में बकरीद को लेकर सुरक्षा के कड़े और पुख्ता इंतजाम किये गये है। सुरक्षा को लेकर राजधानी में दो हजार पुलिसकर्मी को लगाया है। एसएसपी ने बताया कि पर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है। साथ ही बकरीद को लेकर 1200 लोगों के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 107 के तहत कार्रवाई की गयी है। दूसरी ओर रांची पुलिस ने आम लोगों से अनुरोध किया है कि किसी भी अप्रिय घटना होने, उसके प्रयास करने और असामाजिक गतिविधि की सूचना हमारे कंट्रोल रूम के व्हाट्सएप नंबर 6299 423768 पर दें। साथ ही 112 पर कॉल करें। हर सूचना पर रांची पुलिस अविलंब कार्रवाई करेगी। इसके अलावा सिटी एसपी शुभांशु जैन और ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने भी अलग-अलग जगहों पर फ्लैग मार्च किया। दोनों अधिकारियों ने लोगों को शांति से पर्व त्योहार मनाने की अपील की।

## सड़क पर नमाज अदा की तो होगी एफआईआर



**चस्पा**

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**

**ईद** उल अजहा पर सड़क पर नमाज न हो इसके लिए पुलिस ने पूरी सख्ती बरतनी शुरू कर दी हैं। बुधवार को पुलिस ने मस्जिदों पर आदेश चस्पा किए हैं। इसमें सीधे कहा गया है की ईदगाह या मस्जिदों के बाहर नमाज अदा की गई तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ तत्काल रिपोर्ट दर्ज की जायेगी। ऐसे लोगो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस की ओर से सभी मस्जिदों पर ऐसे आदेश चस्पा किए जाते रहे। 9 से लेकर मुस्लिम वर्ग के चेहरों पर खौफ देखा गया। पूरे दिन मेरठ में ये आदेश चस्पा करने के क्रम जारी रहा। इस बारे में जब मस्जिदों के मुतवल्ली और इमाम से बातचीत का प्रयास किया गया तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया केवल इतना कहा सरकार के जो आदेश है उसे सभी आमो खास को अवगत करा दिया गया हैं। उन्हें इसका पालन करना चाहिए। इससे पहले देवबंद स्थित दारुल उलूम ने भी की ओर से अपील जारी करते हुए कहा था कि हमारे बड़े बुजुर्गों ने हमेशा प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी से मना किया है इसलिए हर मुसलमान इसका ख्याल रखें और प्रतिबंधित जानवरों की कुबार्नी से दूर रहे। यह भी कहा कि खुले में और सड़कों व रास्तों पर कुर्बानी बिल्कुल न करें।

# बिहार: शाह की जनसभा की सभी तैयारियां पूरी



**शाह भरेंगे हुंकार**

**▸▸ 29 जून को गृहमंत्री अमित शाह का गांधी मैदान में होने वाली सभा भी ऐतिहासिक होगी**

**टीम एक्शन इंडिया/पटना**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 29 जून को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के गढ़ मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के लखीसराय में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बिहार भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। 25 हजार कार्यकर्ताओं के आने की व्यवस्था की गई है। उनके लखीसराय दौरे को ऐतिहासिक बनाने के लिए बिहार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी मंगलवार और बुधवार दो बार लखीसराय आ चुके हैं। उन्होंने तैयारियों को जायजा लिया। इस दौरान सम्राट चौधरी ने कहा कि 29 जून को गृहमंत्री अमित शाह का गांधी मैदान में होने वाली सभा भी ऐतिहासिक होगी। सम्राट चौधरी ने लखीसराय में कार्यकताओं का उत्साह वर्धन किया और कहा कि कल होने वाली रैली ऐतिहासिक होगी। लखीसराय के अशोक धाम स्थित मंदिर से सटे बाहरी परती खेत में गृहमंत्री अमित शाह का हेलिकॉप्टर उतरने के लिए हेलिपेड निर्माण कराया जा रहा है। निमार्णाधीन हेलिपैड के बगल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी का हेलिकॉप्टर उतरा। प्रदेश अध्यक्ष का हेलिकॉप्टर आते ही अशोकधाम में स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ लग गई।

# अपने जीवन को प्रभु की भक्ति में लीन कर देना चाहिए



**▸▸ सभी श्रद्धालुओं को जीवन में परमात्मा की भक्ति को हमेशा उच्च स्तर पर रखने के लिए प्रेरित किया**

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**उत्तर-भारत** के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री राधा कृष्ण मंदिर कोटलां कलां में गुरू पूर्णिमा महोत्सव के उपलक्ष्य में चल रही श्रीमद् भागवत के दौरान जहां राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने आश्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। वहीं दिल्ली से पहुंचे कथावाचक राधा दामोदर दास ने अपने प्रवचनों से संगतों को निहाल किया। राष्ट्रीय संत बाबा जी महाराज ने भक्ति की शक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि जो मनुष्य प्रभु को साक्षी मानकर जीवन में हर कार्य करता है, वह सदैव प्रभु की कृपा का पात्र बना रहता है, ऐसा प्राणी कभी गलत मार्ग पर नहीं चल सकता। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि हमें हमेशा प्रभु को साक्षी मानकर ही जीवन यापन करना चाहिए। मनुष्य को हर समय प्रभु कर भक्ति में लीन होकर हर कार्य को करना चाहिए। बाबा बाल जी ने अपने भक्तों को निहाल करते हुए कहा कि प्राणी को आदर, सम्मान व निस्वार्थ भावना से जीवन यापन करना चाहिए। भगवान की ओर से दिए गए अनमोल जीवन को प्रभु को समर्पित करके ही जीवन व्यतीत करना चाहिए। उधर, कथावाचक राधा दामोदर दास ने आए हुए सभी श्रद्धालुओं को जीवन में परमात्मा की भक्ति को हमेशा उच्च स्तर पर रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इंसान हर समय धन दौलत कमाने के बारे में सोचता हैं। लेकिन असली कमाई तो प्रभु के सुमिरन की ही करनी चाहिए।

## राजस्थान यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने बरसाईं लाठियां

**टीम एक्शन इंडिया/जयपुर**

राजस्थान यूनिवर्सिटी में एक साल के लंबे अंतराल के बाद बुधवार को सिंडिकेट की बैठक हो रही थी और इसमें कुल चालीस से ज्यादा प्रस्तावों पर चर्चा होनी है। बैठक में शामिल होने के लिए विधायक अमीन कागजी और गोपाल मीणा भी पहुंचे और सिंडिकेट का कोरम पूरा होने के साथ ही बैठक शुरू की गई थी। इस बीच मूलभूत समस्याओं को लेकर कुलपति सचिवालय की ओर बढते हुए प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस ने जमकर लाठियां बरसाईं।

बताया जा रहा है कि इन्हें रोकने के लिए यूनिवर्सिटी में बड़ी संख्या में पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारी छात्र बैरिकेड तोड़ कुलपति सचिवालय तक पहुंच गए और वहां हो रही सिंडिकेट की बैठक में हंगामा करने लगे। इस पर पुलिस ने लाठी चार्ज छात्रों को खदेड़ा। जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के छात्र मनु दाधीच,भरत भूषण बड़ी संख्या में प्रदर्शन करने कुलपति सचिवालय की ओर बढ़ रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग कर पहले ही रोक दिया। इससे नाराज छात्र पुलिस से उलझ गए और बैरिकेडिंग हटाकर कुलपति सचिवालय की ओर बढ़ने लगे।

# संतुष्टिकरण के रास्ते पर चल रही मोदी सरकार: तरुण

**दो टूक**

**▸▸ मारी प्राथमिकता दल से पहले देश है। जब देश का भला होगा तो सबका भला होगा, उससे देश आगे बढ़ेगा**

**टीम एक्शन इंडिया/भिण्ड**

**भाजपा के** के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार तुष्टिकरण नहीं, बल्कि संतुष्टिकरण के रास्ते पर चल रही है। जो लोग कॉमन सिविल कोड का विरोध कर रहे हैं, वे इस बात का जवाब दें कि यदि परिवार के हर सदस्य के लिए अलग-अलग कानून हों तो क्या घर चल सकता है? हमारी प्राथमिकता दल से पहले देश है। जब देश का भला होगा तो सबका भला होगा, उससे देश आगे बढ़ेगा। इसीलिए हमने तय किया कि तुष्टिकरण, वोटबैंक के रास्ते पर नहीं चलेंगे। भाजपा महासचिव चुघ बुधवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान भिण्ड जिले के मेहगांव में विशेष जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सभा को अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य व सांसद संध्या राय ने भी संबोधित किया

**हर वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही मोदी सरकार:** चुघ ने कहा कि हमारा रास्ता योजनाओं के सौ फीसदी क्रियान्वयन के साथ संतुष्टि देने का है। कांग्रेस की नीति रही है कि पहले किसानों को संकट में डालो, फिर का कर्ज का लालच देकर, झूठ बोलकर उनके वोट लो। कांग्रेस ने कर्ज माफी का ऐलान किया था लेकिन उस पर अमल नहीं किया। मोदी सरकार ने करोड़ों किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से राशि पहुंचाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है। मोदी सरकार गरीबों, मजदूरों, किसानों की सरकार है जो विकास के लिए काम कर रही है।

**विरोध** बिहार के दस लाख बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देने का वादा पूरी तरह से झूठा साबित हो रहा

# बिहार सरकार द्वारा डोमिसाइल नीति बदलने से अभ्यर्थियों में आक्रोश

**बवाल**



**▸▸ अगर नियोजित शिक्षक ही बहाल हो जाते हैं तो यह नौकरी देने के नाम पर अपना पीठ जरूर थपथपा लेंगे**

**टीम एक्शन इंडिया/बेगूसराय**

**बिहार** सरकार द्वारा शिक्षक नियुक्ति में बिहार से बाहर के राज्यों के अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने की अनुमति दिए जाने से लोगों में काफी आक्रोश है। टीईटी-सीटीईटी शिक्षक संघ ने इसका कड़ा विरोध किया है। टीईटी-एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ (गोपगुट) के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार मिश्र ने कहा है बिहार के दस लाख बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देने का वादा पूरी तरह से झूठा साबित हो रहा है। सरकार एक तरफ एक लाख 70 हजार शिक्षकों की वैकेंसी निकाल कर बता रही है कि हम नौकरी का दरवाजा खोल रहे हैं। दूसरी ओर पूर्व से नौकरी में बने हुए नियोजित शिक्षकों को भी इसमें शामिल कर बिहार के नौजवानो को ठगने जा रही है।

रिक्ति के विरुद्ध अगर नियोजित शिक्षक ही बहाल हो जाते हैं तो यह नौकरी देने के नाम पर अपना पीठ जरूर थपथपा लेंगे और शोर करेंगे कि इतने लाख लोगों को नौकरी दी। लेकिन हकीकत यही होगी की नई नौकरी नहीं देकर पुराने सामान का ही नया पैकेजिंग कर बाजार में उतार दिया।

